

■ एमओएफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद - 12



■ सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख जरूरी - 12



■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- बंगाल में भाजपा जीती तो घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन- 13



■ रणजी फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ जम्मू-कश्मीर बेहतर स्थिति में - 14


आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.40
सूर्यास्त 06.11

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी 10:33 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 94, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## 'द केरल स्टोरी 2' पर रिलीज से एक दिन पहले लगी अंतरिम रोक

कोच्चि, एजेंसी

केरल हाईकोर्ट ने 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' के प्रदर्शन पर बृहस्पतिवार को अंतरिम रोक लगा दी। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने फिल्म के प्रदर्शन को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि सेंसर बोर्ड ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि फिल्म सामाजिक सद्भाव को भंग न करे। अदालत ने कहा कि ऐसी सामग्री का प्रसार, जिसमें वैमनस्य उत्पन्न करने, कानून-व्यवस्था भंग करने और यहां तक कि सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति हो, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आता है। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता श्रीदेव नंबूदरी की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका पर दो सप्ताह के भीतर विचार कर आदेश पारित करे।

● केरल हाईकोर्ट ने कहा- फिल्म सामाजिक सद्भाव भंग न करे, ये कोशिश नहीं की गई




## 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' अध्याय वाली पुस्तक पर प्रतिबंध

### एनसीईआरटी निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस, आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की उस पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम का खंड शामिल किया गया था। कोर्ट ने पुस्तक की सभी प्रतियां तुरंत जब्त करने और डिजिटल प्रतियां हटाने का निर्देश दिया। एनसीईआरटी के निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर पूछा गया कि क्यों न अवमानना और दूसरी जरूरी कार्यवाही की जाए।

कोर्ट ने इस मामले में गहन जांच की मंशा जताते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर गंभीर परिणामों और स्थाई प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ऐसा दुर्व्यवहार न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 2(सी) के अंतर्गत आपराधिक अवमानना के दायरे में आएगा। यह जानबूझकर किया गया कृत्य पाया जाता है तो न्यायिक प्रणाली में हस्तक्षेप के साथ संस्था को बदनाम करने का भी मामला होगा। कोर्ट ने उन बैठकों के ब्योरे का मूल रिकॉर्ड तलब किया, जिनमें आपत्तिजनक अध्याय पर विचार-विमर्श किया गया था और उसे अंतिम रूप दिया गया था।



● उन बैठकों का मूल रिकॉर्ड तलब जिनमें अध्याय को विचार-विमर्श कर दी गई मंजूरी

### न्यायपालिका के खिलाफ गहरी साजिश और सुनियोजित प्रयास: सीजेआई

सुनवाई के दौरान स्पष्ट रूप से नाराज नजर आ रहे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पुस्तक की सामग्री के प्रथम दृष्ट्या अवलोकन और निदेशक से प्राप्त प्रशासनिक प्रतिक्रिया के साथ इसे पढ़ने पर ऐसा प्रतीत होता है कि एक गहरी साजिश के तहत न्यायपालिका के संस्थागत प्राधिकार को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का एक सुनियोजित प्रयास किया गया है। सीजेआई ने कहा, उन्होंने आघात किया है। न्याय पालिका इससे आहत है। न्यायिक संस्था के प्रमुख के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं पता लगाऊं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुस्तक में शब्दों और अभिव्यक्तियों का चयन महज अनजाने में हुई गलती या त्रुटि नहीं हो सकता।

### सुधारों का पुस्तक में नहीं किया जिक्र

शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि पुस्तक में वर्णित विवरण में न्यायालय द्वारा शुरू की गई किसी भी परिवर्तनकारी पहल और उपायों का उल्लेख नहीं किया गया है, जिनमें न्याय तक सुगम पहुंच को सुव्यवस्थित करना और लोकतांत्रिक तानेबाने के संरक्षण में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है। इस न्यायालय द्वारा अतीत में भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के गबन आदि के लिए निंदा किए गए उच्च पदस्थ अधिकारियों की भारी संख्या को देखते हुए यह चुप्पी विशेष रूप से निंदनीय है।

### मामले में कार्रवाई की जाएगी : प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने जवाबदेही तय करने और पाठ्यक्रम के विवादास्पद अंश को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया। प्रधान ने इस बात पर जोर भी दिया कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और इस संस्था का अनादर करने का उसका कोई इरादा नहीं है। जो कुछ हुआ है उससे मैं बहुत दुखी हूं।

● पीठ ने कहा, पुस्तक में अत्यंत लापरवाही, गैरजिम्मेदाराना, अपमानजनक तरीके से लिखी बातों पर गौर करने के बजाय एनसीईआरटी निदेशक ने अपने जवाब में सामग्री का बचाव किया।

● पीठ ने कहा कि यदि यह बेरोकटोक होने दिया गया तो न्यायपालिका की शुचिता और आम लोगों के बीच उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचेगी, इससे भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों के मन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

## भारत-इजराइल के संबंधों का नया दौर विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

### मोदी की यात्रा के दौरान कृषि, ऊर्जा और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में 17 समझौते

● सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास की दिशा में काम करेंगे दोनों देश

यरुशलम, एजेंसी

भारत और इजराइल ने बृहस्पतिवार को समय की कसौटी पर खरे साबित हुए संबंधों को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और नेतन्याहू के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने व्यापार, कृषि, ऊर्जा, साइबरस्पेस और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 घोषणाएं की गईं। इनमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को इजराइल में भी लागू करने का करार भी शामिल है।



यरुशलम में प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू की मौजूदगी में किए गए समझौतों पर हस्ताक्षर।

### उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की भी घोषणा

मोदी ने एआई, क्वांटम तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को नई गति देने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने इजराइल में यूपीआई के उपयोग के समझौते पर खुशी जताई। भारत-इजराइल के बीच भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे के कार्यान्वयन और आई2यू2 (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका) के ढांचे के तहत सहयोग पर भी चर्चा हुई।

भारत और इजराइल ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के ढांचे के तहत सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन की दिशा में काम करके अपनी रक्षा साझेदारी का विस्तार करने का भी संकल्प लिया। साथ ही भारत और इजराइल ने आपसी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है।

### मोदी की झप्पी दुनिया में मशहूर: नेतन्याहू

इजराइली संसद नेसेट में अपने भाषण में नेतन्याहू ने 'मोदी झप्पी' शब्द का प्रयोग किया। नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत रूप से गले मिलना कुछ खास है और इसे पूरी दुनिया में अब 'मोदी झप्पी' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब आप किसी को इतने करीब से गले लगाते हैं तो पता चलता है कि यह वास्तविक है। नेसेट में जोरदार तालियों के बीच नेतन्याहू ने कहा कि वह यह 'झप्पी' वापस लौटाना चाहते हैं।

### भारत रवाना हुए मोदी

प्रधानमंत्री मोदी इजराइल की यात्रा समाप्त करने के बाद बृहस्पतिवार को भारत के लिए रवाना हो गए। इससे मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत-इजराइल साझेदारी आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूती रहेगी।

## रणनीतिक साझेदारी का नया इतिहास रचेंगे यूपी-जापान

● यामानाशी के गवर्नर का 200 जापानी सीईओ के साथ अगस्त में यूपी दौरे का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के बीच रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने अगस्त में 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करने का प्रस्ताव दिया, जिसका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। इसे प्रदेश में निवेश, तकनीकी साझेदारी और औद्योगिक विस्तार की दिशा में बड़ा संकेत माना जा रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार और यामानाशी प्रांत के बीच उद्योग, पर्यटन, व्यावसायिक शिक्षा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे भावी क्षेत्रों में सहयोग को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें स्वच्छ ऊर्जा नवाचार, तकनीकी आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता दी गई है।



योगी ने यामानाशी में फैनुक कॉर्पोरेशन का दौरा किया।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का निमंत्रण

यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योग जगत को यूपी में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सीखी गई तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा।

## अनिल अंबानी से ईडी ने की नौ घंटे पूछताछ, सीबीआई ने ठोंका नया केस

**नई दिल्ली।** बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी बृहस्पतिवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। उनसे नौ घंटे पूछताछ के साथ उनका बयान दर्ज किया गया। इस बीच सीबीआई ने अंबानी एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ 2013-17 के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से कथित धोखाधड़ी कर बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

ईडी ने पूछताछ के लिए अंबानी को शुक्रवार को भी तलब किया है। यह जांच उनकी कंपनी आरकॉम द्वारा 40,000 करोड़ की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। उधर, सीबीआई ने नया मामला दर्ज कर अनिल अंबानी के आवास और रिलायंस कम्युनिकेशन के पंजीकृत कार्यालयों पर छापेमारी कर ऋण लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए। सीबीआई के प्रवक्ता के मुताबिक यह मामला मंगलवार को बैंक से मिली शिकायत पर दर्ज किया गया है।



● बैंक ऑफ बड़ौदा ने की थी सीबीआई से 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी की शिकायत

## अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर हमला, 15 चौकियों पर कब्जा

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने गुरुवार रात डूरंड लाइन के पास पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू करने की घोषणा की है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर पुष्टि की कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की ओर से हाल ही में अफगान क्षेत्र में बार-बार हवाई हमलों और उकसावे के जवाब में की गई है। अफगान रक्षा मंत्रालय और सैन्य अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान की 15 अग्रिम चौकियों पर कब्जा कर लिया है। पूर्वी प्रांतों नंगरहार, कुनार और पक्तिया में भारी संघर्ष की खबरें हैं।

● पाकिस्तान के हवाई हमलों के जवाब में कार्रवाई, सीमा पर भीषण जंग

**बड़ी राहत** | नियमों में संशोधन, एयरलाइन कंपनियों को 14 दिन के अंदर रिफंड करने का निर्देश

## हवाई टिकट बुकिंग 48 घंटे में रद्द करने पर पूरा पैसा वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द करा सकेंगे या उसमें बदलाव कर सकेंगे। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ टिकट किराया वापसी के नियमों में संशोधन किया है। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए।

डीजीसीए ने यह भी कहा है कि यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। डीजीसीए ने साफ किया है कि ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में भी पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। इसके अलावा, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे। नियामक ने कहा, 48 घंटे के अंदर यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकते हैं।



### घरेलू उड़ानों में 7, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 15 दिन से कम समय होने पर राहत नहीं

डीजीसीए ने कहा, जब टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया जाता है, यह सुविधा उन उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि घरेलू उड़ानों के मामलों में बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 15 दिन से कम है। बुकिंग समय के 48 घंटे बाद यह विकल्प उपलब्ध नहीं होगा और यात्री को संशोधन के लिए टिकट रद्द कराने को लेकर संबंधित शुल्क का भुगतान करना होगा।

### चिकित्सा आपात स्थिति में भी कंपनियां करेंगी पैसा वापस या देना होगा क्रेडिट का विकल्प

चिकित्सा आपात स्थिति के कारण टिकट रद्द होने पर कंपनी पैसा लौटा सकती है या 'क्रेडिट' विकल्प दे सकती हैं। यदि यात्री या उसी पीएनआर में सूचीबद्ध कोई सदस्य यात्रा के दौरान अस्पताल में भर्ती होता है तो यह नियम लागू होगा। अन्य परिस्थितियों में यात्री की फिटनेस का प्रमाण पत्र एयरलाइन के एयरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ/डीजीसीए द्वारा सूचीबद्ध एयरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ से प्राप्त होने के बाद पैसे वापस किए जाएंगे।




अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

शाहजहांपुर

## न्यूज ब्रीफ

### सप्तम दिवस पर केवट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री राम कथा के सप्तम दिवस पर कथा व्यास अंजनी शरण महाराज ने श्री रामचरितमानस के केवट प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। सात दिनों से नगर में श्रीराम नाम का आयोजन चल रहा है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। आज के यजमान के रूप में नीरज सक्सेना, नवनीत भारद्वाज, राम प्रताप और राहुल सक्सेना उपस्थित रहे।

### बस में 22 कुंतल मूंगफली दाना पकड़ा

**तिलहर, अमृत विचार :** मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार रात टीम के साथ बाईपास चौराहे के निकट चेकिंग के दौरान दिल्ली जा रही एक प्राइवेट बस से लगभग 22 कुंतल मूंगफली दाना पकड़ा। बताया गया कि हरदोई के पिहानी निवासी शमसुद्दीन बिना टैक्स जमा किए करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक कीमत का मूंगफली दाना दिल्ली ले जा रहे थे। मंडी सचिव ने व्यापारी पर 24,849 रुपये का जुर्माना वसूला। क्षेत्र में प्राइवेट बसों का संचालन पहले से विवाद में रहा है।

### दो मार्च को होगा होली के रंग-योग के संग कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** योग विज्ञान संस्थान की ओर से दो मार्च सोमवार को सुबह छह बजे से साढ़े सात बजे तक सीतापुर नेत्र चिकित्सालय योग साधना केंद्र घंटाघर के निकट होली के रंग-योग के संग कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि होली के पावन अवसर पर प्रेम, उल्लास और उमंग के साथ योग साधना का यह परंपरागत आयोजन किया जाएगा और लोगों से सहभागिता की अपील की गई है।

### कटरी क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार तेज

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** होली पर्व नजदीक आते ही कस्बा और कटरी क्षेत्र के कई गांवों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार तेज हो गया है। बाहरिया, हरसीपुर, मधुरा, कीलापुर, हरिहरपुर, टेढ़ा, पहरुआ, अतरी निजामपुर, मौजमपुर, वीघापुर, सिठौली, जरियनपुर, पृथ्वीपुर, ढाई और सिंगहा गौटिया समेत दर्जनों गांवों में कच्ची शराब की भट्ठियां धधकने लगी हैं। जानकारों के अनुसार अवैध शराब को अधिक नशीला बनाने के लिए उसमें हानिकारक पदार्थ मिलाए जाते हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि त्योहार के दौरान यह अवैध कारोबार किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है।

# ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है: दाजी

## श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में 'बसंत उत्सव के चौथे चरण के तीसरे दिन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



दाजी से मुलाकात करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

- साधकों को दिया प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश

**अमृत विचार :** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव–2026 के चौथे चरण के तीसरे दिन आज सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश–विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान साधना कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की।

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153 वीं जयंती पर आयोजित बसंत उत्सव के अवसर पर दाजी ने समापन पर साधकों को प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ध्यान क्या है पहले हमें यह समझना है।जिस वाहन से हम अंतिम प्रज्ञा तक पहुंच सकते हैं उसका नाम ध्यान है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रतिदिन ध्यान करें, ईर्ष्या त्याग कर अपने हृदय को दिव्य प्रेम से भरें।

आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, एके गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, माया सिंह,डा.प्रसन्न कुमार, डा. एच के सिंह,डा. अभिनव सक्सेना, केएम त्रिपाठी सहित अनेक अभ्यासियों का योगदान रहा।

### केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने की दाजी से की मुलाकात, किया ध्यान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने आश्रम पहुंच कर दाजी से मुलाकात की और रामचंद्र मिशन की बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर दाजी ने शाहजहांपुर आश्रम की पचास वर्षों की यात्रा का फोटो संकलन मंत्री जितिन प्रसाद को भेंट किया। श्री प्रसाद के साथ मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, संजय सहगल, भूपेंद्र सिंह, माधो गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे। नगर निगम शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने भी दाजी से मुलाकात की और सामूहिक ध्यान सत्र में ध्यान साधना की। आश्रम परिसर में सुमन अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। महापौर अर्चना वर्मा ने सामूहिक ध्यान सत्र दाजी के सानिध्य में ध्यान साधना की।

# ददरौल के 100 विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड ददरौल के विभिन्न कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चयनित 100 छात्र-छात्राओं का शैक्षिक एक्सपोजर विजिट कराया गया।

विद्यार्थियों को गन्ना शोध परिषद, शहीद संग्रहालय और शहीद पार्क का भ्रमण कराया गया। गन्ना शोध परिषद में उन्नत प्रजातियों और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई, जबकि शहीद संग्रहालय और शहीद पार्क में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन और बलिदान से परिचित कराया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार मौर्य के निर्देशन में हुआ। एआरपी ओम प्रकाश, नवनीत तिवारी, पृथ्वीराज, हरिकिशोर द्विवेदी, नोडल शिक्षक संकुल विनय कुमार भट्ट, सहायक अध्यापक रश्मि वर्मा, अपर्णा, ज्योति रस्तोगी, डॉ. अंबिका श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, हृदेश कुमार, अनीता सक्सेना, श्रुति शर्मा, दिनेश पाल, सुशील कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार समेत कई लोग और सहयोगी मौजूद रहे।

# एडीएम एफआर ने कलान नगर पंचायत का किया निरीक्षण



कलान में निर्माणाधीन बारात घर का निरीक्षण करते एडीएम एफआर अरविंद कुमार।

संवाददाता, कलान

- रिकॉर्ड रूम में रजिस्टरों की गहन पड़ताल
- 3 करोड़ 26 लाख से बन रहे बारात घर का लिया जायजा

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार बुधवार अपराह्न करीब दो बजे के बाद कलान नगर पंचायत कार्यालय भर्रामई-चांदपुर बालाजी नगर पहुंचे। वहां चेयरमैन हरिनारायण गुप्ता और अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह अधिशासी अधिकारी के कक्ष में पहुंचे और कार्यालय संबंधी जानकारी ली।

एडीएम एफआर रिकॉर्ड रूम में भी गए, जहां मौजूद पंकज बाबू से अभिलेखों और रजिस्टरों के संबंध में बिंदुवार जानकारी ली और गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अजय मिश्रा और पंकज गुप्ता नाम के ठेकेदारों के संबंध में भी जानकारी ली तथा विकास कार्यों की निविदाओं से जुड़े अभिलेखों का मूल्यांकन किया।नगर पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के बाद उन्होंने स्टेट हाईवे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप का निरीक्षण किया। इसके बाद वह शिवधाम नगर पहुंचे, जहां 3 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन बारात घर का जायजा लिया। वहां निर्माण सामग्री देखी और बारात घर में बने खंभों की लंबाई का आकलन भी कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील प्रांगण का भी अवलोकन किया। इस मौके पर चेयरमैन हरिनारायण गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, अधिशासी अभियंता कुलदीप सिंह, नगर पंचायत के पंकज गुप्ता, गौरव बाबू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निर्धारित अवकाश अवधि में मदरसे बंद रखें : डीएमओ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएमओ ने जताई कड़ी नाराजगी



डीएमओ रोहित कुमार।

**अमृत विचार :** जनपद में संचालित मान्यता प्राप्त मदरसों में अवकाश घोषित होने के बावजूद शिक्षण कार्य जारी रखने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी मदरसे केवल उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा घोषित अवकाश सारणी के अनुसार ही संचालित किए जाएं।

उन्होंने समस्त मदरसा प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि परिषद द्वारा निर्धारित अवकाश अवधि में मदरसे बंद रखें। अवकाश के दिनों में मदरसा खुले पाए जाने की सूचना प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसका उल्लंघन शासनादेश की अवहेलना की श्रेणी में माना जाएगा। ऐसे मामलों में स्पष्टीकरण तलब करने के साथ-साथ मान्यता संबंधी कार्रवाई भी की जा सकती है। श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि सभी मदरसे परिषद की समय-सारणी, एवं अवकाश सूची का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा विभागीय स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# सीडीओ ने किया ब्लॉक का निरीक्षण

**खुदागंज, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी ने कटरा खुदागंज विकास खंड और परिसर में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित रजिस्टरों की जांच की गई और अभिलेखों की स्थिति देखी गई। कार्यालयों में संधारित पत्रावलियों का परीक्षण कर कर्मचारियों को आईडी कार्ड के साथ समय से कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड, फार्मा रजिस्ट्री और ई-केवाईसी से जुड़े कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। परिसर में लगे हरिशंकरी पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने और निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कराने के निर्देश भी दिए गए।

# अवैध कॉलोनियों पर फिर चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कॉलोनाइजर्स के साथ बैठक करते सचिव एसडीए। ● अमृत विचार

- कालोनाइजर्स संग प्राधिकरण सचिव की हुई अहम बैठक
- नियम पालन, जल संरक्षण और अवैध प्लाटिंग पर सख्ती के निर्देश

**अमृत विचार:** शहर के सुनियोजित विकास को लेकर शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने प्राधिकरण कार्यालय में शहर के प्रमुख कालोनाइजर्स के साथ बैठक की। बैठक में 19 फरवरी 2026 को जारी प्रमुख सचिव आवास एवं नियोजन के दिशा-निर्देश पढ़कर सभी को नियमों के पालन के लिए अवगत कराया गया।

सचिव ने स्पष्ट किया कि बिना लेआउट पास कराए विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर लगातार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। आगामी त्योहार के बाद कुछ और अवैध कॉलोनियां चिन्हित की गई हैं, जिन पर बुलडोजर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी इस व्यवसाय से जुड़े हैं, वे पहले प्राधिकरण से जानकारी लें, लेआउट पास कराएं और फिर प्लाटिंग करें।

बैठक में कालोनाइजर्स से शहर के नियोजित विकास को लेकर सुझाव भी मांगे गए। उन्हें आश्वस्त किया गया कि नियमों के दायरे में आने वाली सभी सुविधाएं प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी और मानचित्र पास कराने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर हर संभव सहयोग दिया जाएगा। सचिव ने निर्देश दिए कि पहले से स्वीकृत मानचित्रों के अनुसार कॉलोनियों में पार्क, सड़क और सामुदायिक स्थल खाली छोड़े जाएं। 300 वर्ग मीटर से बड़े भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लागू कराई जाए। चार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल की कॉलोनियों में एक प्रतिशत भूमि पर दो मीटर गहरा जलाशय बनाया जाए, ताकि गर्मी और हीटवेव के दौरान जल संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि सभी कालोनाइजर अपनी कॉलोनी और मुख्य द्वार पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें, जिससे राहगीरों, आम लोगों के साथ पशु-पक्षियों को भी राहत मिल सके। बैठक में किशन स्टेट के अजय अग्रवाल, सिटी पार्क के हितेश अग्रवाल, साउथ सिटी और राधे कुंज के हरगोविंद मोदी, साउथ सिटी के विजय कुमार कुमरा, मॉडल टाउन के प्रिंस गुप्ता और मेघा सिटी के जसनूद आलम मौजूद रहे। कालोनाइजर्स ने नियमों के पालन का भरोसा दिया। पोर्टल और अन्य प्रावधानों को लेकर उठी जिज्ञासाओं का समाधान बैठक के दौरान ही आवास बंधु लखनऊ से वार्ता कर कराया गया। ऐसी बैठकें आगे भी आयोजित करने की मांग की।

# संविदा चालक की भर्ती में नौ उत्तीर्ण

- 13 ने किया आवेदन, 05 अनुपस्थित, 04 फेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



संविदा चालक की भर्ती के लिए फार्म जमा करते चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** होली के पर्व को लेकर रोडवेज डिपो में संविदा चालकों की भर्ती की गयी है। 13 चालकों की बस चलाकर परीक्षा ली गयी, जिसमें 09 चालक पास हुए और 04 फेल हो गए। इव चालकों की संविदा चालक पर नियुक्ति कर ली गयी है।

स्थानीय रोडवेज डिपो में नियमित चालक 14 और 355 संविदा चालक है। जबकि 495 परिचालक है। चालकों की कमी को देखते हुए डिपो में संविदा चालकों की गुरुवार को भर्ती की गयी। संविदा चालक के 18 लोगों ने आवेदन किया था। परीक्षा के समय 05 चालक अनुपस्थित थे। इस प्रकार संविदा चालक के लिए 13 चालकों की परीक्षा ली गयी। सभी चालक के हैवी ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि देखा गया। सबसे पहले चालकों की लंबाई, वजन और आंख की रोशनी चेक की गयी। इन चालकों से दो किमी तक बस चलाकर ट्रायल लिया गया। ट्रायल में देखा गया कि गियर सही तरीके से डाल पा रहा या नहीं। 9 चालकों ने परीक्षा पास कर ली और 4 फेल हो गए। 9 चालकों की संविदा चालक के रूप में नियुक्ति कर ली गयी है। संविदा चालक पर 11 माह का अनुबंध होता है और बाद में रिनूअल होता रहता है। दो साल का हैवी वाहन चलाने का अनुभव होना जरूरी है। डिपो वरिष्ठ प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि 13 चालकों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 6 पास हो गए और 4 फेल हो गए है।

# डीएम ने कटरा नगर पंचायत का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अभिलेख सुधार, मीटिंग हॉल और ओवरहेड टैंक कार्य की समीक्षा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर पंचायत कटरा का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर जन्म और मृत्यु पटल के रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि जन्म-मृत्यु से जुड़े प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के लिए अलग दैनिक रजिस्टर तैयार किया जाए, ताकि अभिलेख सुव्यवस्थित रह सकें।

इसके बाद 15वें वित्त आयोग के तहत कार्यालय परिसर के सामने बन रहे मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया और निर्माण प्रगति की जानकारी ली। आवश्यकता अनुसार मीटिंग हॉल के रिनोवेशन का कार्य भी कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल निगम शाहजहांपुर की ओर से बन रहे ओवरहेड टैंक का भी निरीक्षण किया। अवर अभियंता ने बताया कि कार्य जून 2026 तक पूरा हो जाएगा। डीएम ने समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कृषि रक्षा इकाई के जर्जर भवन को ध्वस्त कर वहां पार्क और जनोपयोगी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। अतिक्रमण मुक्त भूमि पर दुकानों का निर्माण कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासक-अध्यक्ष रजनीश मिश्रा, उप जिलाधिकारी तिलहर सदानंद सरोज, अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम, अवर अभियंता पीयूष मिश्रा, लेखा लिपिक सुरेन्द्र कुमार गंगवार, सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे।

# निर्माण में टूटे मकान, मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी नबी सलमान।

- समाज सेवी नबी हसन के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित व्यक्ति

**अमृत विचार:** शहर के ककरा-काकर कुंड क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। निर्माण के दौरान रास्ते में आ रहे कई मकानों को तोड़े जाने के विरोध में प्रभावित परिवार समाजसेवी सलमान खान के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन दिया।

लोगों का कहना है कि उनके मकानों के सामने पर्याप्त खाली जगह मौजूद है, इसके बावजूद नाले की खुदाई और निर्माण मकानों से सटाकर किया जा रहा है। इससे कभी भी दीवारों और हिस्सों को गिरा दिया जाता है, जिससे गरीब परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार की ओर से बिना कोई पूर्व सूचना या नोटिस दिए सीधे नापजोख कर मकानों में तोड़फोड़ कर दी जाती है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि अगर प्रशासन पहले से जानकारी देता तो वे अपना सामान सुरक्षित कर लेते और वैकल्पिक व्यवस्था कर पाते। समाजसेवी नबी सलमान ने कहा कि जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, वे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं और दोबारा मकान बनवाना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि उपलब्ध खाली स्थान का उपयोग कर नाला बनाया जाए, ताकि मकानों को नुकसान न पहुंचे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें रहने के लिए वैकल्पिक आवास दिया जाए और हुए नुकसान का उचित मुआवजा तुरंत उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों ने मामले पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए एससीए की टीम घोषित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आठ मार्च से होने वाली महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में वसुंधरा सिंह कप्तान, संध्या सिंह उप कप्तान, वृंदा भसीन, शिवा यादव, आराध्या राठौर, एंजेल मिश्रा, अंशिका देवी, साफिया, आयुषी त्रिवेदी, शबनम प्रसाद, वैष्णवी श्रीवास्तव, अक्षरा वर्मा, स्तुति मिश्रा, वृद्धि गुप्ता, रितिका खन्ना आदि के अलावा अतिरिक्त खिलाड़ी मनप्रीत कौर, नैमिष को शामिल किया गया है।

कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने बताया कि 11 वर्ष से कम किसी भी लड़की का चयन नहीं किया गया है। 8 मार्च से होने वाले टूर्नामेंट के लिए शाहजहांपुर, लखीमपुर और बरेली की टीमें भाग लेंगी। मीटिंग में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक, शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्व भूषण जौहरी, सचिव आलोक मिश्रा, उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर मनोज यादव रहे।

### आवेदन के लिए 28 को ट्रायल फॉर्म की साइट खोली जाएगी

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने विभिन्न वर्ग के ट्रायल के लिए आवेदकों को एक और अवसर प्रदान किया है। जो भी क्रिकेट खिलाड़ी किसी कारणवश अपना आवेदन ऑनलाइन नहीं कर पाए थे, उनके लिए 28 फरवरी को 1 दिन के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ट्रायल फॉर्म की साइट खोली जाएगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने दी है।

खबर का असर

कैहमारिया में गोवंशीय पशुओं के मिले थे अवशेष

# बीडीओ की जांच में सचिव और प्रधान पर लापरवाही का आरोप तय

संवाददाता, खुटार

- 17 फरवरी को अमृत विचार ने खबर को किया प्रकाशित

**अमृत विचार:** गांव कैहमारिया में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने और गोशाला में अव्यवस्था की खबर को अमृत विचार ने 17 फरवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया और खुटार खंड विकास अधिकारी डॉक्टर आशीष सिंह को जांच करने के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट में सचिव व प्रधान की लापरवाही बरतने पर आरोप तय हुआ है।

अधिकारियों ने सचिव से अपना पक्ष दिए गए समय में रखने के आदेश दिए है। खुटार की ग्राम पंचायत कैहमारिया के मजरा मैदाखेड़ा में गोशाला से पांच सौ मीटर दूर रेत के टीलों के बीच झाड़ियों में 16 फरवरी को 22 से अधिक गोवंशीय पशुओं के शव और कंकाल मिले थे। लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह और खंड विकास अधिकारी डॉक्टर आशीष सिंह मौके पर पहुंचे थे और जांच की थी। बाद में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर गोवंशीय पशुओं के अवशेष दफन करा दिए थे। 17 फरवरी को दैनिक अमृत विचार अखबार ने इस खबर को बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। यह मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो खुटार बीडीओ को जांच कर रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए थे। आदेश के बाद जांच की गई। जांच में ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार की लापरवाही के कारण गोशाला में गोवंशों की मौत, गोशाला का नियमित निरीक्षण नहीं करने और न ही गोशाला में पर्याप्त भूसा, हरा-चारा है। यह मामला सामने आया है। साथ ही गोशाला की व्यवस्था ठीक न होने और पास में ही दर्जनों गोवंशो के शव, कंकाल मिलने, गोशाला का प्रबंध ठीक से न करने का ग्राम प्रधान इसराज और सचिव राजेश कुमार को दोषी मानते हुए विधि कार्रवाई की संस्तुति की गई। जबकि जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपनी रिपोर्ट भेज दी थी। रिपोर्ट के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने खंड विकास अधिकारी की जांच में तय किए गए आरोपी को सही मानते हुए सचिव राजेश कुमार को आरोप पत्र जारी कर एक सप्ताह के अंदर खंड विकास अधिकारी बंडा के समक्ष अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि यदि निर्धारित समय के अंदर सचिव ने अपना पक्ष नहीं रखा। तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सूखा भूसा के सहारे गोवंशीय पशु

कैहमारिया गोशाला में गोवंशीय पशुओं को केवल सूखा भूसा ही दिया जा रहा है। चन्नी में हरा चारा, दाना गायब है। इससे गोवंश कमजोर होकर बीमारी की चपेट में पहुंच रहे हैं और बाद में दम तोड़ रहे है। इस मामले में 18 फरवरी को दैनिक अमृत विचार अखबार ने खबर को प्रकाशित किया था। हालांकि, अधिकारियों ने यह भी मामला संज्ञान में लिया है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति पर विधिक शिविर आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी जानकारी

**अमृत विचार:** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर गुरुवार को मैसर्स कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड पिपरौला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति 2016 विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह ने की।

सचिव मनीष कुमार सिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति 2016 की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना सभी की जिम्मेदारी है। कचरे का नियमानुसार उपचार और वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाना चाहिए। उन्होंने घरेलू कचरा प्रबंधन को लेकर भी प्रतिभागियों को जागरूक किया। चीफ मैनेजर इलेक्ट्रिकल प्रदीप कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली के पीसी कन्नौजिया ने सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बैटरी वेस्ट, ई-वेस्ट और अन्य अपशिष्टों के निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। ज्वाइंट जीएम आरके श्रीवास्तव ने इंडस्ट्रियल एरिया में अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया और वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 की जानकारी साझा की।



**इफ्तार** शुक्रवार
सुन्नी : 6:13
शिया : 6:28

**सहरी** शनिवार
सुन्नी : 5:13
शिया : 5:06

# 10 दिन से लापता पशु अस्पताल के कर्मचारी का शव कूड़े के ढेर में मिला

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, मृतक की पत्नी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



घटनास्थल का निरीक्षण करती सीओ तिलहर ज्योति यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिउरा मोड़ पर कुड़े के ढेर में पशु अस्पताल के कर्मचारी का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। कर्मचारी 10 दिन से लापता थे। ड्यूटी पर जाने के बाद घर नहीं लौटे थे। परिवार वालों ने कटरा में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करने के बाद नमूना लिया। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद परिवार वालों से जानकारी की।



मृतक हसमत अली।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आतिशबजान निवासी 48 वर्षीय हसमत अली उर्फ मुन्ना कस्बा में पशु अस्पताल में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। 16 फरवरी की सुबह नौ बजे ड्यूटी के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे थे। परिवार वालों ने उनकी रिश्तेदारी आदि में तलाश की, पर उनका पता नहीं चल सका था। 19 फरवरी को नाजिश ने पति हसमत अली की कटरा थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस और परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राज मार्ग पर सिउरा मोड़ पर कूड़ों के ढेर में लोगों ने एक शव पड़ा देखा। कूड़ों के ढेर में उनकी टांग दिखायी दे रही थी। राहगीरों की भीड़ लग गयी। इस दौरान कर्मचारी हसमत अली की पत्नी को सूचना मिली तो वह परिवार के साथ मौके पर गयी। इधर सूचना मिलने पर कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कचरे से शव को बाहर निकाला। नाजिश की शव की शिनाख्त पति हसमत अली के रूप में की। प्रभारी निरीक्षक ने शव मिलने की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी।

सीओ तिलहर ज्योति यादव मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के भाई अजमत अली उर्फ भोला ने उसके भाई की किसी से रंजिश नहीं थी और अभी तक किसी पर शक नहीं है। उन्होंने हत्या की आशंका जतायी है। शव का मांस गल गया था और कीड़े पड़ गए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दोपहर बाद कार्यालय नहीं गया था

मृतक हसमत अली कस्बा में ही पशु अस्पताल में चपरासी के पद था। 16 फरवरी की सुबह ड्यूटी पर गया था। दोपहर 12 बजे खाना खाने के लिए आया। उसके बाद अस्पताल नहीं गया था। वह मोबाइल नहीं रखते थे और पैदल ही डियूटी जाते थे। शव गल जाने से चोट के निशान नहीं प्रतीत हो रहे है। दोपहर को खाना खाने के बाद कहां गए, किसी को कुछ जानकारी नहीं है।

### पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

मृतक हसमत अली की पत्नी का नाम नाजिश उर्फ गुड्डी और एक साल का पुत्र अलफेज है। परिवार में भाई और अन्य लोग है। उसने कूड़े के ढेर में पति का शव देखा तो विलख-विलख कर रो पड़ी और बेहोश हो गयी। वह रो-रोकर कह रही थी कि मेरे पति ने क्या बिगाड़ा था, जो मार डाला है। उसके पति की मौत का राज खोला जाए। परिवार वाले उसे घर पर ले गए। मृतक के घर पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गयी। लोगों की जुबान से निकल रहा था, बहुत बुरा हुआ है।

## सीओ ट्रैफिक ने सिपाहियों की लगाई फटकार

**रौसरकोठी, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन आश्रम के गेटों पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बिना अनुमति के आश्रम में आने वाले लोगों के चालान काटने और अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है।

शिकायत मिलने पर सीओ ट्रैफिक और यातायात पुलिस प्रभारी विनय पांडेय ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दी। रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंतोत्सव का कार्यक्रम होने के चलते हरदोई बाईपास चौराहे पर एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। ऐसे में हरदोई बाईपास चौराहे और आश्रम के गेटों पर यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आरोप है कि गेटों पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी आश्रम में आने वाले अभ्यासियों के वाहनों की चेकिंग कर उनके चालान काट देते हैं। वहीं आरोप है कि अवैध वसूली भी की जा रही है। आश्रम प्रबंधन की ओर से इस संबंध में पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। इस पर सीओ ट्रैफिक संजय कुमार व यातायात पुलिस प्रभारी विनय पांडेय ने मौके पर पहुंचकर पुलिस कर्मियों की फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यहां चेकिंग किए जाने का कोई आदेश नहीं है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराया जाए।

# सांसद अरुण सागर को केंद्र ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सांसद अरुण सागर।

- भारत-नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह में अरुण सागर शामिल
- ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीति मजबूत करने को बना समूह

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर को भारत-नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह का सदस्य बनाया गया है। यह जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। सांसद ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वह पूरी लगन और निष्ठा के साथ निभाएंगे।ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार ने कूटनीति और राजनीतिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से इस समूह का गठन किया था। इसमें सभी दलों के सांसदों को शामिल किया गया है, ताकि देशों के बीच रिश्ते मजबूत हों और आपसी विश्वास बढ़ सके। सांसद अरुण सागर को भारत-नॉर्डिक्स संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया गया है।नॉर्डिक देशों में डेनमार्क, फ़िनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। सांसद ने कहा कि यह पहल भारत की संसदीय कूटनीति को सशक्त करने और इन देशों के साथ संबंधों को और गहरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समूह का उद्देश्य विधायी अनुभवों का आदान-प्रदान, द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी समझ को मजबूत करना है। सांसद ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एसपी ने शहर में की गश्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने होली के पर्व को लेकर फोर्स के साथ पैदल गश्त की। उन्होंने लोगों से संवाद करके होली का पर्व शान्ति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। एसपी ने मुख्य बाजारों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र, संवेदनशील बिन्दुओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने डियूटी पर तैनात कर्मचारियों को सतर्कता वरतने के आदेश दिए। शरारती तत्वों पर नजर रखी जाए। एसपी के साथ एएसपी ग्रामीण, एएसपी सिटी, सीओ सदर, सीओ सिटी, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### निगम की जमीन पर दुकानें बनाने की शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी मोहन लाल मिश्रा ने नगर आयुक्त को पत्र देकर दुर्गा होटल के सामने डा0 अनूप कुमार अस्पताल के लिए जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण करने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की जमीन पर कुछ लोगों ने दुकानें व मकान बनाकर रास्ते को संकरा कर दिया है। जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों व मरीजों के वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त से इस गंभीर समस्या करने और उचित कार्यवाही कर अवरुद्ध मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

### युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भुड़िया कोटा खास निवासी बलवीर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि मंगलवार शाम छह बजे वह गोगेपुर मेला देखकर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में हरदीप सिंह के झाला के पास गांव के वेदराम, उसका बेटा अवनीश, बिजनेश और राम भरोसे ने उसे रोक लिया। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर कई चोटें आईं। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

### युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**तिलहर, अमृत विचार :** मोहल्ला मुस्तफाबाद में 18 वर्षीय ललिता कुमारी पुत्री रमेश कश्यप ने बुधवार रात फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि मां सुदामा देवी ने उसे किसी लड़के से बात करते देख लिया, जिस पर मां-बेटी में कहासुनी हो गई। आवेश में ललिता कमरे में गई और छत के कुंडे से फंदा लगा लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉ. ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# घर में घुसकर शादी का जबरन बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाना पर दी तहरीर

**अमृत विचार:** चौक कोतवाली में एक मोहल्ला में युवक एक घर में घुसकर कर युवती से जबरन शादी के लिए दबाव बनाने लगा। आरोप है कि जब युवती ने विरोध किया तो उसका हाथ पकड़कर जबरन ले जाने लगा। शोर शराबा सुनकर युवती के परिवार वाले पहुंच गए और आरोपी को पीटकर पुलिस चौकी अजीजगंज ले आए। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

चौक कोतवाली इलाके के एक मोहल्ला निवासी एक युवती शहर में स्थित एक निजी नर्सिंग होम में नौकरी करती है। वहीं अब्दुल्लागंज निवासी अभिषेक वर्मा भी नौकरी करता था। दोनों में बातचीत होने लगी। आरोपी शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। बुधवार की रात युवती घर पर अकेली थी। पूरा परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तभी आरोपी अभिषेक घर में घुस आया और जबरन शादी करने के लिए कहने लगा। जब युवती ने विरोध किया तो हाथ पकड़ लिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गए और आरोपी की पिटाई लगाते हुए पुलिस चौकी अजीजगंज ले आए। यहां अजीजगंज चौकी प्रभारी गोविंद सिंह ने घटना के संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

## रौसर में रास्ता बंद होने पर भड़के ग्रामीण

**रौसर कोठी, अमृत विचार:** ग्राम रौसर में रास्ते के निकास को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रास्ता बंद कर दिया, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर बृहस्पतिवार को करीब 50-60 ग्रामीण थाने पहुंचे और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बंद होने से आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। जब संबंधित लोगों से रास्ता खोलने को कहा जाता है तो वे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों ने तत्काल रास्ता खुलवाने की मांग की। शिकायती पत्र पर भगतराम, परविंदर पाल, ओमकार पाल, राममूर्ति पाल, अनूप पाल, वेदराम, रामरहीस और तिलक राम सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# हादसों में युवक की मौत, पांच लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, पुवायां



क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

- दोस्त की बहन की शादी से लौट रहा था युवक ट्रैक्टर से टकरा गई थी कार
- अन्य स्थानों पर हुए हादसों में हुए घायलों को पुलिस ने कराया भर्ती

**अमृत विचार:** क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बुधवार देर रात की है। ग्राम चकझाऊ निवासी 25 वर्षीय दिव्यांशु गौतम पुत्र प्रमोद कुमार गौतम अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होकर खुटार के लौकीखेड़ा गांव से वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि रात करीब एक बजे सुखबीर एग्रो एनर्जी के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में दिव्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। साथियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

दूसरी घटना खुटार रोड स्थित ग्राम बसखेड़ा मोड़ के पास हुई। ब्लॉक खुटार में तैनात ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद पुत्र नाथूलाल अपने साथी धीरज पुत्र रामकुमार के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी पुवायां लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद कार सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए। तीसरी घटना पुवायां नगर के बंडा रोड पर हुई, जहां लीलावती पत्नी रामपाल निवासी ग्राम लालपुर थाना गजरौला जनपद पीलीभीत अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से मायके आई थीं। सामने से आ रही बाइक से टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। चौथी घटना बंडा रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास की है। ग्राम मझिगवां निवासी विनीत कुमार अपनी बहन सहजल पत्नी पवन कुमार की विदाई कराकर दो वर्षीय भांजे ऋतिक के साथ बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में विनीत कुमार और सहजल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मासूम को मामूली चोटें आईं। दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# एआई से किसानों को त्वरित लोन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




जिला सहकारी बैंक में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन डीपीएस राठौर।

- जिला सहकारी बैंक में पैक्स कार्यों की व्यापक समीक्षा बैठक
- कंप्यूटराइजेशन की धीमी रफ्तार पर नाराजगी

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर के प्रधान कार्यालय में चेयरमैन डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में जिला की सहकारी समितियों-पैक्स की व्यापक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय अनुशासन, डिजिटल बैंकिंग और आधुनिक तकनीक के समावेश पर विशेष चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान चेयरमैन ने समितियों की अनरिकंसाइल पार्किंग राशि को विरासत डाटा के रूप में वर्गीकृत कर तत्काल मिलान करने के कड़े निर्देश दिए। पैक्स कंप्यूटराइजेशन और ई-केसीसी के माध्यम से ऋण वितरण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए इसे युद्ध स्तर पर पूरा करने को कहा। ऋण ब्याज अनुदान की समयबद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि शाहजहांपुर के किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिल सके।

रबी-खरीफ फसलों के लिए ऋण वितरण लक्ष्यों और बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए वाकया और विवादित ऋणों के निपटारे के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए गए। चेयरमैन ने कहा कि शाहजहांपुर सहकारिता क्षेत्र में एआई-कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर भविष्य की कार्ययोजना तैयार की गई है और किसानों को तकनीक से जोड़ना मुख्य लक्ष्य है। एआई और कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सहकारी व्यवस्था स्थापित की जाएगी। भारत सरकार की परियोजना के नामित वरिष्ठ परामर्शी विवेक कुमार गुप्ता ने बी-पैक्स को ई-पैक्स में रूपांतरित करने के सुझाव दिए और अनरिकंसाइल राशि का चिन्हांकन कर परिचालन प्रक्रिया का पालन करने पर बल दिया। बैठक का संचालन मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने किया। बैठक में एआर कोआपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह, जिला सहकारी अधिकारी दिनेश कुमार, शिवरतन लाल, संजय सिंह, ओमप्रकाश मौर्य, उप महाप्रबंधक राजेश कुमार कुशवाहा, शकील अहमद और समितियों के सचिव उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कलान, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में बुधवार रात करीब दस बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय सुधीर पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम मुगर्रा थाना उसहैत गंभीर रूप से घायल हो गए। वह गांव जखिया से दावत खाकर बाइक से लौट रहे थे। कलान-गढ़िया छवि मार्ग पर धर्मपुर गांव के पास सामने से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पीआरबी और एंबुलेंस ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल बदायूं रेफर किया गया। परिजन अस्पताल पहुंचे।

## सिटी डायरी

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के गांव अमनपुर गौटिया निवासी अजयवीर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका दो मंजिल मकान है। एक मंजिल में उसकी मां और दूसरी मंजिल में वह परिवार के साथ रहता है। 29 जनवरी को वह पत्नी और बच्चों के साथ बाहर गया हुआ था। 02 फरवरी को चोरों ने एक मंजिल के कमरे का ताला तोड़ दिया। चोर उसकी मां मीना देवी का सोने की चेन, कुण्डल, अंगूठी, एक जोड़ी पायल, 30 हजार रुपये चुराकर ले गए। 16 फरवरी को उसकी बहन और मां ने देखा कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चार जुआरी पकड़े गए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन के थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को सूचना मिली कि मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में नदी के किनारे कुछ लोग जुआ खेल रहे है। पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गए जुआरी सरायकाइया के आकाश, कौशल यादव, अरुण यादव, ब्रजेश है। पुलिस ने फड़ से 14 हजार 160 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने सभी का चालान कर दिया।

### कॉलेज में घुसकर बाहरी बनाते हैं छात्राओं का वीडियो

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट क्षेत्र में स्थित एक कालेज में बाहरी युवक घुस जाते है। आरोप है कि युवक छात्राओं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते है। कांट थाना क्षेत्र के गांव रावतपुर के एक युवक अपने दो साथियों के साथ कालेज में घुस जाता है। आरोप है कि छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते है और छात्रों की रैगिंग भी करते है। विरोध करने पर आरोपी छात्रों को जान से मारने की धमकी देते है। कई छात्राओं से कालेज के प्राचार्य से शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहा हूं।

### अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीओ सिटी पंकज पंत ने कार्यालय में बड़े लाट साहब के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जुलूस से पहले ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाए। संवेदनशील स्थानों बेरीकेडिंग करायी जाए, जुलूस वाले दिन अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में सदर बाजार और चौक कोतवाली क्षेत्र के चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### अपराधी तमंचा व बाइक समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह गुरुवार की सुबह साढ़े छह बजे सूचना मिली कि शातिर अपराधी सुबेक वर्मा निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली ककरा पुल के पास खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस तथा बाइक बरामद की है। पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया था। अभियुक्त के ऊपर विभिन्न धाराओं के 19 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

### वारंटी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त शिवम निवासी मानूजई कोतवाली के खिलाफ एक मुकदमें कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### इंटर की परीक्षा में 134 रहे गैर हाजिर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में हुई इंटरमीडिएट की कृषि भौतिकी, कृषि जंतु विज्ञान परीक्षा में कुल पंजीकृत 447 छात्रों में से 418 उपस्थित रहे। जबकि 29 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। गुरुवार को प्रथम पाली में पंजाबी, सिंधी विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 11 छात्रों में से 09 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 02 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल पंजीकृत 2180 छात्रों में से 125 अनुपस्थित रहे। जबकि 2035 छात्रों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई।

### छात्राओं का पीछा करने पर 3 धरे गए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र में एक कालेज की कुछ छात्राएं बुधवार की दोपहर परीक्षा देकर चार पहिया वाहन से लौट रही थी। एक कालेज के तीन छात्र बाइक से छात्राओं का पीछा करने लगे। छात्र बार-बार चार पहिया वाहन के आगे-पीछे कर रहे थे। चालक ने कांट थाना में आकर बाइक सवार छात्राओं की सूचना दी। पुलिस ने तीनों छात्रों को दबोच लिया। पुलिस ने छात्रों के परिवार वालों को थाना पर बुलाया। तीन छात्र नाबालिग होने के कारण हिदायत देकर परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया।

### गन्ना सीड किट की वितरित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने प्रदेश के लगभग 45 जिलों के किसानों को नवीन विकसित गन्ना किस्म को शा 19231 के 1,58,900 सिंगल बड मिनी सीड किट वितरित किए। परिषद के निदेशक वीके शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2025 में विकसित यह किस्म उच्च उत्पादन क्षमता और अधिक चीनी परता के लिए जानी जाती है। इसकी पेड़ी क्षमता अच्छी है और यह क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुकूल व रोगों के प्रति सहनशील है।

# जमीन के विवाद में किया पथराव, युवक घायल

**जैतीपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मकरंदपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार दोपहर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि छत से ईंट-पत्थर फेंके जाने से एक युवक घायल हो गया और उसके सिर में गंभीर चोट आई। घायल प्रेम कुमार ने अपने चाचा और दो चचेरे भाइयों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की। प्रेम कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपने घर पर मौजूद था। उसी समय उसके चाचा और दो चचेरे भाई अपने मकान की छत पर चढ़ गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उसके घर की ओर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इसी दौरान एक ईंट उसके सिर में आकर लगी, जिससे उसका सिर फट गया। प्रेम कुमार का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर चाचा पक्ष उससे रंजिश रखता है और पहले भी कई बार धमकी दे चुका है। सूचना पर पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया।

### डीजे पर विवाद में दूल्हे का ममेरा भाई घायल

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार-बंडा रोड पर नगरा गांव के पास एक वाटर पार्क में बुधवार रात शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस को लेकर वर-वधू पक्ष में विवाद हो गया। द्वारचार और जयमाल के दौरान धक्का-मुक्की में पीलीभीत जिले के घुंघचिहाई के गांव गुलरिया भूपसिंह निवासी 17 वर्षीय नितिन कुमार पुत्र अनूप कुमार घायल हो गया। किसी ने युवक की मौत की सूचना पुलिस को दे दी। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह, पुलिस बल के साथ पहुंचे। जांच में मौत की सूचना गलत निकली। डीजे बंद कराकर कब्जे में लिया गया और एक युवक को हिरासत में लिया गया।

## कार न मिलने पर बहू को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी मोनी ने पति संजीव कुमार निवासी भरतपुर पैलानी थाना मिर्जापुर समेत आठ लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोनी ने बताया कि छह वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि कम दहेज को लेकर ससुराल पक्ष कार और 30 हजार रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर पति की दूसरी शादी कराने की धमकी दी। पीड़िता का उत्पीड़न किया। इसके बाद पीड़िता को घर से निकाल दिया। इधर थाना पुवायां के गांव बनगवा निवासी सोनू ने थाना तिलहर में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन लेखरानी की शादी दो वर्ष पहले शिवम निवासी जोगीपुर से हुई थी। आरोप है कि 23 फरवरी को कम दहेज को लेकर ससुराल वालों ने उसकी बहन को मारपीट कर छत से धक्का दे दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# 614 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**खुटार, अमृत विचार:** खुटार-बंडा रोड पर ओवरब्रिज के नीचे बुधवार शाम गश्त के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। तलाशी में लखीमपुर खीरी के उचौलिया निवासी आशीष गुप्ता के पास से 356 ग्राम और शाहजहांपुर के कटरा क्षेत्र के गांव सहजना निवासी ज्ञानेंद्र शर्मा के पास से 258 ग्राम अफीम बरामद हुई। कुल 614 ग्राम अफीम, दो एंड्रॉयड मोबाइल और एक बाइक पुलिस ने जब्त की। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे अफीम खुदागंज निवासी विक्रम से करीब 75 हजार रुपये में खरीदकर लाए थे और तिकुनियां खुटार पर सुमित नामक युवक को बेचने वाले थे। सुमित को वे शक्ल से पहचानते हैं, पूरी जानकारी नहीं है। आशीष गुप्ता पर शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में कई मामले दर्ज हैं, जबकि ज्ञानेंद्र शर्मा पर खुटार थाने में एक मामला दर्ज है।

### डीजल चोरी में प्रधान पुत्र समेत तीन पकड़े

**तिलहर, अमृत विचार :** सुधा पत्नी सर्वेश निवासी गांव गुलामखेड़ा ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके पति सर्वेश पिकअप गाड़ी से टॉवर पर डीजल रिफिलिंग का कार्य करते हैं। 23-24 फरवरी की रात सर्वेश ने पिकअप घर के पास खड़ी की थी, जिसमें 220 लीटर डीजल रखा था। आरोप है कि गांव के हिमांशु, रचित और मोहित ने डीजल चोरी कर लिया। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर तीनों को गांव के पास से गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर 90 लीटर डीजल बरामद किया। शेष डीजल की तलाश में पुलिस जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन छात्रों ने छोड़ी इंटर भूगोल परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड 12 वीं की भूगोल विषय की परीक्षा 3 केंद्रों पर हुई। परीक्षा में पंजीकृत 53 छात्रों में से 50 उपस्थित रहे। जबकि 03 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। सीबीएसई बोर्ड से जुड़े राजीव मोहन पांडे ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं इन दोनों जिले में बनाए गए नौ परीक्षा केंद्रों पर चल रही हैं। शुक्रवार को इंटर भूगोल की परीक्षा एसएसएमवी, केंद्रीय विद्यालय नं एक, केन्द्रीय विद्यालय नं दो में परीक्षा हुई। आज हाई स्कूल की परीक्षा नहीं थी।

### क्राउन क्लब ने सीसीए को 10 रन से हराया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मयूर स्पोर्टिंग की ओर से जीएफ कॉलेज मैदान पर चल रहे शहीद ठाकुर रोशन सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को क्राउन क्लब ने सीसीए पुवायां को 10 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का टास क्राउन क्लब ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट होकर 141 रन बनाए। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए सीसीए पुवायां की टीम 20 ओवर में 131 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच हद को घोषित किया गया। मैच के अंपायर मयूर खन्ना एवं प्रिंस सक्सेना थे। ऑनलाइन स्कोरिंग अमित चौधरी ने की।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में युवक का शव छत पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। किला थाना क्षेत्र के कुचा सीताराम निवासी संजीव गुप्ता ( 38 ) घर पर मां के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि संजीव की मां बाहर गई हुईं थीं। दो दिन तक संजीव भी पड़ोसियों को दिखाई नहीं दिए। गुरुवार को पड़ोसियों को छत पर बने कमरे से तेज दुर्गंध आने लगी तो अनहोनी की आशंका हुई। सूचना पर पुलिस जब छत पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा खुलवाकर देखा तो संजीव का शव गमछे के सहारे कुंडी से लटका मिला। पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### डॉ. इन्दु अजनबी करेंगे भारत-नेपाल साहित्य सम्मेलन का संचालन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वाराणसी में 12 से 14 मार्च तक पोद्दार भवन दुर्गा कुण्ड में आयोजित त्रिदिवसीय भारत-नेपाल साहित्य मैत्री सम्मेलन में स्थानीय कवि और मंच संचालक डॉ. इन्दु अजनबी को काव्य पाठ और संचालन के लिए आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में नेपाल समेत कई राज्यों के कवि और साहित्यकार भाग लेंगे। डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी, डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री, डॉ. मयंक भूषण पांडेय, अजय अवस्थी, राशिद हुसैन राही ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# नरसी का भात प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

## मुमुक्षु आश्रम में श्रीरामकथा के तीसरे दिन उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** श्रीरामकथा के तीसरे दिन मुमुक्षु आश्रम परिसर भक्ति और भावनाओं से सराबोर हो उठा। कथाव्यास संत विजय कौशल ने नरसी का भात प्रसंग का हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उनके भावपूर्ण कथन से श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।


प्रवचन करते संत विजय कौशल।

उन्होंने बताया कि कृष्णभक्त नरसी मेहता अत्यंत निर्धन थे और अपनी पुत्री नानीबाई का भात भरने में असमर्थ थे। ससुराल पक्ष की ओर से लंबी मायरा सूची भेजी गई थी। समाज में उपहास के बीच नरसी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया। अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण धनी सेठ के रूप में प्रकट हुए और भव्य मायरा भरकर नरसी की लाज रखी। इसके बाद देवर्षि नारद और भगवान विष्णु का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि इंद्रदेव ने कामदेव को तपस्या भंग के लिए भेजा, लेकिन असफल रहे। अहंकार में आए नारद का भगवान विष्णु ने विश्वमोहिनी स्वयंवर के माध्यम से मान भंग किया। अंत में नारद के श्राप के कारण श्रीराम अवतार में माता सीता का वियोग हुआ। कथा के अंत में बाबा भोलेनाथ मेरी नैया तो उबारो भजन पर श्रद्धालु झूम उठे।

- संत विजय कौशल ने किया मार्मिक वर्णन

तीसरे दिन के मुख्य यजमान डॉ केके शुक्ला और मधुरानी शुक्ला रहे। कथा का समापन श्रीराम की आरती से हुआ। प्रसाद वितरण कमलेश त्रिवेदी और मधुलिका त्रिवेदी की ओर से किया गया। कार्यक्रम में स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सर्वेश्वरानंद, स्वामी अभेदानंद, स्वामी गंगेश्वरानंद, राजीव कृष्ण अग्रवाल, एबी सिंह, अशोक अग्रवाल, विष्णु बंसल, राजेंद्र गोयल, वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र सिंघल, डॉ. अमीर सिंह यादव, प्रो. अवनीश मिश्र, प्रो. आरके आजाद, प्रो. अनुराग अग्रवाल, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, मेजर अनिल मालवीय, प्रो. देवेंद्र सिंह, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, डॉ. पवन गुप्ता, शिवओम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सभी ब्लॉकों के फार्मासिस्टों को दिया कुष्ठ रोग का प्रशिक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा के आदेश पर एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ मोहन झा के निर्देशन में जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ सुधीर कुमार गुप्ता ने जिला चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय एवं समस्त ब्लॉकों के फार्मासिस्टों को कुष्ठ का प्रशिक्षण दिया । कुष्ठ की प्रचार सामग्री का वितरण कर उसके लक्षण ,पहचान चिन्ह एवं इलाज के विषय में विस्तार से जानकारी दी । कुष्ठ रोग एक अन्य रोगों की तरह ही सामान्य रोग है जो एमडीटी खाने से पूर्णतया ठीक हो जाता है । कुष्ठ रोग की जांच एवं उपचार जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क है । राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य है कि कुष्ठ से कोई भी विकलांग ना हो और किसी भी बच्चे को कुष्ठ रोग न हो । इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए कुष्ठ विभाग जनमानस के बीच गोष्ठियों के माध्यम से कुष्ठ के विषय में समाज को जागरूक कर रहा है एवं कुष्ठ उन्मूलन के लिए अधिक से अधिक प्रयास कर रहा है।

# अहमद शाह मियां के कुल में हुआ रोजा इफ्तार


मोहल्ला हयातपुरा में हजरत अहमद शाह मियां के कुल में शामिल जायरीन।

संवाददाता, शाहजहांपुर

- कुल में शामिल जायरीनों ने मुल्क की तरक्की की दुआ की

**अमृत विचार :** मोहल्ला हयातपुरा में हजरत अहमद शाह मियां के कुल में शामिल जायरीन ने मुल्क की खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। कुल के बाद रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया गया। बुधवार की शाम को हजरत अहमद शाह मियां के सालाना उर्स के मौके पर कुल शरीफ का आयोजन किया गया। मस्जिद के इमाम मोहम्मद उस्मान ने कुरआन की तिलावत से महफिल का आगाज किया। इसके बाद नात व मनकबत पेश की गई। शकील खां व नजीब खां की निगरानी में हुए कुल शरीफ में कुरआन शरीफ की आयतें पढ़कर फातिहा पेश की गई। मौलाना मोहम्मद उस्मान ने मुल्क की खुशहाली और सलामती के लिए दुआ मांगी।

इसके बाद जायरीन को रोजा इफ्तार कराया गया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। इस दौरान आसिम खां, शाहिद खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष तनवीर खां, शारिक जमाल आदि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## कन्हैया गुलाटी पर ठगी में एक और रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** कैनविज कंपनी के मालिक पर लगातार धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पिछले दिनों एसएसपी अनुराग आर्य ने उसकी हिस्ट्रीशीट खोली थी। कन्हैया गुलाटी पर अब तक करीब 50 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। एसएसपी के आदेश पर किला थाने में कन्हैया गुलाटी के खिलाफ 3. 64 लाख रुपये की ठगी के आरोप में एक और रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

किला थाना क्षेत्र के जकाती मोहल्ले के रहने वाली अंजना उपाध्याय ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में उसके मालिक कन्हैया गुलाटी के कहने पर 3 लाख 64 हजार रुपये का निवेश किया था। इसमें उसे छह चेक मिले थे, लेकिन कन्हैया गुलाटी ने सभी चेक वापस लेकर 1 लाख 82 हजार रुपये का एक चेक दिया था। बाकी के पैसे देने के लिए वह टालमटोल करने लगा। महिला ने बताया कि कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी ने उससे 3 लाख 64 हजार रुपये की ठगी कर ली। उसके बाद कन्हैया गुलाटी भूमिगत हो गया।

# मीरवैश्यपुर में लगा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य मेला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से 26 फरवरी 2026 गुरुवार को ददरौल क्षेत्र के ग्राम मीरवैश्यपुर में निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विधायक ददरौल अरविन्द कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने शिविर का अवलोकन किया और मेडिकल कॉलेज की टीम की सराहना करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र में लगातार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को घर-घर जागरूक करना और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देना सराहनीय पहल है।


निशुल्क स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक अरविंद सिंह।

स्वास्थ्य मेले में कुल 711 मरीजों ने पंजीकरण कराया। 124 मरीजों की ब्लड शुगर जांच और लगभग 197 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निशुल्क की गई। 635 मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए गए। स्वास्थ्य टीम और पीआरओ ने लोगों को नियमित जांच कराने और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी। बताया गया कि 200 रुपये में एक वर्ष के लिए मान्य यह कार्ड बनता है, जिससे ओपीडी पर्चा निशुल्क, दवाइयों व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट, भर्ती फाइल निशुल्क, सामान्य ऑपरेशन पर 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत छूट मिलती है। पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर और मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से हुआ आयोजन
- 711 मरीजों ने कराई जांच, सैकड़ों को दवाएं और जांच सुविधा
- विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

आईसीयू, वेंटिलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड सहित सभी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। शिविर में रतन सिंह चौहान, नागेन्द्र सिंह चौहान, अभय सिंह, सत्यपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा। सामान्य रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा नाक-कान-गला रोग विभाग के डॉ. गौरव सिंह, डॉ. अभिषेक, डॉ. मुस्ताक, डॉ. वंशिका, डॉ. अंजू, पीआरओ विपिन शर्मा, अतुल गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह में छात्राओं की नाटिका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** आर्य महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्राओं की ओर से लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। नाटिका का निर्देशन डॉ. संजीत अग्रवाल और डॉ. ज्योति गुप्ता की ओर से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर रूपांशु माला ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर सावधानी और नियमों का पालन हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। तेज रफ्तार, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना हादसों को न्योता देता है। नाटिका के माध्यम से सरगम वर्मा, रिया वाजपेई, शिखा वर्मा, पुष्पांजलि सिंह, शिवानी गुप्ता और आकांक्षा वर्मा ने प्रभावी अभिनय किया। छात्राओं ने सरल और संदेशात्मक प्रस्तुति के जरिए वाहन की गति नियंत्रित रखने, सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट पहनने का महत्व समझाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं और महाविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे। प्रस्तुति के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।


नाटिका प्रस्तुत करती छात्राएं। • अमृत विचार

- आर्य महिला महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### टेंपो चालकों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**उझानी, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप चौक पर ठेले खोमचे वालों और दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर टैंपो चालकों ने विरोध जताते हुए पालिका ईओ को ज्ञापन सौंपा। टैंपो चालकों का कहना था कि महाराणा प्रताप चौक पर दुकानदारों के ,द्वारा स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है। ठेले खोमचे वाले भी दिन भर रोड पर जमे रहते हैं। जिसकी वजह से चौराहे पर रोजाना जाम रहता है।

# माफिया पर दर्ज मुकदमों में तत्काल करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईजी ने समीक्षा बैठक में रेंज के एसएसपी व एसपी के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** डीआईजी अजय कुमार साहनी ने गुरुवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में रेंज के जिले बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें माफिया पर दर्ज मुकदमों में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए जेल भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने को कहा। साथ ही कहा कि हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण जैसे मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए। ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन,ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत की गयी कार्रवाई की जानकारी ली। साइबर हेल्प-डेस्क के क्रियान्वयन और साइबर क्राइम के प्रभावी रोकथाम पर बल दिया। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, मुख्यालय स्तर-, शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। होलिका दहन स्थलों को चिन्हित करने और पूर्व में विवादित स्थलों का भ्रमण कर पर्याप्त पुलिस बल लगाने को कहा। होलिका दहन के समय अग्निशमन व्यवस्था को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। कहा कि अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# प्रतियोगिता में लिया हरियाली का संकल्प


स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** नगर निगम की ओर से स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत लोधीपुर स्थित एएनएमटीसी सेंटर में विशेष वृक्षारोपण और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वार्डों में साफ-सफाई के साथ हरियाली बढ़ाने के लिए जनभागीदारी को मजबूत करना रहा।

नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, वार्ड पार्षद रुपेश वर्मा अन्नू और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान स्वच्छता को लेकर नागरिकों की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया। पार्षद रुपेश वर्मा अन्नू ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल अंक पाने की होड़ नहीं है, बल्कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने का साझा प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में कूड़ा पृथक्करण, नियमित सफाई और हरित क्षेत्र बढ़ाने जैसे मानकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में एएनएम सेंटर की छात्राओं को कूड़ा अलग-अलग रखने, घर पर खाद बनाने और दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के तरीके बताए गए। उन्हें समझाया गया कि यदि हर व्यक्ति अपने घर और आसपास की सफाई का जिम्मा निभाए, तो पूरा वार्ड अपने आप साफ-सुथरा बन सकता है। अंत में यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ वार्ड ही स्वच्छ शहर की नींव है। प्रतियोगिता के माध्यम से वार्डों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात

**खुटार, अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णराज गुरुवार को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व ब्लाक प्रमुख और अन्य नेताओं के घर पहुंचीं और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने तहसील बार संघ के पूर्व अध्यक्ष जय शंकर अवस्थी के घर जाकर उनकी पत्नी शीला देवी के निधन पर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद वह पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज त्रिवेदी के आवास पहुंचीं और उनके पिता राजेंद्र त्रिवेदी पूर्व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक के निधन पर शोक जताया। मोहल्ला कोट में ध्यानू सिंह के घर उनकी माता के निधन पर तथा चांदपुर गांव में राजू के घर जाकर भी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित के कोल्ड स्टोर पहुंचकर नव प्रतिष्ठान के शुभारंभ की बधाई दी। इस दौरान देवेश गुप्ता एडवोकेट, नमित दीक्षित, विजय शंकर अवस्थी सोनू, अखिलेश मिश्र और विनोद वर्मा मौजूद रहे।

## चालक परिचालकों ने ग्रहण की संघ की सदस्यता

**बदायूं, अमृत विचारः** गुरुवार को रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक रोडवेज वर्कशॉप में हुई। जिसमें 50 चालक परिचालकों को संघ की सदस्यता दिलाई। संघ के शाखा अध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने पुष्पेंद्र सिंह, कुमारी मन भाया, नेहा, अंकित दिवाकर, विमल मौर्य, हरविंदर सिंह, महावीर सिंह, वी.के कंचन, सौरभ शर्मा, कुमारी राखी, कुमारी रूचि, कुमारी सविता आदि सदस्य नामित किया। नए सदस्यों को क्षेत्रीय मंत्री रविंद्र पांडे ने शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर राम कुमार उपाध्याय क्षेत्रीय अध्यक्ष, प्रदीप कुमार गुप्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री सहित अन्य मौजूद रहे।

# लंबी अवधि से अनुपस्थित 43 डॉक्टरों की समाप्त करें सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर ने कहा एक बार बुलाने पर सेवाएं देने न आएं तो बाहर का रास्ता दिखाएं
- मंडलीय समीक्षा में जिलाधिकारियों को स्वास्थ्य योजना की समीक्षा के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** बरेली मंडल में 43 सरकारी डॉक्टर लंबी अवधि से अनुपस्थित चल रहे हैं। इस वजह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। सबसे ज्यादा 20 डॉक्टर बरेली में अनुपस्थित हैं। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने गुरुवार को मंडलीय समीक्षा बैठक में चारों जिलों के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन डॉक्टरों से संपर्क करें और इनके बारे में सूचना प्रसारित कराएं, फिर भी ये डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं आते हैं तो इन्हें सेवा से मुक्त करने की कार्रवाई करें ताकि शासन को पदों के सापेक्ष रिक्त पदों की सूचना भेजी जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने समीक्षा बैठक में कमिश्नर को जानकारी दी कि बरेली में 20, बदायूं और पीलीभीत में 9-9 व शाहजहांपुर में 5 डॉक्टर लंबी अवधि से अनुपस्थित चल रहे हैं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में किए गए व्यय की जानकारी लेने के बाद संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गए कि व्यय धनराशि से हुए कार्यों की समीक्षा जिला स्वास्थ्य समिति में करें।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान संयुक्त कृषि निदेशक ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत निर्देश दिये कि कोई भी जनपद स्टेट एवरेज से कम न रहे। पीएम कुसुम योजना की समीक्षा में पाया कि बरेली में शत-प्रतिशत कार्यक्रम पूरा हो चुका है। कमिश्नर ने 28 फरवरी तक अन्य तीनों जनपदों को शत-प्रतिशत कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों, सैम-मैम, पोषक आहार वितरण की जानकारी ली। निर्देश दिए कि पोषक आहार में गुणवत्ता बनाए रखने की दृष्टि से समय-समय पर जांच कराएं। मुख्यमंत्री युवा रोजगार अभियान में बरेली और शाहजहांपुर के टॉप टेन में होने पर अन्य जिलों को भी गति लाने के निर्देश दिये। आईजीआरएस की समीक्षा में बताया कि तीन बिंदुओं पर सी ग्रेड मिला जो आबकारी और स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन से जुड़ा है। प्रदूषण संबंधी शिकायतों में प्रदूषण बोर्ड, नगर निगम और बीडीए को संयुक्त रूप से कार्रवाई कर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएम बरेली अविनाश सिंह, डीएम बदायूं अवनीश राय, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ देवयानी, पीलीभीत व शाहजहांपुर के सीडीओ सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैनामों की जांच कराने के निर्देश

कमिश्नर ने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को बैनामों की जांच कराने के भी निर्देश दिये। राजस्व वसूली की समीक्षा में परिवहन विभाग ने बताया कि बदायूं जनपद स्टेट एवरेज से नीचे है, वसूली में बरेली को छोड़कर शेष में शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। विद्युत विभाग को मुख्य देय/विविध देय में गति लाने के निर्देश दिये।

### लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश, जिलाधिकारी करें समीक्षा: कमिश्नर

राजस्व वादों में पांच वर्ष से ज्यादा अवधि वाले व तीन से पांच वर्ष के लंबित वादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने समस्त तहसीलों में कोर्ट नियमित चलने के संबंध में जानकारी लेकर निर्देश दिये कि कोई समस्या आने पर जिलाधिकारी के संज्ञान में लाएं। साथ ही रीयल टाइम खतौनी, चकबंदी, ई. ऑफिस, रेरा की आरसी वसूली की भी समीक्षा की।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

**न्यूज ब्रीफ**

### बाजार में उचक्कों ने महिला का पर्स किया चोरी

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का तहसील रोड पर लगने वाली साप्ताहिक बाजार में उचक्कों ने पर्स चोरी कर लिया। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गांव दिधौनी निवासी ममता पत्नी रामप्रकाश ने बताया कि वह गुरुवार दोपहर करीब दो बजे अपने गांव से तहसील रोड पर साप्ताहिक बाजार में घरेलू सामान खरीदने गई थी। बाजार में खरीदारी के दौरान किसी अज्ञात उचक्के ने उनका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में करीब दो हजार रुपए, सोने के कुंडल तथा अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। घटना का पता चलने पर उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन पर्स का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़िता ने पुलिस को अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है।

### युवक के साथ जा रही किशोरी को पकड़ा

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** घर से हाईस्कूल की परीक्षा देने निकली छात्रा स्कूल से पांच किमी दूर प्रेमी के साथ ई-रिक्शा पर जाती मिली। रिश्तेदार ने पकड़कर परिजनों को सूचना देकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने छात्रा को उसके परिजनों को सौंप दिया। कस्बा कुंवरगांव निवासी एक छात्रा परीक्षा देने के लिए यूनिफॉर्म में गई थी। परीक्षा के बाद एक रिश्तेदार ने उसे सिविल लाइन क्षेत्र की शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी के पास ई-रिक्शा में देखा। वह दोनों हिमाचल प्रदेश जाने की तैयारी में थे। रिश्तेदार ने दोनों को। पकड़कर पुलिस को सौंपा। वह दोनों नाबालिग हैं। लड़का दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। यूनिफॉर्म में होने की वजह से चौकी पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। चौकी प्रभारी योगराज सिंह ने बताया कि दोनों नाबालिग हैं। परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिए हैं। परिजनों ने थाने में तहरीर नहीं दी है।

### युवक की मौत मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बिसौली, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने 20 फरवरी को कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मुसिया नगला आए गांव मई निवासी सत्यपाल की मौत हो गई थी। मृतक के परिजन सिरौली क्षेत्र के गांव बड़ा गांव निवासी रिश्तेदारों को मौत का जिम्मेदार बता रहे थे लेकिन पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी। मृतक के पिता ओमकार बुधवार को बड़ागांव निवासी रामेश्वर, गुड्डू, आदेश और जितेंद्र के खिलाफ तहरीर दी।

# पोषाहार वितरण न करने वाली 179 आंगनबाड़ी वर्कर्स की होगी सेवा समाप्त

## डीपीओ ने कार्रवाई करते हुए जारी किया सेवा समाप्त का नोटिस, 663 का मानदेय रोका

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- बाल विकास विभाग द्वारा फेस रीडिंग के आधार पर बच्चों और महिलाओं में बांटा जा रहा पोषाहार
- फेस रीडिंग के तहत मात्र 67 प्रतिशत आंगनबाड़ी वर्कर्स ने बांटा है पोषाहार
- जिले के 2940 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 177950 बच्चों और महिलाओं का हुआ है डाटा फीड

**अमृत विचार:** पोषाहार वितरण न करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ बाल विकास विभाग ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 179 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवा समाप्त करने का नोटिस जारी किया है। वहीं 663 का मानदेय रोक दिया है। विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने से आंगनबाड़ी वर्कर्स में हड़कंप मच गया है।

जिले में 2940 आंगनबाडी केंद्र संचालित हैं। इनमें पंजीकृत 0 से 6 साल के बच्चों और गर्भवती महिलाओं और धात्रियों को शासन की नई व्यवस्था के तहत फेस रीडिंग के आधार पर पोषाहार में दलिया, दाल और खाद्य तेल का वितरण किया जाना शुरू हो गया है। विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले के सभी केंद्रों पर फेस रीडिंग के तहत 1,77950 0 से 6 साल के बच्चों और गर्भवती महिलाओं और धात्रियों का ही आधार सीडिंग, ई-केवाईसी हुई है। फेस रीडिंग के तहत ही पोषाहार का वितरण केंद्रों पर हो रहा है। फरवरी माह में फेस रीडिंग के आधार पर 663 आंगनबाड़ी वर्कर्स के द्वारा 67 प्रतिशत ही पोषाहार का वितरण किया गया है। केंद्रों पर अभी 30 प्रतिशत से अधिक पोषाहार पड़ा हुआ है। जिसका वितरण आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा नहीं किया जा रहा। जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 179 वर्कर्स को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया है। साथ ही 663 आंगनबाड़ी वर्कर्स मानदेय रोक दिया है।

### इनकी होगी सेवा समाप्त

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 179 केंद्रों पर पोषाहार का वितरण मात्र 10 प्रतिशत हो सका है। ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी वर्कर्स की सेवा समाप्त की जाएगी। उन्हें नोटिस जारी किया गया है। इनमें दातागंज ब्लॉक के गांव बिहारीपुर की सीमा, ब्लॉक जगत के गांव खुनक की कमलेश, जगत की आरती कुमारी, कादरचौक ब्लॉक के गांव लालपुर नगरिया की पाना देवी, सहसवान ब्लॉक के गांव सेमरा बनवीरपुर की परवीन सहित 179 आंगनबाड़ी वर्कर्स को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है।

### तीन ब्लॉकों में वितरण की स्थिति गंभीर

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषाहार वितरण में सबसे अधिक लापरवाही तीन ब्लॉकों की है। इनमें जगत में कुल 46 प्रतिशत, उसावां में 57 प्रतिशत और बिसौली में 59 प्रतिशत ही पोषाहार का वितरण हुआ है। इन ब्लॉकों के परियोजना अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है।

> फेस रीडिंग के आधार पर पोषाहार का वितरण शुरू हो गया है। इस कार्य में आंगनबाडी वर्कर्स के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। पोषाहार वितरण न करने वाले आंगनबाड़ी वर्कर्स की सेवा समाप्त की जाएगी। इसके लिए उन्हें नोटिस जारी किया गया है। छह सौ से अधिक आंगनबाड़ी वर्कर्स का मानदेय रोका गया है।
> **प्रमोद कुमार सिंह**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

### गैर जनपद जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली पुलिस ने पकड़े

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मुरादाबाद हाईवे स्थित गांव सिलहरी और कुनार पर जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ने की अवैध खरीद फरोख्त रोकने के उद्देश्य छापामार कार्यवाही शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिलहरी और कुनार पर अवैध रूप से खरीदे गए गन्ना लदे दो द्राला पकड़े गए। दोनों में करीब पांच सौ क्विंटल से अधिक गन्ना भरा था। जो मुरादाबाद की वीनस शुगर मिल को ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है जब अधिकांश गन्ना मिल बंद हो गये तो विभाग ने छापेमारी शुरू की है, गन्ना विभाग के अधिकारियों ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया अवैध तरीके से गन्ना खरीद कर गैर जनपद को जा रहा था। दो ट्राला पकडे. है उन्हें कब्जे में लेकर मिल पर गन्ना उतार कर खाली ट्रैक्टर ट्राला थाने जा रहें हैं विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में किया प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते विश्व यादव परिषद के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

- विश्व यादव परिषद ने की फिल्म के रिलीज पर रोक लगाने की मांग

**अमृत विचार :** विश्व यादव परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म का विरोध करते हुए बुधवार कस्बे में पैदल मार्च निकाला। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह को सौंपा।

परिषद के डॉ. एसडी यादव ने कहा कि यादव समाज इस प्रकार की फिल्म का पुरजोर विरोध करता है। उनका आरोप था कि इस तरह की फिल्में समाज में सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने फिल्म के निर्माण से जुड़े लोगों पर कार्रवाई करने और फिल्म पर रोक लगाने की मांग की। सपा नेता चेतन यादव ने कहा कि जातिवाद पर आधारित फिल्मों पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए, क्योंकि इससे समाज में अशांति फैलती है। प्रदर्शन के दौरान परिषद के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- न्यायाधीश ने 12 हजार रुपये लगाया जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी धनराशि

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दोषी पाया है। उसे पांच साल के कठोर कारावास और 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की पूरी धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने पुलिस को बताया कि वह वह गरीब हैं और मजदूरी करते हैं। 8 अगस्त 2022 को 12 बजे उसकी पत्नी और 13 साल की बेटी घर के बरामदे में सो रहे थे। बेटी अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाने के लिए कमरे में गई। इसी दौरान हिमांशु और एक अन्य युवक घर में घुस आए और उनकी बेटी को पकड़ लिया। दोनों ने उसका मुंह बंद करके खींचा और घर के बाहर लगभग 50 मीटर दूर गन्ने के खेत में ले गए। दोनों ने बेटी के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। वह चिल्लाई। चीख-पुकार पर परिजन खेत की ओर दौड़े।

आरोपी लड़की को छोड़कर भाग गए थे। न्यायालय में कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दुगरैया निवासी हिमांशु पुत्र अतर सिंह पर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी हिमांशु को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्लामई निवासी अंशु पुत्र चंद्रप्रकाश दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का आरोपी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को अढ़ौली रेलवे क्रॉसिंग के पास से उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### दुल्हन निकली ठग, 1.70 लाख और जेवर ले गई

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खैरी में फर्जी शादी के जरिए ठगी का मामला सामने आया है। तीन दिन पहले ब्याहकर आई दुल्हन नकदी और जेवर समेटकर फरार हो गई। पीड़ित परिवार ने एसएसपी से शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। ग्राम खैरी निवासी पूजा पत्नी दयाशंकर ने एसएसपी को भेजे पत्र में कहा कि उनके देवर मोहन की शादी 19 फरवरी को बिल्सी कस्बा के देववाणी मंदिर में गांव नैथुआ निवासी तीन लोगों के माध्यम से कराई गई थी। आरोप है कि शादी से पहले ससुर भगवान स्वरूप से घरेलू जरूरत के नाम पर 1.70 लाख रुपये लिए गए। रकम परिवार और परिचितों की मौजूदगी में दी गई थी। शादी के तीन दिन बाद ही दुल्हन घर में रखे जेवरात लेकर फरार हो गई। परिजनों ने उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया।

# बाट माप अधिकारी ने पकड़ी घटतौली

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** होली त्योहार पर मिलावटी सामान की बिक्री हो रही है। वहीं अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में दुकानदार घटतौली कर लोगों की जेब काट रहे हैं। बाट माप अधिकारी ने मिठाई विक्रेताओं को घटतौली करते हुए पकडा है। साथ ही कई दुकानदारों को सामान पर ओवर रेट बिक्री करते हुए पकड़ा है। उनके कांटे बांट तक सही नहीं पाए गए हैं। इन सभी पर कार्रवाई करते हुए बाट माप अधिकारी ने चालान काट है। कांटे बांट को जब्त किया है।



कांटे बांट की जांच करते बाट माप विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक विनीत पांडेय।

होली त्योहार पर बाट माप विभाग के अधिकारी सक्रिय हैं। उनके द्वारा बाजार में दुकानों की जांच की जा रही है। मिठाईयों, किराने की दुकानों पर कांटे चेक किए जा रहे हैं। पिछले दो दिनों में बाट माप विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक विनीत पांडेय से शहर और बिसौली बाजार में मिठाई और किराना की 15 से अधिक दुकानों पर कांटे बाट की जांच की। मिठाइयों की दुकानों पर दुकानदार डिब्बे के साथ मिठाई को तौल कर लोगों को बिक्री कर रहे थे। वही किराने की दुकानों पर सामान का ओवर रेट बेचा जा रहा था। यहां तक कि उनके कांटे बांट तक सहीं नहीं थे। बाट माप विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि शहर और बिसौली में जांच के दौरान दो-दो मिठाई की दुकानों पर घटतौली की जा रही थी। तीन दुकानदारों को उनके द्वारा ओवर रेट सामान की बिक्री करते हुए पकड़ा है। सात दुकानदारों कांटे बांट सही नहीं थे। इनके कांटे बाट जब्त कर लिए गए हैं। सभी पर कार्रवाई करते हुए चालान काटा है। बताया कि बाजार में छापामार कार्रवाई जारी रहेगी। दुकानों पर घटतौली नहीं होने दी जाएगी।

# भतीजे को लेकर लौट रहे चाचा की सड़क हादसे में मौत

**संवाददाता, इस्लामनगर**

- बुधवार रात बिसौली-इस्लामनगर रोड पर गांव हेमपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** भतीजे को लेकर लौट रहे चाचा की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में चाचा की मौके मौत हो गई जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव रामनगर सैदपुर उर्फ मड़फोड़ा निवासी श्रीपाल (48) बुधवार रात भतीजे आकाश को लेने के लिए कस्बा इस्लामनगर गए थे। आकाश पानीपत में मजदूरी करता है और होली का त्योहार मनाने के लिए घर लौट रहा था। रात लगभग 11 बजे चाचा-भतीजा बाइक से गांव लौट रहे थे। बिसौली-इस्लामनगर रोड पर गांव हेमपुर में एक कोल्ड स्टोर के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रीपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल आकाश को रुदायन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश कर रही है।



मृतक श्रीपाल

# 30 माह से मानदेय न मिलने पर आक्रोश

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** रोजगार सेवकों को पिछले 25 से 30 माह से मानदेय व ईपीएफ का पैसा नहीं मिला है। जिससे उनके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। गुरूवार को रोजगार सेवकों ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन करते हुए रोजगार सेपकों ने कहा कि उनका मानदेय व अन्य मदों का पैसा कई माह से नहीं मिला है, जिससे उन्हे आर्थिक परेशानी हो रही है। जनपद के रोजगार सेवक कई वर्षों से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम सहित शासन द्वारा सौंपे गए ई-केवाईसी, एसआईआर, निर्वाचन पंचायत बीएलओ, खाद्यान्न वितरण, प्रधानमंत्री आवास जिओ टैगिंग, आदि कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ संपादित कर रहे हैं लेकिन उनको समय पर मानदेय व ईपीएफ का पैसा न मिलने पर वतर्मान स्थिति अत्यंत गंभीर व चिंताजनक बनी हुई है। गुरुवार को सभी रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर डीएम के नाम लिखा ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने जल्द मानदेय व ईपीएफ का पैसा दिलाने की मांग की है । इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष शेर सिंह यादव, जिला महामंत्री राज किशोर शाक्य सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे ।



एडीएम को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। • अमृत विचार

- रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

### वीडियो वायरल करने पर भाकियू जिलाध्यक्ष पर रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 19 फरवरी दोपहर 12 बजे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अतुल तोमर अपने एक अन्य साथी के साथ थाने आए थे। वह एक मामले में पैरवी करने आए थे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा था कि मामले के साक्ष्य संकलित किए जा रहे है। विवेचना के बाद सच के आधार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बात करने के बाद प्रभारी निरीक्षक जीडी कार्यालय चली गई थीं। बात के दौरान अतुल तोमर उनसे थाने के निर्माण कार्य और साफ-सफाई की तारीफ करने लगे। इसी दौरान उनके साथ आए युवक ने वीडियो बना लिया। अतुल तोमर ने वह वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल कर दी।

# हाईवे पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



एडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण • अमृत विचार

**संवाददाता, विजय नगला**

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर औरंगाबाद का रास्ता बंद हो जाने से ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए अंडरपास की मांग एडीएम से की। ग्रामीणों ने कहा कि हाईवे बनने से अनेकों गांवों का रास्ता बंद हो गया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपते हुए नेशनल हाईवे पर अंडरपास की मांग की ।

बदायूं -बरेली नेशनल हाईवे पर घटपुरी गांव के ठीक सामने से लगभग एक दर्जन गांव को जाने का रास्ता है। जिसे नेशनल हाईवे बनाने वालों ने बंद कर दिया है। गुरुवार को सैकड़ों लोगों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया, एडीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उनका रास्ता बंद होने से औरंगाबाद, अचिंतपुर, ब्यौर, मरुआ, रिजोली, सहोरा, रुखडा खौला, धीमरी, घुमरिया निवासी रामदास, प्रेमपाल, कैलाश सिंह, वीरपाल सिंह, ओमकार बैसर अली, कमसर, देवेंद्र, दिनेश कुमार, गुड्डू, पान सिंह, सत्येंद्र सिंह मौर्य, आदि ग्रामीणों ने बताया अगर घटपुरी से नेशनल हाईवे पर रास्ता बंद कर दिया जाएगा तो बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने एडीएम से घटपुरी पर अंडरपास बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह अपने पूरे परिवार और सभी गांव के लोग एकत्र होकर जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा अंतर्राज्यीय बदमाश पूर्व प्रधान

**संवाददाता, उसहैत**

- छह फरवरी को मुठभेड़ में पुलिस पर फायरिंग करता हुआ हो गया था फरार

**अमृत विचार :** उसहैत पुलिस ने अंतर्राज्यीय बदमाश पूर्व प्रधान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके दाहिने पैर में गोली ली। जिसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद हुए। सूचना पर सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। आरोपी पर विभिन्न जिलों में 24 मामले दर्ज हैं।

थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बुधवार रात ककराला मार्ग स्थित धर्मकांटे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि उसहैत थाना क्षेत्र में छह फरवरी की रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में पुलिस पर फायरिंग करता हुआ फरार हुआ दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदोखा निवासी पूर्व प्रधान रमेश कश्यप पुत्र राम सिंह गांव सरनमई मोड़ पर किसी के इंतजार में खड़ा है। कहीं भागने की फिराक में लग रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां एक व्यक्ति सरकारी नल के पास खड़ा नजर आया। जो पुलिस की गाड़ी देखकर गांव सरनमई की ओर चलने लगा। पुलिस ने उसे रुकने को कहा लेकिन वह नहीं रुका। मुड़कर पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। रमेश कश्यप के पैर में गोली लगी। वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे पकड़कर जिला अस्पताल भेजा। छह फरवरी को हुई मुठभेड़ में पुलिस उसके साथी अब्दुल को जेल भेज चुकी है। सीओ ने बताया कि आरोपी पर बदायूं के थाना वजीरगंज, अलापुर, सिविल लाइन, दातागंज, के अलावा जिला हमीरपुर, राजस्थान के जिला दौसा, भरतपुर व खैरथल, जिला कन्नौज, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद में चोरी, धोखाधड़ी व कूटरचना, जानलेवा हमला, लूट, डकैती व डकैती की तैयारी, समेत कई मामलों के मुकदमें पंजीकृत हैं।



आरोपी पूर्व प्रधान को ले जाते पुलिसकर्मी।

### युवकों में मारपीट का वीडियो वायरल

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** बुधवार को कस्बा इस्लामनगर के मेन चौराहा स्थित पुलिस बूथ के पास बाइक सवार दो युवकों में कहासुनी हो गई। दोनों में विवाद हुआ। बीच सड़क पर हाथापाई हुई। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। बाइक सवारों में बीच सड़क पर कहासुनी हुई और मारपीट हुई थी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक दूसरे को लात मार रहा है और दूसरे ने प्लास्टिक का स्टूल उठाकर मार दिया। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।



वीडियो से लिया गया मारपीट का फोटो।

# यूजीसी के समर्थन में अजपा ने किया प्रदर्शन




धरना प्रदर्शन करते अजपा कार्यकर्ता • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए यूजीसी के पक्ष में नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

कलेक्ट्रेट में मालवीय आवास गृह पर यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में यूजीसी लागू होना जरुरी है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव के चलते कई छात्र आत्म हत्याएं कर चुके हैं। कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील वाल्मीकि, मुनेंद्र पटेल, सालिम खां, चंद्रभान, विकास, परवेज आलम, डा. दिनेश कुमार, रेखा देवी, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**दसवां संस्कार/त्रयोदशी/श्राद्ध**



स्व. रविकांत शर्मा (एडवोकेट)

मेरे पूज्य पिताजी **श्री रविकांत शर्मा (एडवोकेट)** का आकस्मिक गोलोकवास दिनांक 17.02.2026, दिन मंगलवार को हो गया। जिनका दसवाँ संस्कार दिनांक 27.02.2026, दिन शुक्रवार को अपराह्न 03:00 बजे से 04:00 बजे तक स्थान :- राम स्वरूप बाग, निकट गढ़ी, पुलिस चौकी में सम्पन्न होगा। **त्रयोदशी/श्राद्ध:-** दिनांक 28.02.2026, शनिवार, ब्रह्मभोज :- अपराह्न 12:30 बजे, प्रसादी:- अपराह्न 01:00 बजे, स्थान :- निज निवास, 78, सिद्धार्थ नगर, निकट हार्ट मैन कॉलेज रोड, बरेली।

**शोकाकुल परिवार :-**
पत्नी श्रीमती अनीता शर्मा, पुत्र प्रियंक कांत वशिष्ठ, मयंक कांत वशिष्ठ, भाई :- शशि कांत शर्मा एडवोकेट, शचि कांत शर्मा, शरद कांत शर्मा, (पूर्व प्रधानाचार्य श्री विष्णु इण्टर कालेज) कमल कांत शर्मा, नवनीत कांत शर्मा एडवोकेट। भतीजे सुरेश चन्द्र शर्मा, नीरज, नितिन, शान्त, रितेश, प्रियदर्शी हिमांशु वशिष्ठ एडवोकेट हाई कोर्ट, समग्र, शुभम शुभांकर, शुभ्रम शोभनम, अर्पित, प्रफुल्ल
**एवं समस्त वशिष्ठ परिवार**
मो. 9411920098, 9456625579, 9410404091

## न्यूज ब्रीफ

### टनकपुर-अछनेरा गाड़ी का किया अवधि विस्तार

बदायूं, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी के संचलन का अवधि विस्तार 1 से 31 मार्च तक हर गुरुवार, शुक्रवार, रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को किया जायेगा। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 13, वातानुकूलित कुर्सीयान के 2 तथा एस.एल.आर.डी. के 2 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। शेष सूचनाएं पूर्ववत रहेंगी। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस लाइन पर यात्रियों की संख्या अधिक रहती है इसलिए रेलवे प्रशासन ने अवधि विस्तार किया है।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : दातागंज पुलिस ने एक युवक को 30 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अनिल कुमार त्यागी पुलिस गुरुवार को गांव दुधारी के मार्ग स्थित नदी के पास पहुंचे। जहां से गांव पापड़ हमजापुर निवासी रामकिशोर पुत्र मुरारी को पकड़ा। जिसके पास से शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से मिला 350 ग्राम लहन नष्ट किया। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### मजदूरी कर लौट रहे युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

विजय नगला, अमृत विचार : झूठा आरोप लगाते हुए दबंग ने दलित युवक के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करके घायल कर दिया। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव काजी सहोरा निवासी धनपाल पुत्र शिवा ने तहरीर देते हुए बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। 19 फरवरी की शाम लगभग 6 बजे वह मजदूरी करके वापस गांव लौट रहे थे। रास्ते में गांव निवासी कप्तान ने हा कि उनके बेटों ने गायों को नहीं पकड़ने दिया है। बहुत बडे.बदमाश बन रहे हो। धनपाल ने कहा कि वह मजदूरी करके लौट रहे हैं। उन्हें किसी बारे में नहीं पता। आरोप है कि उन्होंने धनपाल के साथ गाली-गलौज करते हुए पिटाई लगा दी।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में गरजे शिक्षक

## बीएसए कार्यालय पर हुआ धरना-प्रदर्शन, पैदल मार्च करके पहुंचे कलेक्ट्रेट, सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं बीएसए कार्यालय पर गरजे। सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने धरना-प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय जाकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कहा कि आदेश के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

कोर्ट ने शिक्षकों की सेवाएं जारी रखने, पदोन्नति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने की अनिवार्यता के आदेश के बाद देश भर के शिक्षक संगठनों ने टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का गठन किया था। 22 से 25 फरवरी तक दो चरण में विरोध हुआ। तीसरे चरण में गुरुवार को देश भर में बीएसए व डीएम कार्यालयों पर धरना देकर आदेश का विरोध किया। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने पीड़ा व्यक्त की। फेडरेशन की राष्ट्रीय सचिव संजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षक को जिस देश में गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः की संज्ञा दी जाती है उस देश में निर्धारित मापदंडों और अहर्ताओं को पूरा कर सरकारी शिक्षक के रूप में नियुक्ति प्राप्त 20 से 25 साल से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता जैसा कानून लागू करना शिक्षकों की योग्यता पर सवाल उठाने जैसा गंभीर है। यह कानून थोपना सिर्फ अतार्किक बल्कि निंदनीय है। आरटीई एक्ट 2011 से उत्तर प्रदेश में लागू हुआ जिसे सिर्फ 2011 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया। विश्व में ऐसा कोई कानून नहीं है जो उस कानून के बनने से पहले लागू करा दिया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, अतेंद्र शर्मा, बृजेश यादव, रामसेवक, डॉ. पंकज शर्मा, संजय यादव, सलमान, मधुकर उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, अरविंद दीक्षित, दामोदर सिंह, अतुल श्रोत्रीय, अरविंद राठौर, उदयवीर यादव, सुशील चौधरी, प्रेमानंद शर्मा, राजन यादव, फरहत हुसैन, सौरभ शर्मा आदि मंच को संबोधित किया। जिसके बाद शिक्षिकाओं के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल को सौंपा।



धरना को संबोधित करते वक्ता और मंचासीन विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।



बीएसए कार्यालय पर धरना के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। • अमृत विचार

### शिक्षकों को ध्यान में रखकर जल्द निर्णय ले केंद्र सरकार

बदायूं, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों ने शिक्षिकाओं के साथ पैदल मार्च किया। नारेबाजी करती हुईं डीएम कार्यालय पहुंचीं। प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल और फिर बीएसए वीरेंद्र कुमार को सौंपा। संगठन की जिलाध्यक्ष किरण सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षिकाएं डीएम कार्यालय पहुंची। ज्ञापन में साल 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नियमानुसार अपनी सेवाएं शुरू की थी। तब से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उन पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना सही नहीं है। आदेश को अन्यायपूर्ण बताया। कहा कि केंद्र सरकार को शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए। जिससे शिक्षकों में व्याप्त असमंजस व चिंता समाप्त हो। शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन संकल्पित है। वीना सिंह, वीरवाला सिंह, अंजुम खान, सरोजिनी, पुष्पांजलि, निशा, नीलम, शशि, प्रमिला, ममता, अलका गुप्ता, अलका सागर, कंचन सक्सेना, नाहिद, कोमल, एकता, संतोष, पुष्पा आदि मौजूद रहीं।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपतीं महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारी।

## अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के प्रतीक बने प्रदेश महासचिव

बदायूं, अमृत विचारः परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रतीक दुबे को संगठन ने प्रदेश महामंत्री नामित किया है। महामंत्री पद का मनोनयन पत्र प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह ने भेजा है। उनके प्रदेश महामंत्री बनने पर संगठन के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुदेशक संघ के जिला महामंत्री अमित उपाध्याय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दी गई यह जिम्मेदारी प्रतीक दुबे की बेहतरीन कार्यशैली का परिणाम है।



प्रतीक दुबे।

इस घोषणा के बाद जिले के अनुदेशकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया और बधाई दी। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सुनील शाक्य, गुरुदेव शर्मा, कीर्ति, हरिओम, मधुकर, प्रवीण, रजनीश, अनुराग, योगेश, अनुज गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रेम प्रसंग में युवती ने फंदा लगाकर दी जान

कुंवरगांव, अमृत विचार : कुंवर गांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवती का किसी युवक से प्रेम प्रसंग था। परिजनों ने बंदिश की तो नाराज होकर उसने ऐसा कदम उठाया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए युवती का अंतिम संस्कार कर दिया और राख को दूर ले जाकर गांव में बहा दिया।

बताते हैं कि गांव निवासिनी युवती का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने युवती को समझाया और उस पर बंदिशें लगानी शुरू कर दीं। बताते हैं कि प्रेम प्रसंग को लेकर परिवार में आए दिन क्लेश होता था।

# जिले में बढ़ रही कुपोषित बच्चों की संख्या, छह भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दो महीने तक बंद रहा एनआरसी वार्ड में अब कुपोषित बच्चे भर्ती होने शुरू हो गए हैं। वार्ड में दो दिन में आधा दर्जन कुपोषित बच्चे भर्ती किए गए। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मियों में कुपोषण बड़े पैमाने पर फैलता है जिससे अस्पताल के वार्ड भी फुल हो जाते हैं।

जिला अस्पताल स्थित एनआरसी वार्ड दिसम्बर और जनवरी में पूरी बंद रहा। वार्ड में एक भी कुपोषित बच्चा भर्ती होने नहीं आया। लेकिन वार्ड प्रतिदिन खोला गया। अब फरवरी शुरू होते ही जैसे ही मौसम में बदलाव आ रहा है। गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है तो कुपोषण भी सामने आने लगा है। कुपोषण के शिकार बच्चों को एनआरसी वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। सोमवार और मंगलवार को आधा दर्जन कुपोषित बच्चे भर्ती किए गए। एनआरसी के नोडल डा. अलंकार सोलंकी ने बताया कि गर्मियों में कुपोषित बच्चों से वार्ड भरा रहता है। अब गर्मी शुरू हो चुकी है तो दो दिन से कुपोषित बच्चे भी आ रहे हैं। दो दिन में छह बच्चे भर्ती किए गए हैं जबकि एक बच्चे को घर भेज दिया गया। उन्होने बताया कि गर्मी में छोटे बच्चों को कई तरह की बीमारियां होती हैं। गांव देहात के बच्चों को परिजन गांव में ही झोला छापों से दवा खिलाते हैं जिससे बच्चे की बीमारी और बढ़ती रहती है। जांच कराने पर 90 प्रतिशत बच्चों में कुपोषण की पुष्टि होती है। जांच के बाद ही कुपोषित बच्चे को भर्ती किया जाता है। जब भर्ती किया जाता है तो शिशु का वजन देखा जाता है और बीच बीच में भी बच्चे का वजन देखा जाता है। 14 दिन के बाद जब बच्चे को घर भेजा जाता है तो उसका वजन देख कर ही उसकी छुट्टी की जाती है।



अस्पताल में भर्ती मरीज व साथ में बैठे तीमारदार। • अमृत विचार

### एनआरसी में आरक्षित किए तीन वार्ड

एनआरसी में तीन वार्ड कुपोषित बच्चों को आरक्षित किए गए हैं जिससे गर्मी बढ़ने पर कुपोषित बच्चों को बाहर न भेजना पड़े। तीनों वार्ड में दस दस बेड तैयार किए गए हैं। बच्चों को सुबह शाम दूध दिया जाता है। पौष्टिक भोजन दिया जाता है साथ ही आवश्यक दवाएं स्टाफ खुद खिलाता है। कुपोषित बच्चे को 14 दिन तक भर्ती किया जाता है उसके बाद उसे घर भेज दिया जाता है।

**• दो महीने तक खाली रहा एनआरसी वार्ड**

> जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड को साफ करा कर तैयार करा दिया गया है। तीन वार्ड कुपोषित बच्चों को तैयार किए गए हैं। बाहर के लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। बच्चे के मां बाप और स्टाफ ही वार्ड में मौजूद रहेंगे। सुरक्षा और सफाई पर विशेष जोर दिया गया है। अब गर्मियां शुरू हो चुकी हैं। कुपोषित बच्चे आने लगे हैं। दो दिन में छह सात बच्चे भर्ती किए गए हैं।
>
> – डा. अमित वार्ष्णेय – सीएमएस

## आर्टीफिशियल ज्वेलरी की प्रदर्शनी



प्रदर्शनी में ज्वेलरी की खरीदारी करती महिलाएं • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः शहर के आरके रिसोर्ट में होली और ईद त्योहार के अवसर पर महिलाओं ने आर्टीफिशियल ज्वेलरी की प्रदर्शनी लगाई। जिसमें महिलाओं ने खरीदारी की। महिलाओं के द्वारा स्वयं के उत्पादों के स्टॉल लगाए। जिसमें सजावटी सामान, ज्वेलरी, कपड़े, शूज, हस्तशिल्प, पर्स आदि वस्तुएं शामिल रहीं। उनकी मुनासिब दामों पर बिक्री की गई। महिला उद्यमी खुशबू गुप्ता ने बताया कि इस तरह की प्रदर्शनी से महिलाओं में आत्मनिर्भरता आती है।

**• एक ही छत के नीचे परिधान व दैनिक उपयोग की वस्तुएं**

एक ही मंच पर उच्च क्वालिटी परिधान एवं दैनिक उपयोगी वस्तुएं कस्टमर्स को कम दाम पर मिलते हैं। इस मौके पर प्रदर्शनी की आयोजक रिचा अशेष, ज्योति शर्मा, रिया पम्मी मेहंदीरत्ता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पितृ पूजन दिवस



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और शिक्षक • अमृत विचार

बिल्सीः अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग स्थित श्री जीएस बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में बुधवार को मातृ - पितृ पूजन दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे।

उनके द्वारा विधि विधान से अपने माता पिता का पूजन किया गया। विद्यालय डायरेक्टर भुवनेश कुमार सिंह ने कहा कि नया सत्र 2026-27 शुरू होने को है। इससे पूर्व इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन में माता पिता का योगदान व महत्व को समझाना है। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार भारती, अंजू चौहान, गीता शाक्य, अंशिका शर्मा, देवेश सिंह, निभा सागर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## इस्लामनगर में बीडीओ नितिन ने संभाला कार्यभार

इस्लामनगर, अमृत विचार : गुरुवार को इस्लामनगर ब्लॉक में नवागत खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने ब्लॉक कार्यालय में सचिवों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कहा कि शासन की योजनाओं को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नितिन कुमार ने ब्लॉक परिसर एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई कार्यालय व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

**राहत** जिला अस्पताल के छह वार्डो पर लगाए गए सोलर पैनल

# बिजली गुल होने पर नहीं होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला अस्पताल को अब बिजली कटौती से परेशानी नहीं होगी। जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डो पर लगाए गए 270 किलो वाट के सोलर पैनल गुरुवार से चालू कर दिए गए जिससे पूरे अस्पताल को बिजली सप्लाई करेंगे। अब बिजली कटौती से मरीजों और अस्पताल प्रशासन को परेशानी नहीं होगी।

जिला अस्पताल में बिजली घर बना है। इस बिजली घर से पूरे अस्पताल को बिजली दी जाती है। लेकिन बिजली कटौती के चलते दो से चार घंटे तक मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्मियों में बिना बिजली के मरीजों और स्टाफ को भारी परेशानी होती है। 24 घंटे में चार से छह घंटे की बिजली कटौती होती है जिससे अस्पताल में मरीजों और स्टाफ को दिक्कत होती थी।

जिला अस्पताल में सोलर पैनल लगाने की स्वीकृति मिलने के बाद एक महीने से काम हो रहा है। जो आज पूरा हो गया। जिला अस्पताल के दह वार्डो की छतों पर सोलर पैनल लगाए गए हैं जिसमें इमरजेंसी वार्ड, सर्जरी, वार्ड, जेनेरिक वार्ड, सेफ हाउस और लाउंड्री वार्ड के छत पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं जो आज से सभी जगह चालू कर दिए गए हैं। अब बिजली गुल होने पर सोलर पैनल की लाइट से पंखा कूलर और बल्ब जलेंगे जिससे न तो मरीजों को दिक्कत होगी और न ही अस्पताल स्टाफ को परेशानी होगी।

### ब्लड बैंक व होम्योपैथिक अस्पताल को सप्लाई नहीं

सोलर पैनल से ब्लड बैंक को सप्लाई नहीं दी जाएगी। ब्लड बैंक में अलग से जनरेटर की व्यवस्था है। यदि बिजली गुल होती है तो वहां पर जनरेटर चलाया जाता है। इसी तरह आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक अस्पताल में भी सोलर पैनल से बिजली नहीं दी जाएगी। उक्त दोनो अस्पतालों में बिजली घर से ही बिजली दी जाएगी।

> आज पूरे अस्पताल में सोलर पैनल चालू कर दिए गए। जिससे गर्मी में बिजली गुल होने से दिक्कत नहीं होगी। 270 किलोवाट की बिजली तैयार होगी जो अस्पताल के विभिन्न वार्डो और पैथोलॉजी लैब को पर्याप्त होगी। अब गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।
>
> डॉ अमित वार्ष्णेय – सीएमएस

## बदायूं डायरी

### सुंदरकांड के भंडारे में किया गया प्रसाद वितरण



बिल्सी, अमृत विचार : नगर बिल्सी के बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग पर स्थित अरविंद कोल्ड स्टोरेज के सामने बुधवार को सुंदरकांड पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ बबलू ठाकुर और अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सुबह विधि-विधान के साथ सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। हनुमान जी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। पाठ की पूर्णाहुति के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### दूरदर्शन की एंकर बिसौली की श्रेया को शिरडी ट्रस्ट ने किया सम्मानित

बिसौली, अमृत विचार : कस्बे की श्रेया वार्ष्णेय को शिरडी साईं ट्रस्ट ने उनके मीडिया योगदान को देखते हुए सम्मानित किया है। बिसौली के नीरज साईं के भक्त हैं, उनकी एक बेटी दूरदर्शन में करीब 15 वर्षों से सेवाएं दे रही हैं। साथ ही "श्रेया टॉक शो नाम से अपना एक आध्यात्मिक पॉडकास्ट कार्यक्रम भी बनाती हैं। इसी वाबत श्रेया सिरडी साईं मंदिर के पुजारी के साथ आध्यात्मिक चर्चा रिकॉर्ड करने सिरडी पहुंची थीं। तभी उनको साईं की पावन चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से श्रेया का परिवार अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। श्रेया का कहना है कि ये पल मेरे जीवन के सबसे भावुक और यादगार क्षणों में से एक है।

### कथा का हुआ समापन, आज होगा विशाल भंडारा

बिल्सी, अमृत विचार : ग्राम वन बेहटा स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक यतेंद्र ठाकुर ने कई कथाओं का श्रवण कराया। कथा समापन के दौरान कथावाचक ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की। समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। पुण्य के भागीदार होते हैं। श्रीमद् भागवत का रसपान के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं कथा के बीच बीच में श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल खेला, नृत्य कर भक्तिभाव प्रकट किया। इस मौके पर उदयभान सिंह, मोनू ठाकुर, ओमवीर सिंह, बाबू सिंह, राजीव सिंह, रनवीर सिंह चौहान, यादराम शाक्य, अरुण सिंह, अर्जुन सिंह, हेमराज शाक्य, मिलाल शाक्य आदि उपस्थित रहें।



### इंटर भूगोल की परीक्षा में 24 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित



बिसौली, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को इंटरमीडिएट भूगोल की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 24 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शहर बरौलिया सिद्ध बाबा में पंजीकृत 60 परीक्षार्थियों में 02 अनुपस्थित रहे। 58 ने परीक्षा दी। मदनलाल इंटर कॉलेज में इंटर भूगोल विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत 123 के सापेक्ष 101 परीक्षार्थी उपस्थित थे। इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट ने केंद्रों का भ्रमण किया।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## बदायूं की प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने को सरकार गंभीर

**बिसौली, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार बदायूं की प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने को गंभीर दिख रही है इस वाबत सरकार ने 24 फरवरी को लखनऊ में एक कार्यशाला के माध्यम से कुछ चुनिंदा लोगो से विचार विमर्श किया। कार्यशाला में बिसौली डा. मदन मोहन वार्ष्णेय ने विकास का खाका खींचा और नए उद्योग लगा कर प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने का सुझाव रखा।

बदायूं से कार्यशाला में प्रतिभाग करने पहुंचे दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिसौली के वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ मदनमोहन वार्ष्णेय ने बदायूं के बिकास का खाका खींचा। डॉ मदनमोहन का कहना था कि जनपद से गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेस वे की निकट टूरिज़्म को बढ़ावा देने हेतु औषधि पार्क, पंचकर्मा, योग, विपश्यना केंद्र, को खोला जाए और इसके प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। मृतप्रायः हो चुके जनपद के मुख्य उद्योग जरी जरदोजी के उद्योग को जीवित किया जाए।

# होली पर माहौल बिगाड़ा तो होगी सख्त कार्रवाई

## एसएसपी ने शहर के संभ्रांत लोगों और प्रभारी निरीक्षकों के साथ की पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक में लोगों से त्योहार शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह और एडीएम प्रशासन अरुण कुमार।



बैठक में मौजूद प्रभारी निरीक्षक और शहर के संभ्रांत लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

**अमृत विचार :** आगामी होली, रमजान माह, जुमे की नमाज, ईद आदि को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह और एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने जिले के संभ्रांत लोगों के अलावा धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। एसएसपी ने निर्देशित किया कि त्योहारों पर किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। सभी लोग आपसी मिलजुल कर त्यौहार मनाने का आह्वान किया।

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित स्वामी विवेकानंद हॉल में पीस कमेटी की बैठक हुई। सभी लोगों से आगामी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्दपूर्ण वातावरण और समन्वय के साथ मनाने का आह्वान किया गया। एसएसपी कहा कि दोनों समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर शांति और सौहार्द के साथ अपने-अपने त्यौहार मनाएं। लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा, मेला आदि के बारे में बताया। पिछले साल त्यौहार के दौरान हुए विवादों के बारे में भी जानकारी दी। एसएसपी ने कहा कि सभी लोगों को एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखें। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों, अपराधियों, अवांछित गतिविधियों में किसी की संलिप्तता होने पर पुलिस को सूचना दी। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि सूचना की पुष्टि अधिकारियों से करें। सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सोशल साइट्स पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें और उस पर कमेंट करने से बचें। जिससे किसी की भावनाएं आहत न हों। प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया कि अफवाह फैलाने और फालतू हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटें। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया, एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## होली से पहले कर्मचारियों का वेतन देने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो दिन बाद होलिका उत्सव शुरू होने जा रहा है। राज्य कर्मचारियों को होली पर आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े इसके लिए शासन ओर से त्योहार से पूर्व ही फरवरी माह का वेतन जारी करने आदेश डीएम को दिए हैं। मुख्य सचिव ने डीएम को दिए आदेश में कहा है कि उन्हीं कर्मचारियों और अधिकारियों का वेतन जारी किया जाए। जिन्होंने मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा अपलोड किया है। जिन कर्मचारियों ने अभी तक चल अचल संपत्ति का ब्योरा अपलोड नहीं किया है। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

इस बार होली का त्योहार मार्च के पहले सप्ताह में ही मनाया जा रहा है। एक मार्च को रविवार होने के कारण सामान्य अवकाश है। दो मार्च को होलिका दहन पर्व पर सार्वजनिक रहेगा। चार मार्च को रंग खेला जाएगा। होली का त्योहार पहले सप्ताह में होने की वजह से कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 28 फरवरी तक फरवरी माह का वेतन जारी करने के आदेश डीएम को जारी कर दिए।

### चल अचल संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों का अटकेगा वेतन

मुख्य सचिव ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि फरवरी माह का वेतन उन्हीं कर्मचारियों का जारी किया जाए। जिन्होंने चल अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किया है। ब्योरा अपलोड न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए शासन को अवगत कराया जाए।

" वेतन भुगतान के लिए विभागों से बिल आने लगे हैं। जिन विभागों से बिल आ जाएंगे उन विभागों के कर्मचारियों का वेतन 28 फरवरी तक जारी हो जाएगा। ऐसे कर्मचारियों का ब्योरा डीडीओ से मांगा गया है।

– **विकास चौधरी**, वरिष्ठ कोषाधिकारी

## जंगली सूअर का शिकार करने वाले चार पकड़े

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा पुलिस ने जंगली सूअर का शिकार करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से वन्य जीवों को फंसाने वाला जाल, भाला और बांका बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है।

बुधवार देर शाम बिसौली रेंज के परमानंदपुर क्षेत्र के बीट प्रभारी वन रक्षक अनिकेत पुत्र रामपाल सिंह को सूचना मिली की गांव नगला जैत के जंगलों शिकारियों का गिरोह सक्रिय है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया और जैतपुर के जंगल में दबिश दी। जहां से फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी राजेश पुत्र राम बहादुर, गांव ढोरनपुर निवासी रामकुंवर पुत्र हुलासी, रामचंद्र पुत्र मंगली और गांव हबीबपुर निवासी सुनील दिवाकर पुत्र रामचंद्र को पकड़ा। उनके पास से दो जाल, एक बांका, भाला आदि बरामद हुए। वन रक्षक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेश पाल सिंह, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, विपिन पूनिया, नवीन कुमार व दुष्यंत कुमार रहे। थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि सूअर का शिकार करने वाले चार लोगों को पकड़ा है।



ई-रिक्शा में रखे आरोपियों के बरामद किए गए उपकरण।

## राष्ट्रसेवा, अनुशासन और संस्कारों से होता है व्यक्तित्व का निर्माण : पाराशरी

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र बिसौली के संविलियन विद्यालय हर्रायपुर में भारत स्काउट गाइड संस्था की ओर से चल रहे तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरुआत हुई। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और कम से कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कलाओं का प्रशिक्षण दिया।

मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरीओम पाराशरी ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाती है। सच्चा स्काउट वही है जो विपरीत परिस्थितियों में भी मानवता की सेवा को सर्वोपरि रखता है और राष्ट्रहित के लिए सदैव तत्पर रहता है। उद्योगपति अखिलेश शर्मा ने कहा कि अगर युवा स्काउटिंग की भावना को अपने जीवन में उतार लें तो कोई भी चुनौती राष्ट्र की उन्नति को रोक नहीं सकती। समाजसेवी देवेश शंखधार ने कहा कि बच्चे अपने चिंतन, चरित्र और व्यवहार में परिवर्तन लाएं तो हर समस्या का समाधान संभव है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट संकट की घड़ी में दूसरों की सहायता और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। शिविर में प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, आगजनी और दुर्घटनाओं में बचाव, सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कला, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता आदि के साथ राष्ट्रध्वज फहराने के नियम, स्काउटिंग आंदोलन का इतिहास, प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, ड्रिल आदि का प्रशिक्षण दिया गया।



शिविर में कार्यक्रम प्रस्तुति करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- संविलियन विद्यालय हर्रायपुर में शुरू हुआ स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर

## शोभायात्रा निकाल ब्रह्माकुमारी परिवार ने धाम में किया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्माकुमारी परिवार की बहनें रुदायन में बने नए धाम पर पहुंचीं। श्रद्धा भाव के साथ शोभायात्रा निकाली

देशभर में धर्म की अलौकिक ज्योति जला रहे ब्रह्माकुमारी परिवार की बहनों ने लगभग तीन साल पहले रुदायन में छोटा कार्यक्रम किया था। जिसमें नगर में देवाधिदेव महादेव का धाम बनाने का संकल्प लिया था। तीन साल तक उन्होंने समाज सेवक प्रमिला उपाध्याय के घर पर रहकर समय व्यतीत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने महादेव की आरती की। शोभयात्रा के दौरान भाजपा नेता ने नगर के वीरेंद्र, महाकालेश्वर गुप्ता अपने-अपने घर पर महादेव की ध्वजा फहराते हुए विचार रखे। प्रियंका, अशोक यादव, सीपी पाल, डॉ. अजीत मोहन गुप्ता, गौरव गुप्ता, निधीश गुप्ता, विद्यारतन चौधरी, भीकम सिंह, नरेन्द्र गुप्ता, अवधेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में तिलक करते वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता।

## छात्राओं ने आपदा पर दिया व्याख्यान

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय की सेवा योजना इकाई का शिविर चल रहा है।

शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ वंदना की मौजूदगी में छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाकर किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ऋषभ भारद्वाज ने सामुदायिक कार्यों एवं प्रशिक्षण की समीक्षा की। डॉ भावना सिंह ने विचार व्यक्त किए। बौद्धिक सत्र में ही आयोजित भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें बीए की अंशिका ने प्रथम स्थान, रेणु ने दूसरा स्थान स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी



### नूरपुर पिनौनी में मनायी सर बी एन राव की जयंती

**करियामई, अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के नूरपुर पिनौनी में भारत के संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले सर बेनेगल नरसिंह राव की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए देश के क्रांतिकारी योद्धाओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के देखरेख में किया गया। जिला प्रभारी दीपक दीक्षित एवं सौरभ दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दीपक दीक्षित ने विचार व्यक्त किए। उनके विचार आज भी लोकतंत्र को सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं इस अवसर पर महानंद दीक्षित, टिंकू उपाध्याय, भगवान स्वरूप, राकेश श्रोती, योगेंद्र उपाध्याय, संजीव दीक्षित, पूरन प्रकाश शर्मा, अंकित शर्मा, पंकज दीक्षित, रमन पाराशर, सुधीर दीक्षित, विपिन उपाध्याय, गौरव दीक्षित, तनुज दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### आर्य समाज होली पर 5000 घरों में वितरित करेगा हवन सामग्री

**बिल्सी, अमृत विचार :** कस्बा बिल्सी में आर्य समाज की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा और क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य रहे। इस दौरान आर्य समाज के अंतरराष्ट्रीय वेद कथाकार एवं समाज सुधारक आचार्य संजीव रूप ने होली के अवसर पर 5000 घरों में निशुल्क हवन सामग्री वितरण करने का संकल्प लिया। इस दौरान आचार्य ने केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा को आचार्य संजीव रूप ने सामग्री का पैकेट भेंट किया। विधायक हरीश शाक्य सहित विभिन्न ग्रामों से आए स्त्री-पुरुषों को भी सामग्री वितरित की गई। केंद्रीय मंत्री और विधायक ने विचार व्यक्त किए। आचार्य संजीव रूप ने बताया कि इस बार औषधीय, मिष्ट, सुगंधित व पुष्टिवर्धक चार प्रकार की सामग्री तैयार की गई है। उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ परंपराओं को बढ़ावा देना है।





### नशा मुक्ति के लिए छात्राओं ने किया जागरुक

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय के एनएसएस के विशेष शिविर में रैली, क्लाउड किचन प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान और करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। स्वयंसेवी छात्राओं ने लक्ष्य गीत के बाद नशा मुक्ति पर बस्ती में जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने सामुदायिक कार्य और श्रमदान किया। शिविर के बौद्धिक सत्र में होप यूनिटी फाउंडेशन की निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह द्वारा क्लाउड किचन पर प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं को अपनी स्किल को बाजार से जोड़ने के तरीके बताएं। छात्रा सना, अंशिका, रागिनी शाक्य, तमन्ना और राधिका पाल ने कौशल विकास पर विचार प्रस्तुत किए। अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. अर्चना पाण्डेय ने साइबर सुरक्षा के बारे में बताया। दूसरे सत्र में बांके बिहारी महाविद्यालय से डॉ. शरद अरोड़ा और दीप्ति सक्सेना ने स्नातक के बाद रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. वंदना, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. बृजेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋषभ भारद्वाज, डॉ. भावना सिंह आदि मौजूद रहे।



### कुंवरगांव में बिजली घर की क्षमता बढ़ाने की मांग

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** नगर पंचायत कुंवर गांव में बिजली की समस्या को लेकर शासन स्तर पर पहल की गई है। चेयरमैन पति अरविंद गुप्ता ने लखनऊ पहुंच कर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के साथ ऊर्जा मंत्री से भेंट करते हुए बिजली घर की क्षमता बढ़ाने की मांग की। कुंवरगांव क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति क्षमता कम होने से आमजन, किसान और छोटे व्यवसायी प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में बार-बार ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित विद्युत वितरण उपखंड की वर्तमान क्षमता 5 केवीए बताई जा रही है, जबकि बढ़ती आबादी और उपभोक्ताओं की संख्या को देखते हुए कम से कम 10 केवी क्षमता की आवश्यकता जताई गई है। अपर्याप्त क्षमता के कारण नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे कृषि कार्य, व्यापारिक गतिविधियां और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

## ट्यूबवेलों की मरम्मत को चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जनपद में हैं 1214 सरकारी नलकूप, कुछ में हुआ काम
- अप्रैल से पहले सभी नलकूप कराए जाएंगे दुरुस्त

**अमृत विचार :** जनपद में सरकारी नलकूपों की मरम्मत को शासन से निर्देश मिलने के बाद विभाग ने काम शुरू कर दिया है। जिसमें कुछ नलकूपों की मरम्मत हो चुकी है शेष की अप्रैल माह से पहले ही पूरी कर दी जाएगी।

नलकूप विभाग को शासन से निर्देश हैं कि सरकारी ट्यूबवैलों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाए। नलकूप विभाग के जनपद में 1214 सरकारी नलकूप हैं। जिसमें से 80 प्रतिशत नलकूप चालू स्थिति में हैं जबकि बीस प्रतिशत नलकूपों की मरम्मत होनी है। इनमें से कुछ की मरम्मत की जा चुकी है। जो शेष हैं उनकी मरम्मत अप्रैल महीने से पहले ही पूरी करा दी जाएगी जिससे किसानों को सिंचाई के लिए परेशान नहीं होना होगा। विभाग ने चारों खंडों को निर्देशित किया है कि जहां पर भी टेक्नीकल खामियां हैं उनको प्राथमिकता के साथ ठीक किया जाए।

नलकूप खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता सूर्य प्रकाश ने गुरुवार को बताया कि जिले के सभी नलकूपों की मरम्मत के निर्देश हैं हालांकि अधिकांश नलकूप चालू है जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं जबकि कुछ नलकूपों की मरम्मत की जानी है। इसके लिए अभियान शुरू किया जाएगा। जहां पर भी दिक्कत आ रही हैं उसको चिन्हित कर काम कराया जा रहा है। किसानों को समय से पानी दिया जा रहा है। किसी खंड से अभी तक शिकायत नहीं मिली है।

### बिजली की जर्जर लाइनों पर होगा काम

सरकारी नलकूपों को जाने वाली बिजली की लाइनों पर काम किया जा रहा है। बिजली विभाग को 17 लाइने चिन्हित कर दी गयी हैं उन्हें ठीक किया जाना है। कुछ स्थानों पर नलकूपों की लाइन नीची हैं उन्हें ठीक किया जा रहा है। अन्य कमियों को दूर किया जा रहा है। सभी नलकूपों पर ट्रांसफार्मर रखे हैं जो ठीक स्थिति में हैं। निर्देश हैं सरकारी नलकूप के जले हुए ट्रांसफार्मर को 24 घंटे में ठीक कर लगाया जाए जिससे स्थानीय किसानों की सिंचाई प्रभावित न हो।

## महोत्सव के समापन पर युवाओ ने दिखाया हुनर

**बिल्सी, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा महोत्सव चल रहा था। जिसका गुरुवार को समापन हो गया। समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें विजेता रहे बच्चों को सम्मानित किया।

समापन पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि भारत प्रतिभाओं का देश है और युवा वर्ग ही विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गुलदस्ता प्रतियोगिता में आशिका व शालिनी प्रथम स्थान पर रहीं। मंजलि, पल्लवी आदि रहीं।

## मनरेगा सामग्री भुगतान का 33 करोड़ बकाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मनरेगा योजना के तहत सामग्री मद की धनराशि का भुगतान 2024 से है लंबित

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्माण सामग्री मद की धनराशि का भुगतान पिछले दो साल से लंबित है। बजट के अभाव में लगभग 33 करोड़ का भुगतान अटका हुआ है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में एक माह का ही समय शेष बचा है। भुगतान न होने की कारण प्रधानों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने वाली फर्मों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। साथ ही श्रमिक भी काम न मिलने की वजह से दूसरी जगहों पर पलायन कर रहे हैं।

मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में मिट्टी के कार्य के साथ ही अमृत सरोवर, मॉडल शॉप, खेल मैदान, नाली निर्माण सहित अन्य कार्य कराए जाते हैं। लेकिन पिछले दो साल से मैटेरियल सामग्री का अब तक भुगतान नहीं हो सका है। मनरेगा विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2023-24, 2024-2025 तक लगभग 22 करोड़ 98 लाख और वर्तमान वित्तीय वर्ष का करीब 10 करोड़ का भुगतान नहीं हो सका है। मटेरियल के साथ साथ मनरेगा मजदूरों की भी मजदूरी नहीं मिल सकी है। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार करीब 5 करोड़ से अधिक मनरेगा मजदूरी मजदूरी का भी भुगतान नहीं हो सका है। मटेरियल सामग्री और मनरेगा मजदूरों का भुगतान न होने की वजह से विकास कार्य बंद पड़े हैं। मैटेरियल का बकाया भुगतान के लिए संबंधित ठेकेदार, प्रधान ब्लॉक से लेकर मुख्यालय तक चक्कर लगा रहे हैं।

## संविलियन विद्यालय में माता उन्मुखीकरण की धूम

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ा दास स्थित संविलियन विद्यालय में बुधवार को माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बेहद उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया गया, बल्कि आगामी परीक्षाओं में छात्रों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से संवाद भी किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश कुमार ने किया गया। इस अवसर पर इंचार्ज नीलम वार्ष्णेय, सचिन कुमार सिंह, ममता, रूबी सिंह, शोभा, पूनम, सुधा, सुषमा सहित अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।


आवश्यकता है

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया ● वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री के पुत्र प्रवेन्द्र पुत्र अशोक से उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **चन्द्रकली पत्नी रामलाल निवासी ग्राम बरकलीगंज थाना कैण्ट जिला बरेली**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र माधव पाठक को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **आलोक पाठक पुत्र जितेन्द्र पाठक निवासी ग्राम नूरपुर पिनौनी थाना- इस्लामनगर तह. बिल्सी जिला बदायूं**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड 689801492198 में मेरा नाम हरि नंदन (Hari Namdan) दर्ज था। किन्तु अब मैने अपने आधार कार्ड में संशोधन करवाकर अपना सही नाम हरि नन्दन (Hari Nandan) दर्ज करा लिया है। जो वास्तविक व सही नाम है। **हरिनन्दन पुत्र श्री हेतराम निवासी मोहम्मदी पुठी सराय जिला बदायूं**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं. U3541146 में मेरा नाम भूलवश Jasvindar Kaur दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Jasvinder Kaur है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी Jasvinder Kaur ही दर्ज है। **जसविन्दर कौर पत्नी सवेंदर सिंह निवासी पोस्ट आफिस जटपुरा, जिला पीलीभीत।**

**आवश्यकता है**

प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।

योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार । E-mail: lbslaw50@gmail.com

एल.बी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### लखीमपुर की कमान अरविंद गुप्ता को

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को संगठन पर्व के तहत बचे हुए 14 जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी। इसके साथ ही प्रदेश में सभी जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की प्रक्रिया पूरी हो गई है। लंबे समय से अपने खास को जिलाध्यक्ष बनाने की पेशबंदी में घोषणा अटकी हुई थी। प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि संगठनात्मक ढांचा अब पूरी तरह तैयार हो गया है, जिससे आगामी चुनावी रणनीति को और धार मिलेगी। घोषित जिलाध्यक्षों में शामली से रामजी लाल कश्यप, अमरोहा से उदय गिरी गोस्वामी, सहारनपुर जिला से अजीत सिंह राणा, बागपत से नीरज शर्मा, पीलीभीत से गोकुल प्रसाद मौर्य, लखीमपुर से अरविंद गुप्ता आदि को कमान सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नव नियुक्त जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाना प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

### हादसे के बाद नहर में डूबने से एक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अमरिया क्षेत्र के गांव करगैना पीरा निवासी अर्जुन और रूपलाल शनिवार को बाइक से गांव मधवापुर स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने जा रहे थे। पौटा डाम के पास नहर पुलिया के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया की दीवार से टकराई। रूपलाल बाइक से उछलकर नहर के गहरे पानी में जा गिरे और अर्जुन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। रूपलाल की तलाश शुरू की। पानी का बहाव बंद कराया। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला जा सका। अर्जुन को पुलिस ने अस्पताल भर्ती कराया।

# अग्निवीर भर्ती रैली 11 से, 12 जिलों के हजारों अभ्यर्थी होंगे शामिल

## अग्निपथ योजना के तहत जाट रेजिमेंट में होने वाली भर्ती रैली को तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर सभागार में तैयारियों के संबंध में संयुक्त बैठक आयोजित

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में 11 से 23 मार्च तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर सहित 12 जनपदों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर के सभागार में गुरुवार को तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसमें हजारों नौजवानों के बरेली आने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके मद्देनजर रणनीति बनायी गयी। एडीएम सिटी ने संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने और प्रत्येक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि अभ्यार्थियों की सुविधा के ध्यान में रखते हुए पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराएं। भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखें। परिवहन विभाग को यातायात सुचारु रखने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम को तैयार रहने के निर्देश दिए। नगर विकास से संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सेना के अधिकारी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांतिपूर्ण माहौल से संपन्न कराई जाएगी। अभ्यार्थियों से समय पर पहुंचने, आवश्यक दस्तावेज साथ लाने और अफवाहों एवं दलालों से दूर रहने की अपील की गई हैं।

बैठक में सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम सहित जिला प्रशासन व सेना के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर चल रही तैयारियों का भी निरीक्षण किया। अग्निवीर भर्ती रैली में बरेली, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं के हजारों अभ्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है।

### ये अग्निवीर भर्ती रैली का शेड्यूल

अग्निवीर भर्ती रैली के कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए और 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समैन आठवीं एवं दसवीं) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए एवं अग्निवीर (क्लर्क/ एसकेटी) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए होगी। इसके साथ 13 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी, 14 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) शाहजहांपुर और सीतापुर, 15 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) संभल और पीलीभीत, 16 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) हरदोई, 17 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) फर्रुखाबाद, 18 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बदायूं व 19 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बरेली जिले के अभ्यर्थियों के लिए रैली आयोजित की जाएगी।

### अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर साथ रखें

सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि सभी अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर साथ रखें एवं सभी जरूरी कागजात अवश्य लेकर आएं। किसी कारणवश किसी भी अभ्यर्थी का उन्हें पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा गया रैली एडमिट कार्ड यदि डाउनलोड नहीं हो रहा है तो वह सेना भर्ती कार्यालय बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क कर सकता है।

# फिर सपा में शामिल हो सकते हैं हेमराज वर्मा, लखनऊ में अखिलेश से मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संग मुलाकात का फोटो वायरल राजनीति गरमाई
- 2012 में बरखेड़ा से चुनाव जीतकर खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बने थे हेमराज वर्मा



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करते पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा।

**अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पीलीभीत में राजनीतिक समीकरण बदलना शुरू हो गए हैं। अभी कुछ दिन पहले ही बसपा के दिग्गज नेताओं में शुमार पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। अब एक और पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी में वापसी की तैयारी लगभग तय कर चुके हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लखनऊ में हुई पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा की मुलाकात ने खलबली मचा दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही उनकी सपा में वापसी की औपचारिक घोषणा बाकी है। फिलहाल दोनों की मुलाकात का फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद राजनीति गरमा गई है।

बता दें कि सत्ताधारी भाजपा हो या फिर अन्य विपक्षी दल। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए राजनीतिक दलों में तैयारियां तेज हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को एकजुटता और सक्रियता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में जिले की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। आगामी चुनाव को लेकर दावेदारों की लंबी फेहरिस्त अभी से है। भाजपा में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा का इंतजार है। इसे लेकर 28 दिग्गज दावेदार है। वहीं, विपक्षी दल तराई के जनपद में खोई सियासी जमीं पाने की जुगत में लगे हुए हैं। बसपा के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू बीते दिनों समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। इसके बाद अब पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा की सपा में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। उन्होंने लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की है। बता दें कि हेमराज वर्मा 2012 में सपा से विधानसभा बरखेड़ा सीट से चुनाव लड़े थे। भारी मतों से जीत दर्ज कर विधायक बने और खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बनाए गए थे। तीन साल पहले 2023 में वह सपा छोड़, भारतीय जनता पार्टी में चले गए थे। इसके बाद से वह भाजपा में ही थे। अब उनकी सपा में वापसी की चर्चाएं तेज हो चुकी है। इसे आगामी विधानसभा चुनाव में दावेदारी से जोड़कर ही देखा जा रहा है। उनका अखिलेश यादव से मुलाकात करने का फोटो भले गुरुवार शाम को तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हो, लेकिन बीते दो दिन से इससे जुड़ी चर्चाओं का बाजार गरमा गया था। फिलहाल राज्यमंत्री हेमराज वर्मा की सपा में वापसी की अधिकारिक घोषणा का इंतजार है। पूर्व मंत्री ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से हुई मुलाकात को स्वीकारने के साथ ही वापसी की ओर भी इशारा कर दिया है। फिलहाल अब विधानसभा चुनाव की तैयारी करने वाले दावेदारों में भी खलबली मच गई है।

# बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया



कॉन्क्लेव में शामिल अतिथिगण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीएमआईएलएल द्वारा 25 फरवरी को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार, सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष और कैंपस कैटलिस्ट् विशेष रूप से उपस्थित रहे और सक्रिय रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की टीम बनाकर केस स्ट्डी गतिविधियां आयोजित की गईं तथा जागरूकता बढ़ाने के लिए क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी प्रतिनिधियों ने मिलकर विभिन्न नीतियों का निर्माण एवं रूपरेखा तैयार की जिन्हें आगामी समय में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस एवं आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों को अवसर प्रदान किया गया कि वे अपने नवचारों एवं परियोजनाओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत करें।

विशिष्ट अतिथि हसन खिमजी ने टीम को आगे बढने की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अपने अनुभव और व्यवसायिक दृष्टिकोण से टीम को नवाचार, नेतृत्व तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# जिपं अध्यक्ष पति व व्यापारी के बीच गहराया विवाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- व्यापारी ने परिवार समेत मिल के बाहर दिया धरना, लगाए आरोप

**अमृत विचारः** पूरनपुर के एक व्यापारी और जिपं अध्यक्ष पति के बीच राइस मिल के सौदे को लेकर पिछले काफी समय से चल रहे विवाद में एक बार फिर हंगामा हो गया। व्यापारी ने परिवार मिल पर अवैध तरीके कब्जा करने, धमकाने समेत अन्य संगीन आरोप लगाए। राइस मिल के बाहर ही परिवार समेत धरना दिया।

बता दें कि पूरनपुर के रहने वाले व्यापारी भीमसेन अग्रवाल ने बीते दिनों मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में बताया था कि जिला पंचायत अध्यक्ष, उनके पति आदि को उन्होंने अपनी एक राइस मिल का सौदा किया था। एग्रीमेंट का समय बीतने के बाद 2.38 करोड़ रुपये बैंक में जमा किया गया, जिसमें 14 माह का ब्याज बैंक का शामिल था। अभी भी बैंक का बकाया , बिजली बिल, मंडी और जीएसटी का करीब चार करोड़ का बकाया है। आरोप था कि बिना रुपये दिए रजिस्ट्री कराने के लिए प्रताड़ित कराया जाता रहा।इसके बाद शिकायतें चली लेकिन विवाद का कोई पूर्णतया हल नहीं निकला। इसी विवाद को लेकर गुरुवार को हंगामा हो गया। व्यापारी के पुत्र संजीव अग्रवाल समेत परिवार के अन्य लोगों ने मिल के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि उन्होंने अपनी राइस मिल पांच करोड़ रुपये में जिपं अध्यक्ष के पति को पांच करोड़ रुपये में बेची थी। उन्होंने मिल का एक साल का एग्रीमेंट कराया लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराई। फिर रुपये बाद में लेने की बात कहकर समय मांगते रहे। गुरुवार को पिता जब मिल से सामान निकालने आए तो आरोप है कि वहां मौजूद नौकर ने अंदर से ताला लगा लिया। कई बार शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कहा कि अपनी मिल पर हमने अपने ताले लगा दिए। अब अगर ये टूटते हैं तो संबंध्रित लोग जिम्मेदार होंगे। वर्तमान में ये प्रापर्टी दस करोड़ की है। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया। मामला चर्चा का विषय बना रहा। इसके वीडियो भी वायरल होते रहे।

### जिपं अध्यक्ष पति बोले: हमें बैंक ने दी संपत्ति इनसे कोई लेना-देना नहीं

इधर, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति भाजपा नेता गुरभाग सिंह का कहना है कि उन पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। ये राइस मिल पंजाब नेशनल बैंक ने हमें थी। संबंधित व्यापारी पर कर्ज बहुत है। बैंक ने जितना लोन बताया, उतना हमारी ओर से जमा किया जा चुका है। जिस दिन एग्रीमेंट की तिथि आई तो ये टालमटोल करने लगे। ऐसे में फिर रेट बढ़ा दिए। लगातार टालमटोल करते रहे। अन्य लोगों का भी संबंधित परिवार पर कर्जा है। हमारा चार करोड़ में सौदा तय हुआ, उसी के स्टांप भी लगे थे। हमें बैंक ने संपत्ति दी है, बैंक को कहेअनुसार रुपये दे दिए गए। इनका एक अन्य घर आदि संपत्ति भी नीलाम हो चुकी है। मेरे पास बैंक लोन के कागज, खाते में दिए गए रुपये के स्टेटमेंट आदि सब प्रमाण है। अब बेईमानी करने की कोशिश की जा रही है। इस संपत्ति को लेकर हमारा लेनदेन बैंक से था, इनसे नहीं।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं०: IZN-EnHM-ERW-PH-42-T-2-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए, सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :- कार्य का नाम : डेवलेपिंग एन इको पार्क ऐट कासगंज कोचिंग डिपो इन द एरिया ऑफ 3500 sqm एंड नियर ए.आर.टी. क्रेन शेड इन द एरिया ऑफ 1460 sqm, इन इज्जतनगर डिवीजन।, कार्य की अनुमानित मूल्य (रू०) : 44,23,131.61, बयाना राशि (रू०) : 88,500.00, निविदा प्रपत्र की लागत- शून्य, कार्य की अवधि- स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 10 महीने (पार्क बनाने तथा पौधारोपण कार्य हेतु 04 महीने और मेन्टीनेन्स कार्य हेतु 06 महीने)। ई-निविदा बंद करने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.03.2026 को समय 15:00 बजे। ● निविदाकर्ता 19.03.2026 को समय 15:00 बजे तक अपनी ई-निविदाएँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। ● कृपया संपूर्ण विवरण देखने और ई-निविदा अपलोड/जमा करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इजी० (ईएनएचएम), इज्जतनगर
मुजाधि/यॉंत्रिक - 146

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# बीसी सखी बन 584 महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



विकास भवन में चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार देती आवेदक। ● अमृत विचार

- विकास भवन में 51 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी के लिए हुआ साक्षात्कार

**अमृत विचारः** ग्रामीण अचंलों की महिलाएं अब सिर्फ घरों के रसोई घर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब वे विभिन्न रोजगारों से जुड़कर खुद को आत्मनिर्भर बना रही है। जनपद में 584 महिलाएं बीसी सखी बनकर गांव में ही रोजगार पा चुकी है। इसी कड़ी में अब 51 और महिलाएं बीसी सखी बनने जा रही है। गुरुवार को विकास भवन में 51 ग्राम पंचायतों के लिए महिला बीसी सखी बनने के लिए साक्षात्कार देने पहुंची। सफल आवेदकों को प्रशिक्षण के बाद बीसी सखी बनाया जाएगा।

जनपद के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए रोजगार के मौके लंबे अरसे तक सीमित ही रहे हैं। मगर, अब सरकार की महत्वाकांक्षी बीसी सखी योजना ने उनके जीवन में नई रोशनी भर दी है। जनपद में अब तक करीब 584 महिलाएं बीसी सखी बनकर रोजगार प्राप्त कर चुकी है। सभी बीसी सखी डिजिटल और वित्तीय सेवाओं की पहुंच ग्रामीणों तक सहजता से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार से प्रत्येक बीसी सखी को छह माह तक चार हजार रुपये मानदेय और उसके बाद कमीशन पर काम करती हैं।

बैंक सखी की महिलाओं का काम तीन दिन बैंक व तीन दिन गांवों में रहकर काम करना होता है। बीसी सखी घर-घर जाकर बैंकिंग लेनदेन, खाता खोलने, सरकारी योजनाओं की जानकारी देने आदि काम करती हैं। इधर गुरुवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बीसी सखी के लिए 51 ग्राम पंचायत के सापेक्ष साक्षात्कार का आयोजन विकास भवन में किया गया। सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष पहुंचकर आवेदकों ने साक्षात्कार दिया। इसे लेकर विकास भवन में चहल-पहल रही। उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह ने बताया कि साक्षात्कार में सफल आवेदकों के प्रशिक्षण के बाद पदस्थापित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### बेटे ने पिता को पीटा

**पीलीभीत,अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र के गांव भौना निवासी नेमचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को बेटा सचिन कुमार बेवजह गाली देने लगा। विरोध किया तो आरोपी, शेर सिंह, और वेद प्रकाश ने मारपीट की। किसी तरह लोगों ने उन्हें आरोपियों से छुड़वाया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।


## कार्यालय जिला पंचायत, पीलीभीत

पत्रांक- 2056/नि.अनु./जि.पं./2025-26 दिनांक: 24 फरवरी 2026

### ई-निविदा शुद्धि पत्र

कार्यालय जिला पंचायत पीलीभीत की ई-निविदा सूचना संख्या- 1995/नि.अनु./जि.पं./2025-26 दिनांक 10.02.2026 एवं कार्यालय पत्रांक 2019 दिनांक 17.02.2026 द्वारा दिनांक 26.02.2026 तक आमंत्रित ई-निविदाओं को कतिपय कारणोंवश समयवृद्धि करते हुये दिनांक 02.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमत्रित किया जाता है, जिन्हें दिनांक 24.02.2026 से 02.03.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड किया जा सकता है, जिन्हें दिनांक 02.03.2026 को ही अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत पीलीभीत में गठित समिति द्वारा ऑनलाइन खोला जायेगा। समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचनार्थ।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, पीलीभीत

## कार्यालय ग्रा.प. उल्ला विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

### अल्पकालीन निविदा

23.02.2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत उल्ला विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.03.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मॉडर्न शॉप (उचित दर विक्रेता) निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | रविंद्र के घर से महेश के खेत तक सीसी इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान

## उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
122, सिविल लाइन्स, बरेली

### सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की राजेन्द्र नगर यो.सं.-2 बरेली में स्थित दु.आ. वर्ग भवन सं.-सी-663 श्री राज कुमार पुत्र स्व. श्री खुशी राम को आवंटित किया गया था। श्री राज कुमार पुत्र स्व. श्री खुशी राम द्वारा अपने पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 11.02.1998 को निष्पादित कराने के उपरान्त भवन का विक्रय श्रीमती जगरानी पत्नी स्व. श्री कर्मवीर सिंह को कर दिया गया। अब श्रीमती जगरानी द्वारा अवगत कराया गया है कि काफी तलाशने के उपरान्त भी विक्रेता का कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है जिस कारण मैं उनके कोई भी प्रपत्र कार्यालय में नहीं प्रस्तुत कर पा रही हूँ। इस हेतु परिषद नियमानुसार जो भी कार्यवाही हो मैं करने को तैयार हूँ तथा उक्त भवन को अपने पक्ष में अन्तरण कराने हेतु ऑन लाइन प्रार्थना पत्र के माध्यम से परिषद प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये है।

अतः एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ. वर्ग भवन सं. सी-663 का अन्तरण श्रीमती जगरानी पत्नी स्व. श्री कर्मवीर सिंह के पक्ष में किया जाना है। दु.आ. वर्ग सं. सी-663 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते है। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तद्नुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्रीमती जगरानी पत्नी स्व. श्री कर्मवीर सिंह के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1536/141सी0(ई0टेण्डर)-3/26 दिनांक: 20.02.2026

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 28.02.2026 से दिनांक 07.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 07.03.2026 को ही अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ग्राम पंचायत बल्लिया में गठिया रामापुर बरकतपुर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर | 56.50 | 4.20 | 60.70 | 5.04 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 3 | ग्राम बारा में श्री रामदेव वर्मा के प्रतिष्ठान से ग्राम तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | | 96.80 | 7.26 | 104.06 | 7.21 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 4 | ग्राम पंचायत हथौड़िया स्थित कृष्ण बिहार कॉलोनी में शारस्वत श्रीवास्तव के मकान से राजीव सक्सेना के मकान तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | | 66.30 | 1.66 | 67.96 | 5.40 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 5 | सतवां बुजुर्ग रिंग रोड से पी0के0 सिंह फार्म हाउस तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | | 108.00 | 8.10 | 116.10 | 7.81 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,शाहजहांपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UP-247017 दिनांक 25.02.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शाहजहांपुर

पत्रांक- मु.चि.अ./एन.एच.एम./नगरीय-पॉलीक्लीनिक/2026/9842 दिनांक: 26 फरवरी 2026

### चयन विज्ञप्ति (नगरीय पॉलीक्लीनिक हेतु विशेषज्ञ चिकित्सक इम्पैनलमेंट विषयक)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद शाहजहांपुर में पॉलीक्लीनिक हेतु 02 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चयन किया जाना है। जहां विशेषज्ञों को इम्पैनल करते हुये कार्य लिया जायेगा। जिस हेतु विशेषज्ञों द्वारा किये गये ओ.पी.डी. हेतु रू. 5,000/- प्रति विशेषज्ञ प्रति दिवस प्रत्येक माह के 25 कार्य दिवसों हेतु देय होगा। इस प्रकार प्रति दिन 02 विशेषज्ञों द्वारा पॉलीक्लीनिक पर अपना योगदान दिया जायेगा। जो विशेषज्ञ चिकित्सक (ओब्स एण्ड गायनी, जर्नल फिजिशियन, पीडियाट्रीशियन, डर्माटोलॉजिस्ट, ऑर्थोपैडिक, सर्जन, ऑप्थार्मोलॉजिस्ट, ई.एन.टी. सर्जन, साइकाइट्रिस्ट) पॉलीक्लीनिक में कार्य करने हेतु इच्छुक हो, उक्त कार्य करने हेतु अपना सहमति पत्र (वांछित अभिलेखों सहित) कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहांपुर में 14 मार्च 2026 (शनिवार) तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें (अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहांपुर में सम्पर्क करें।)

मुख्य चिकित्साधिकारी, शाहजहांपुर


# होली पर शहर में जलापूर्ति रहेगी बेहतर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



इरा श्रीवास्तव।

**अमृत विचारः** रंगों के त्योहार होली को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने शहर में पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता को लेकर विशेष तैयारी शुरू कर दी है। पालिका प्रशासन ने दावा किया है कि इस बार त्योहार के दौरान नागरिकों को पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए नियमित जलापूर्ति के साथ अतिरिक्त समय में भी पानी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के होली का आनंद ले सकें।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि शहर में रोजाना की तरह सुबह और शाम जलापूर्ति जारी रहेगी। इसके अलावा होली के दिन 4 मार्च को दोपहर में भी अतिरिक्त जलापूर्ति कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विशेष रूप से पानी छोड़ा जाएगा, जिससे रंग खेलने के बाद लोगों को साफ-सफाई में किसी तरह की असुविधा न हो।उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया गया है। विशेष रूप से बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया है, ताकि पंपिंग स्टेशनों का संचालन निर्बाध रूप से चलता रहे और शहर के सभी इलाकों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके।अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मोहल्ले में किसी कारणवश जलापूर्ति प्रभावित होती है, तो वहां तत्काल टैंकर भेजकर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका ने पहले से ही 10 पानी के टैंकर तैयार रखे हैं, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या की सूचना पालिका को दें, जिससे त्वरित समाधान किया जा सके।

### होलिका दहन स्थलों पर सफाई और लकड़ी की विशेष व्यवस्था

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि होली पर्व को लेकर शहर के सभी होलिका दहन स्थलों पर विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। इन स्थानों के आसपास चूना डलवाकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होलिका दहन के लिए आवश्यक लकड़ी की व्यवस्था भी नगर पालिका की ओर से की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास भी साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिससे त्योहार के दौरान शहर में स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हर जिले में विकसित होंगे 100 मॉडल तालाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा, जिससे जल गुणवत्ता सुधरेगी और मच्छरजनित बीमारियों में कमी आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नहीं, बल्कि भू-जल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र रहे हैं। लेकिन बीते वर्षों में प्लास्टिक अपशिष्ट और घरेलू ग्रे वाटर (स्नान, रसोई व कपड़े धोने से निकला पानी) सीधे तालाबों में जाने से जल प्रदूषण बढ़ा है, जिसका सीधा असर ग्रामीण स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ा है। इसी चुनौती को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायती राज विभाग ने मॉडल तालाब विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, चयनित तालाब के चारों ओर नो-प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा और ग्राम पंचायत से प्लास्टिक न फेंकने का प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। तालाब में गिरने वाली नालियों पर प्लास्टिक ट्रैप जाली और फिल्टर चैंबर लगाए जाएंगे। वहीं, ग्रे वाटर के उपचार के लिए नालियों के अंतिम सिरे पर बायो-फिल्टर सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें कंकड़, रेत और केली-केना जैसे पौधों का उपयोग होगा। इससे पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होकर तालाब में पहुंचेगा।

### सीधे जनता से हो जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने के साथ इसबार जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव सीधे जनता से कराने की मांग उठाई। उनका कहना है कि मतदान बैलेट पेपर से होने पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बन सके। उन्होंने यूजीसी के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'बांटो और राज करो' की राजनीति कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को सांसद संजय सिंह ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में जनता की सीधी भागीदारी नहीं है, जिससे जनादेश कमजोर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग के जरिए जिला पंचायत चुनावों को प्रभावित करती है। अगर सरकार वास्तव में लोकतंत्र में विश्वास रखती है, तो जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जनता से कराए और बैलेट से मतदान सुनिश्चित करे।

### अफसरों की गोपनीय रिपोर्ट होगी डेटा आधारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (एसीआर) प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए इसे पूरी तरह डेटा आधारित बनाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब केवल सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि लंबित मामलों, नए वादों और निस्तारित प्रकरणों की संख्या (डेटा) को एसीआर का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा। शासनादेश के अनुसार यह व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा/पीसीएस) के सभी अधिकारियों पर लागू होगी। अधिकारियों को अब स्पैरो पोर्टल पर अपनी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के लिए स्व-मूल्यांकन करते समय यह डेटा अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि रिपोर्टिंग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, स्वीकृति अधिकारी तीनों को अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए लंबित, नए और निस्तारित मामलों के डेटा को संज्ञान में लेते हुए ही अपना मूल्यांकन करना होगा।

# सिंगापुर से जापान तक 'महाराज' का डंका

## अभूतपूर्व सफलता से भरा रहा योगी का दौरा, 1.5 लाख करोड़ के एमओयू, 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का चार दिवसीय विदेश दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज़ से अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। इस दौरान हुए उच्चस्तरीय निवेश संवादों में उत्तर प्रदेश सरकार ने 1.5 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जबकि 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह दौरा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

जापान दौरे के दौरान कृषि मशीनरी, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसे भविष्य के क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव सामने आए। जापान में जिन प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित हुए, उनमें कुबोटा कॉरपोरेशन, स्पार्क मिंडा (टोयो डेन्सो के सहयोग से), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बी 2जी (सरकार से सरकार) बैठकों में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड, मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, रैपिडस कॉरपोरेशन, मारुबेनी कॉरपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और एमयूएफजी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश को एशिया का उभरता हुआ निवेश केंद्र बताते हुए राज्य में दीर्घकालिक निवेश में रुचि जताई।

जापान दौरे की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की घोषणा की गई। यह केंद्र यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। इससे स्वच्छ ऊर्जा, तकनीकी अनुसंधान और कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 'जापान सिटी' और ऑटो क्लस्टर की योजना

- यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए विशेष औद्योगिक वातावरण तैयार होगा। इसके साथ ही ऑटो ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए डेडिकेटेड ऑटो क्लस्टर और आरएंडडी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। 'इन्वेस्ट यूपी' में जापान डेस्क को और मजबूत किया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एल-जीरो सीरीज मैग्लेव ट्रेन की यात्रा और फानुक कॉरपोरेशन के रोबोटिक्स व फैक्ट्री ऑटोमेशन संयंत्र का भी दौरा किया। फानुक ने उत्तर प्रदेश में निवेश और एमएसएमई सेक्टर के तकनीकी उन्नयन में सहयोग की इच्छा जताई।

### सिंगापुर में भी मिला निवेशकों का भरोसा

- सिंगापुर में आयोजित इन्वेस्टर रोड शो के दौरान एमआरओ, कार्गो हब, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग और फिनटेक क्षेत्रों में व्यापक सहयोग पर सहमति बनी। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को एमआरओ और कार्गो हब के रूप में विकसित करने पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव इस बात का प्रमाण हैं कि प्रदेश का वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य अब ठोस धरातल पर आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत में दुनिया की अत्याधुनिक सुपरकंडक्टिंग मैग्लेव हाई-स्पीड ट्रेन की सवारी की, जो परीक्षण के दौरान 500 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार हासिल करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी तेज गति के बावजूद ट्रेन बेहद स्थिर, सुरक्षित और आरामदायक रही।

### निवेश प्रस्तावों से 5 लाख से अधिक रोजगार की उम्मीद

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार दिवसीय सिंगापुर और जापान दौरा रोजगार, निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिहाज से ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस विदेश यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को कुल 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और लगभग 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से प्रदेश में 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि जापान में 90 हजार करोड़ के एमओयू और करीब 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, जबकि सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी समझौतों और प्रस्तावों को इन्वेस्ट यूपी और अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से लागू करेंगे, ताकि रोजगार सृजन का लाभ शीघ्र जमीन पर दिख सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किलिंग और औद्योगिक निवेश के जरिए प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का माध्यम बनेगी। जापान और सिंगापुर दोनों देशों ने युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और एमएसएमई सेक्टर में तकनीकी सहयोग के लिए सकारात्मक रुख दिखाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यामानाशी के गवर्नर अगस्त माह में लगभग 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे, जिससे निवेश प्रस्तावों को अंतिम रूप मिलेगा और रोजगार सृजन की प्रक्रिया तेज होगी।

# आईटीबी बर्लिन में दिखेगी यूपी पर्यटन की सशक्त मौजूदगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत के वैश्विक उत्सव में उत्तर प्रदेश का भव्य प्रदर्शन
- एडवेंचर, वेलनेस, मेडिकल से लेकर लग्जरी टूरिज्म तक दिखेगा यूपी पर्यटन विजन

**अमृत विचारः** विश्व पर्यटन उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच आईटीबी बर्लिन में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध पर्यटन सर्किट और आधुनिक पर्यटन संभावनाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन वैश्विक पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं से सीधा संवाद करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 का आयोजन बर्लिन एक्सपो सेंटर सिटी, मेसे डैम-22 में किया जाएगा। वर्ष 1966 से आयोजित हो रहा आईटीबी बर्लिन इस बार अपने 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव मना रहा है। मंत्री ने कहा कि इस वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश अपने पर्यटन विजन और निवेश संभावनाओं के साथ दुनिया से संवाद करेगा। उन्होंने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 की थीम "डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी" रखी गई है, जो वैश्विक पर्यटन उद्योग की यात्रा, नवाचार, साझेदारी और भविष्य की दिशा को एक साथ प्रस्तुत करती है। यह थीम अतीत की विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाले वर्षों की रूपरेखा तय करने का भी संदेश देती है।

### बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार प्रदर्शनी

- आईटीबी बर्लिन-2026 में प्रदर्शनी को पारंपरिक पर्यटन तक सीमित न रखकर एडवेंचर टूरिज्म, बिजनेस ट्रैवल, एलजीबीटीक्यू ट्रैवल, लग्जरी ट्रैवल, मेडिकल टूरिज्म और ट्रैवल टेक्नोलॉजी जैसे विविध सेगमेंट्स में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य बदलती वैश्विक प्राथमिकताओं और यात्रियों की नई अपेक्षाओं को मंच प्रदान करना है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन का भव्य पवेलियन इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। पवेलियन में अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में साइनेज, रचनात्मक डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, हस्तशिल्प, कलाकृतियां और ओडीओपी को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटन विभाग की वेबसाइट्स, मोबाइल एप्लीकेशन, पर्यटन सर्किट, वेलनेस और मेडिकल टूरिज्म की भी व्यापक प्रस्तुति की जाएगी।

# 11 करोड़ नकद, जेवर, महंगी घड़ियां और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले

## बसपा विधायक पर एक हजार करोड़ की टैक्स चोरी करने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके नजदीकियों कि ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। सूत्रों का दावा है कि अभी तक 11 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुए हैं, वहीं काफी मात्रा में जेवर, महंगी घड़ियों के साथ ही लेनदेन और करोड़ों की बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। विधायक द्वारा किए कारोबार में करीब एक हजार करोड़ रुपए के टैक्स चोरी की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि आयकर विभाग की ओर से अधिकारिक तौर पर पुष्टि नही की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ के विपुलखंड स्थित आवास के साथ ही बलिया, कौशांबी, सोनभद्र के ठिकानों के साथ ही मिजार्पुर और प्रयागराज में सहयोगियों के कई ठिकानों पर छापा मारा था। यह कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार की रात करीब 11 बजे विधायक के लखनऊ स्थित आवास से तो कार्रवाई समाप्त कर दी गई, लेकिन विपुलखंड में ही स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारपोरेट आफिस में पहुंच कर टीम ने जांच शुरू कर दी। बलिया स्थित विधायक के गांव खनवर स्थित आवास के साथ ही रसड़ा स्थित होटल स्काई के अलावा विधायक के खास लोगों में शुमार भूपेन्द्र सिंह और प्रवीण सिंह के यहां पर छापेमारी की गई। सोनभद्र में साईराम इंटर प्राइजेज के साथ ही ठेकेदार के फैजी के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी रही। इसके अलावा सोनभद्र में अन्य खनन कारोबारी जो कि किसी न किसी रूप में विधायक से जुड़े रहे उन सभी के यहां पर भी छापेमारी जारी रही।

### भाजपा के छापे सरकारी डकैती होते हैं



- बसपा प्रमुख मायावती और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बाद अब अखिलेश यादव भी बसपा विधायक के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के छापे लोगों के कमाए गए पैसों को लूटने के काम करते हैं। भाजपाई जहां भी देखते हैं कि कहीं धन-दौलत जमा होने की संभावना हैं, वहीं एजेंसियां लेकर पहुंच जाते हैं। भाजपाई हृदयहीन हैं, इसलिए संवेदनहीन भी हैं।

## डायरी खोलेगी सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के यहां छापे में नकदी, जेवर के साथ ही कथित तौर पर एक डायरी भी मिली है। डायरी में जहां शासन और प्रशासन के कई बड़े अफसरों को लेन-देन का ब्यौरा है, वहीं कई नौकरशाहों की ब्लैक मनी भी खनन और ठेकों में एडजस्ट करने के दस्तावेज भी मिले हैं। साफ है कि डायरी में एक तरह से सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच दर्ज है। उधर डायरी मिलने की खबर फैलने के साथ ही कई अफसरों और सफेदपोशों की बैचेनी बढ़ती जा रही है।

विधायक उमाशंकर सिंह ने जब से सियासत में कदम रखा, तब से उनके रसूख के साथ ही संपत्ति भी अमरबेल की तरह बढ़ती रही। विधायक बनने के बाद तो संपत्तियों में काफी इजाफा होता रहा। उनके रसूख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भले ही वह बसपा से तीन बार के विधायक हैं, लेकिन सत्ता चाहे सपा की रही हो या फिर भाजपा की। उनसे संबंधित कंपनियों को सड़क निर्माण के साथ ही खनन के ठेके भी मिलते रहे हैं। यहां तक कि नियमों को ताक पर रखकर भी ठेके दिए जाते रहे। सपा सरकार में जहां वह एक कद्दावर मंत्री के ठेकों में पार्टनर रहे, वहीं अगस्त 2025 में उमाशंकर सिंह से जुड़ा पत्थर खनन का मामला सामने आया था। उमाशंकर की पत्नी की कंपनी छात्र शक्ति इंफ्रा कंस्ट्रक्शन ने सोनभद्र में खनन का पट्टा लिया था। कंपनी ने 3,000 रुपए प्रति घनमीटर के रेट से पत्थर खनन का पट्टा लिया था, जबकि रायल्टी दर 160 रुपए प्रति घनमीटर थी। आरोप लगा था उमाशंकर की पत्नी की कंपनी ने 33,604 घनमीटर गिट्टी का अवैध खनन किया था। यदि नीलामी की दर से वसूली होती तो कंपनी को करीब दस करोड़ की धनराशि सरकारी खजाने में देनी होती। इससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान पुहंचा। अब सवाल यह है कि यह रेट और रायल्टी के खेल बिना किसी आला नौकरशाही और कद्दावर सफेदपोश के वरदहस्त बगैर नहीं सकता। इसी तरह के कई अन्य मामले हैं, जोकि विवादों में रहे। उमाशंकर सिंह से जुड़े नेताओं और अफसरों को खुद के घिरने की चिंता सता रही है। यही कारण हैं कि छापे के दूसरे दिन भी छात्र शक्ति कंपनी के कारपोरेट आफिस के बाहर महंगी गाड़ियों से लोग आते रहे। बाहर से ही छापे की अपने तरीके से जानकारी ली और चलते बने।

### विधायक के बेटे ने कहा: हम पूरा सहयोग कर रहे हैं

- विधायक उमाशंकर सिंह के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने गुरुवार को चुप्पी तौड़ी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल गोमतीनगर आवास पर इनकम टैक्स विभाग की ओर से जांच की गई। उनके पिता, वह स्वयं और परिवार के अन्य सदस्य विभाग के अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। इनकम टैक्स अधिकारी भी पूरी प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।

### छापे के पीछे कौन

- **अमृत विचार :** विधायक के साथ ही मैनेजमेंट में माहिर माने जाने वाले उमाशंकर सिंह के यहां छापा पड़ा है तो तमाम सवाल उठ रहे हैं। इसमें अहम सवाल यह है कि आखिरकार बसपा बसपा विधायक के यहां आयकर के छापे के पीछे कौन हैं? ऐसी कौन सी बड़ी शक्ति है, जिसके इशारे पर बसपा प्रमुख मायावती के सबसे खास रहे विधायक के यहां कार्रवाई हुई। वह भी जब विपक्ष बसपा को कथित तौर पर भाजपा की बी टीम बताता रहा है। हालांकि सरसरी तौर पर पत्थर खनन में कैग की रिपोर्ट और विजीलेंस की जांच को ही छापे के पीछे असल वजह माना जा रहा है, लेकिन लोगों के गले से यह बात नहीं उतर पा रही है।

# मानचित्र स्वीकृति से बढ़ी जिला पंचायतों की आय

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में जिला पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार के प्रयास असर दिखाने लगे हैं। ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किए जाने से जिला पंचायतों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 से जनवरी 2026 तक जिला पंचायतों द्वारा 2883 मानचित्र स्वीकृत किए गए, जिससे 57.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

सरकार के निर्देश पर जिला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृति को अनिवार्य कर दिया है। पहले बड़ी संख्या में लोग बिना स्वीकृति के निर्माण करा लेते थे, जिससे न केवल नियोजन प्रभावित होता था बल्कि पंचायतों को राजस्व की हानि भी होती थी।

# असाध्य रोगियों के मुफ्त इलाज को 30.11 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार बड़े चिकित्सा संस्थानों कानपुर, लखनऊ, आगरा और सहारनपुर को धन आवंटित
- उपयोगिता प्रमाणपत्र व लाभार्थी सूची अनिवार्य, सख्त शर्तों के साथ आदेश

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 में असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 30.11 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति पुनर्विनियोग के माध्यम से चार बड़े चिकित्सा संस्थानों कानपुर, लखनऊ, आगरा और सहारनपुर को दी गई है।

शासन ने उपयोगिता प्रमाणपत्र व लाभार्थी सूची अनिवार्य करते हुए सख्त शर्तों के साथ धन खर्च करने का आदेश दिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग विशेष सचिव कृतिका शर्मा की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार यह धनराशि अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत 2210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य शीर्ष के तहत "असाध्य रोगों के इलाज हेतु निःशुल्क चिकित्सा सुविधा" मद में स्वीकृत की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह धन केवल निर्धारित मदों में और नियमों के अनुरूप ही व्यय किया जाएगा। शासनादेश में यह भी उल्लेख है कि इससे पूर्व सरोजनी नायडू चिकित्सालय, आगरा अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज प्रसूति चिकित्सालय, कानपुर संक्रामक रोग चिकित्सालय, कानपुर तथा मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर आदि के लिए वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, विद्युत देय और जल प्रभार मदों से पुनर्विनियोग कर धनराशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसके उपरांत कुल व्यवस्था को असाध्य रोगियों के उपचार से जोड़ा गया है। कहा गया है कि अगली किश्त तभी जारी होगी, जब उपयोगिता प्रमाणपत्र और लाभार्थियों की सूची शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

### इन संस्थानों को मिली धनराशि

- हृदय रोग संस्थान, कानपुर – 19.86 करोड़
- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ – 6 करोड़
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, आगरा – 4 करोड़
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर – 25 लाख

# 50 हजार का इनामी गो-तस्कर वाराणसी से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी गो-तस्कर को वाराणसी के लोहता से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चंदौली में दो वर्ष पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी। तभी से फरार चल रहा था। आरोपी पर पुलिस ने इनाम घोषित किया था। एसटीएफ के मुताबिक बुधवार देर रात को विशेष ऑपरेशन के दौरान आरोपी मो. अशरद को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक पकड़ा गया गो-तस्कर मो. अशरद वाराणसी स्थित सिगरा के लहंगपुरा का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली में दो वर्ष पूर्व गो-तस्करी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार देर रात को सूचना मिली कि मो. लोहता के धमरियों मैदान के पास है। वह भागने की तैयारी कर रहा है। टीम ने घेराबंदी कर रात 10 बजे दबोच लिया। वह क्षेत्र में लोगों को धमकाने व मारपीट करने के मामलों में आरोपी है।

सांझी रेखा

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह ने आटा और मंदिरों के चढ़े फूलों ने तैयार किया हर्बल गुलाल

# अयोध्या व काशी में मक्का के गुलाल से खेली जाएगी होली

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- खराब नहीं होगी त्वचा, आंख व मुंह में जाने पर नहीं होगा नुकसान

**अमृत विचार :** अयोध्या और वाराणसी में मक्का का आटा और मंदिरों में चढ़े फूलों के अर्क से बने शुद्ध हर्बल गुलाल से होली खेली जाएगी। इससे त्वचा खराब नहीं होगी और आंख व मुंह में जाने पर स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचेगा। बच्चे हो या बुजुर्ग सभी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। गुलाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखनऊ के चिनहट की ग्राम उत्तरधौना में संचालित ''सांझी रेखा'' स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण पाकर इसे तैयार किया है।

इनके हर्बल गुलाल हरा, पीला और गुलाबी तीन रंग में उपलब्ध हैं। तीनों ही मक्का के आटे में फूल व सब्जियों से निर्मित किए गए हैं। इनमें हरा रंग देने के लिए आटा में धनिया और पालक के पत्ते मिलाए गए हैं। जबकि पीला रंग का गुलाल आटा में गेंदा के फूल की पंखुड़ी से तैयार किया है और गुलाबी गुलाल चुकंदर व गुलाब के फूल की कलियों से बनाया है। शुद्धता के साथ सुगंध भी लोगों को प्राकृतिक है।

### गुलाल की कीमत (रुपया प्रति किलो)

- गुलाल-थोक – 350-400
- गुलाल-फुटकर – 500
- गुलाल-200 ग्राम – 100





चिनहट के उत्तरधौना में सुखाया जाता गुलाल और टोकरियों में रखा तैयार गुलाल।

> एक तरफ महिलाओं ने स्वास्थ्य को देखते हुए हर्बल गुलाल बनाया है तो दूसरी तरफ इस कार्य से उन्हें रोजगार मिला है। लोग इस हैंडमेड सामग्री को खरीद कर उत्पादन को बढ़ावा दें।
>
> **-अजीत कुमार सिंह,** जिला विकास अधिकारी, लखनऊ

### मंदिरों से एकत्र किए फूल महिलाएं लाईं सब्जियां

- समूह की अध्यक्ष वंदना सिंह ने बताया कि इस कार्य में 18 समूह की महिलाएं जुड़ी हैं। मक्का किसानों से खरीदकर आटा बनाया है, जबकि फूल मंदिरों के चढ़े हुए एकत्र किए हैं। महिलाएं खेती-बाड़ी से जुड़ी हैं, इनके द्वारा धनिया, पालक, चुकंदर एकत्र किया गया है। कोषाध्यक्ष सोनी सिंह बताती हैं कि 40 फीसद तक बचत होती है। एक स्टॉल में चार से पांच हजार की बिक्री हो रही है।

### सात क्विंटल तक भेजी गुलाल की खेप

- 20 क्विंटल उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष 15 क्विंटल तक गुलाल तैयार किया है। इसमें अयोध्या, वाराणसी के खासकर काशी और मिर्जापुर में सात क्विंटल गुलाल बिक चुका है और भी मांग आई है। इसके अलावा अंबेडकर नगर, बस्ती, सोनभद्र, लखीमपुर, हरदोई व कानपुर से मांग आने पर खेप भेजी जा रही है। लखनऊ में भी महिलाएं स्वयं थोक व फुटकर स्टॉल लगाकर बिक्री कर रही हैं। 28 फरवरी से विकास भवन, कलेक्ट्रेट, विश्वविद्यालय समेत अन्य सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाए जाएंगे।

# होली में खपाने के लिए जा रही शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली में खपाने के लिए बिहार शराब ले जा रहे तीन तस्करों को एसटीएफ ने बलिया के बैरिया दबोच लिया। उनके पास से 471 पेटी शराब, बियर, पिकअप, तीन मोबाइल व नकदी बरामद की गई है। यूपी से बिहार भेजने के लिए तस्करों ने गंगा नदी के रास्ते का प्रयोग किया।

एसटीएफ के डिप्टीएसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक यूपी से बिहार शराब तस्करी की सूचनाएं मिल रही थी। होली में बड़े पैमाने पर तस्करी का इनपुट मिला था। विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुरुवार सुबह 4.30 बजे बलिया के बैरिया स्थित पूर्वी भवन टोला गंगा किनारे बंधे के पास से दो पिकअप वाहन रोककर तलाशी ली। इस दौरान अंदर भारी मात्रा में शराब व बियर की पेटियां मिलीं। एसटीएफ ने मौके से बलिया के बांसडीह स्थित हुसैनाबाद निवासी धर्मजीत भारती, कोतवाली नगर बहादुरपुर का पिंटू प्रसाद और बैरिया चिरैया मोड़ निवासी करन बहादुर साह उर्फ घुरघुर को गिरफ्तार किया।

### नाव से गंगा पार ले जाते थे शराब



पिंटू प्रसाद



करन कुमार साह



धर्मजीत भारती

- एसटीएफ के डिप्टी एसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह गंगा नदी के रास्ते शराब की तस्करी करता है। शराब बलिया के बैरिया इलाके में पहुंचने के बाद नाव से गंगा नदी पार कराकर बिहार पहुंचाते थे। पुलिस के अनुसार बैरिया क्षेत्र के चिरैयामोड़ स्थित एक लाइसेंसी गोदाम से शराब अवैध रूप से उपलब्ध कराई जाती थी, जिसे गिरोह के सदस्य बिहार पहुंचाते थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ बैरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026




## पाठ्यपुस्तक और प्रतिष्ठा

यदि किसी संवैधानिक संस्था- विशेषकर न्यायपालिका को त्रुटिपूर्ण या भ्रामक तथ्यों के आधार पर प्रस्तुत किया जाए, तो उसका प्रभाव केवल अकादमिक नहीं, संस्थागत विश्वसनीयता पर भी पड़ता है। कैशोर्य में स्थापित धारणा दीर्घकालिक होती है। अतः कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी संदर्भों पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप और असाधारण कड़ा रुख पूरी तरह सही है, हालांकि इस कठोर प्रतिक्रिया को देख कर यह प्रश्न स्वाभाविक है कि एनसीईआरटी द्वारा अतीत में इतिहास, राजनीति, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में हुए विवादित बदलावों पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान ले कर ऐसी त्वरित कारगुजारी क्यों नहीं की? संभवतः न्यायालय सामान्यतः नीतिगत-शैक्षिक सामग्री में हस्तक्षेप से बचता है पर संविधान-विरोध या गंभीर विधिक उल्लंघन के मामले में अधिक सक्रिय रहता है।

न्यायालय द्वारा आपत्तिजनक सामग्री पर रोक, पुनर्मुद्रण रोकना और डिजिटल प्रसार पर प्रतिबंध तकनीकी युग में पूर्णतः लागू करना कठिन अवश्य है, पर यह स्पष्ट संदेश देता है कि संस्थागत प्रतिष्ठा से समझौता नहीं होगा, हालांकि दीर्घकालिक समाधान सेंसरशिप नहीं, बल्कि गुणवत्ता-नियंत्रण और संतुलित अकादमिक विमर्श है। जाहिर है पुस्तक के उक्त अध्याय में न्यायपालिका के मात्र दोषों का उल्लेख हो और राजनीति व व्यवस्थापिका की समांतर चर्चा न हो, तो यह संतुलनहीनता है। यदि देश में भष्टाचार चहुंओर है, तो लोकतंत्र की तीनों शाखाओं में उसकी व्याप्ति को समग्रता में पढ़ाया जाना चाहिए। न्यायपालिका की ऐतिहासिक उपलब्धियों मौलिक अधिकारों की रक्षा, जनहित याचिकाएं, आपातकालीन दुरुपयोग पर अंकुश का उल्लेख न होना, अधूरा चित्र प्रस्तुत करता है। एनसीईआरटी का यह कहना कि त्रुटि 'अनजाने' में हुई, सहज स्वीकार्य नहीं। पाठ्यपुस्तक निर्माण बहु-स्तरीय प्रक्रिया है। लेखन, समीक्षा, संपादन, विशेषज्ञ समिति और उच्चस्तरीय स्वीकृति। यदि इन सबके बाद भी तथ्यात्मक या संदर्भगत भूल रह गई, तो जानबूझकर की गई क्यों न मानी जाए। सार्वजनिक खेद स्वागतयोग्य है पर इसकी आड़ ले, दायित्व से बचने की बजाए पारदर्शी जांच, जिम्मेदारी तय करने और सुधारात्मक उपाय लागू होने चाहिए। दोष केवल एनसीईआरटी तक सीमित नहीं हो सकता। शिक्षा मंत्रालय और व्यापक नीतिगत ढांचा भी इसके लिए समान रूप से उत्तरदायी हैं। पाठ्यक्रम परिवर्तन अक्सर राजनीतिक-सामाजिक विमर्श से प्रभावित होते हैं, ऐसे में पारदर्शिता और बहु-विचारधारात्मक समीक्षा अत्यंत अनिवार्य है। यदि यह सिद्ध हो कि प्रकाशन न्यायपालिका को कलंकित करने के उद्देश्य से जानबूझकर किया गया, तो यह गंभीर कदाचार है। तथ्यों का विकृतिकरण, शिकायतों की संख्या को संदर्भ-विहीन प्रस्तुत करना या पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणियों को गलत अर्थ में उद्धृत करना, ये सब संस्थागत अवमानना की सीमा तक जा सकते हैं और भारी सज़ा की वजह बन सकते हैं, पर आपराधिक अवमानना तब बनती है जब न्याय के प्रशासन में बाधा उत्पन्न हो या न्यायालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य स्पष्ट हो, किंतु इसके लिए दुर्भावना और आशय का प्रमाण आवश्यक है।

### प्रसंगवश

## अल्फ्रेड पार्क के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गईं थीं। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्र भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ।




श्वेता गोयल

शिक्षिका


काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था। पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे, लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं, बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थीं, लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए।

असहयोग आंदोलन के वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी। इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए, लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंककर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)



स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। संतोष सबसे बड़ा धन है। वफादारी सबसे बड़ा संबंध है।

–महात्मा बुद्ध

## आतंकवाद से निपटने के लिए भारत का 'प्रहार'








विवेक सक्सेना

अयोध्या


केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को अपनी पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति, 'प्रहार' जारी कर राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और निर्णायक बदलाव किया है। ये नीति ऐसे समय में जारी की गई है, जब देश सीमापार प्रयोजित आतंक, ड्रोन आधारित हमले, हथियारों की तस्करी, साइबर हमले और आतंकियों के स्लीपर सेल आदि गंभीर चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए स्ट्रेटेजी डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि 'भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है।' देश लंबे समय से सीमा पार से 'प्रायोजित आतंकवाद' से प्रभावित रहा है, जिसमें 'जिहादी आतंकी संगठन और उनके फ्रंटल संगठन' हमलों की प्लानिंग करते रहते हैं और उन्हें अंजाम देते हैं।

डार्क वेब और क्रिप्टो-फाइनेंसिंग जैसे आधुनिक खतरे भी देश के लिए बड़ी चुनौती हैं। यह नीति जल, थल और वायु तीनों मोर्चों पर सुरक्षा को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे की रक्षा करने पर जोर देती है। इसमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे वैश्विक आतंकी समूहों का नाम लेते हुए कहा गया है कि उन्होंने स्लीपर सेल के जरिए भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश की है, जबकि दूसरे देशों से काम करने वाले हिंसक अतिवादियों ने आतंवाद को बढ़ावा देने की साज़िशें रची हैं।

पहलगाम में आतंकियों के हाथों हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया।

'प्रहार' का अर्थ है 'स्ट्राइक्स', जो भारत के 'जीरो-टॉलरेंस' दृष्टिकोण को एक मजबूत और सक्रिय ढांचा प्रदान करता है। यह नीति सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आतंकी संगठन जिस तरह लगातार संगठित हमले और गतिविधियां कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह समय की मांग है कि इससे सख्ती से निपटा जाए और इसके लिए रणनीतियों में भी एक समन्वय हो। यही वजह है कि सात मुख्य स्तंभों पर आधारित 'प्रहार' में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में तालमेल बैठाने पर भी खासा जोर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने एफआईआर दर्ज करने से लेकर मुकदमा चलाने तक, जांच के हर स्तर पर कानूनी जानकारों को शामिल करने का सुझाव दिया है, ताकि अपराधियों के खिलाफ केस मजबूत हो सके।

इस नीति में आतंकवादी हमलों को होने से पहले ही रोकना। खतरे के अनुरूप त्वरित और कठोर जवाब। पूरे सरकारी दृष्टिकोण के साथ आंतरिक क्षमताओं को एक साथ लाना। विधि के शासन का पालन करते हुए कार्रवाई करना। कट्टरपंथ के कारणों को समाप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय और खुफिया जानकारी साझा करना। 'संपूर्ण-समाज' दृष्टिकोण के माध्यम से सुरक्षा को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि विदेश में मौजूद ग्रुप हमले करने के लिए लोकल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और इलाके की जानकारी पर ज़्यादा निर्भर हो रहे हैं।

'प्रहार' नीति न केवल आतंकवाद को एक आपराधिक कृत्य मानती है, बल्कि उसे एक व्यापक 'शत्रुतापूर्ण नेटवर्क' के रूप में देखती है। यह नीति 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाइयों के बाद के सुरक्षा परिदृश्य के अनुकूल है, जो पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद को कड़ी चुनौती देती है। भारत अब अपनी सुरक्षा नीति में रक्षात्मक से आक्रामक प्रतिरोध की ओर मजबूती से बढ़ गया है। यह नीति आतंकवाद के खिलाफ मोदी की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है।

आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी अपने सिद्धांत और उसके तीन स्तंभ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है। भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें। भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा।

इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। आतंकवादियों को शरण देने, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि नीति का वास्तविक परीक्षण इसके क्रियान्वयन से ही होगा।

किसी भी नीति की सफलता व्यक्ति या संस्था विशेष पर ही निर्भर नहीं करती है। इसके लिए देश की सभी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों, पुलिस व अर्धसैनिक बलों इत्यादि के बीच उचित समन्वय, संसाधन के साथ-साथ तकनीकी क्षमता का विस्तार और दृढ़ इच्छा शक्ति भी नियमित बेहद जरूरी होगी। इसकी सफलता अब इसके प्रभावी कार्यान्वयन, आधुनिक तकनीक में निवेश और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर निर्भर करेगी। ऐसा होने के बाद ही 'प्रहार' सही मायने में देश को आतंकवाद से मुक्त कराने की दिशा में मजबूत और कारगर साबित होगा। भविष्य की दिशा 'प्रहार' राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सीमा-पार कार्रवाई को वैध बनाती है और वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाती है। यह पूर्व-सक्रिय रणनीति से भारत को मजबूत बनाएगी, लेकिन क्षमता निर्माण और कानूनी सुधार आवश्यक हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवाद विरोधी नीति जारी की है। इसे आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस के तहत सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### आमने सामने



लिखित उत्तर और मंत्री की तरफ से दिया गया जवाब अलग-अलग है। मंत्री बहुत सज्जन, सीधे हैं और बाड़मेर के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन बाड़मेर जाते हैं, तो इन्हें काम नहीं करने दिया जाता। गृह क्षेत्र पाली में रहते हैं, तो वहां भी इन्हें काम नहीं करने दिया जाता।

–हरीश चौधरी
कांग्रेस विधायक, राजस्थान



जिनके घर शीशे के बने होते हैं, वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। कांग्रेस की सरकार के समय जो दावे आए थे, उनमें से 21 के क्लेम का निस्तारण हमारी सरकार ने किया। आपकी तो पूरी योजना ही फेल हो गई। हम तो 42 लाख पशुओं के बीमा करेंगे।

–जोराराम कुमावत
पशुपालन मंत्री, राजस्थान सरकार

## कनिंघम ने नहीं, जगत सिंह ने खोजा था सारनाथ




निरंकार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार


विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थस्थल सारनाथ की खोज के ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसकी खोज का श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने लिया। उन्होंने बाबू जगत सिंह की सूचनाओं की सही जानकारी भी नहीं दी, हालांकि बाबू जगत सिंह की सूचनाओं के आधार पर कनिंघम ने इसका उत्खनन कराया और वहां तमाम मूर्तियां भी मिलीं, जो आज सारनाथ संग्रहालय में रखी हुई हैं। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ऐतिहासिक तथ्यों की गहन छानबीन के बाद बाबू जगत सिंह के योगदान को स्वीकार कर लिया है।

अब तक इसकी खोज का श्रेय अलेक्जेंडर कनिंघम को दिया जाता था। पर यह पूरा सच नहीं है, दरअसल इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। इस बौद्ध स्थल की खोज का इतिहास उल्लेखनीय और आकर्षक है। यह शानदार और अकल्पनीय रूप से विश्व के सामने आया। 1787 के आसपास एक विशिष्ट घटना घटी, जिसके पश्चात् इस स्थान ने विद्वानों, भिक्षुओं और पुरातत्वविदों का ध्यान आकर्षित करना आरंभ किया। लगभग 1787 में स्थानीय राजपरिवार के सदस्य और सारनाथ के जमींदार बाबू जगत सिंह को इस क्षेत्र में उपलब्ध ईटों और पत्थरों के अंबार का पता चला।

उन्होंने अपने नाम पर नगर में एक बाजार निर्मित करवाने के लिए इस निर्जन क्षेत्र को खोदकर यहां से आवश्यक निर्माण सामग्री प्राप्त करने का मन बनाया तथा मजदूरों को इस काम में लगा दिया गया। यह बाजार आज भी नगर में है और उन्हीं के नाम पर जगतगंज नाम से विख्यात है। धमेख स्तूप से पश्चिम में लगभग 520 फीट (158.5 मीटर) की दूरी पर ईटों और पत्थरों के ढेर को खोद निकाला गया। स्तूप के टीले से निर्माण सामग्री की खोदाई करते समय एक गोलक-रूप बलुआ पत्थर के बक्से के भीतर एक बेलनाकार हरे रंग की संगमरमर की मंजूषा मिली।

बलुआ पत्थर का बक्सा और संगमरमरी मंजूषा सतह से अट्ठारह हाथ की गहराई पर पाए गए थे। संगमरकर के बक्से में मानव हड्डियां, क्षरित मोती, सोने की पत्तियां और अन्य मूल्यवान रत्न भी मिले थे। कालावधि में अस्थियों को गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया और दोनों बक्सों को कलकत्ता (कोलकाता) स्थित एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया। बक्सों और वस्तुओं के अतिरिक्त उसी स्थान पर भूमिगत बुद्ध की एक मूर्ति भी पाई गई थी, जिस मूर्ति के नीचे पाल राजा महिपाल का एक शिलालेख था।

यह विक्रम संवत 1083 (ईस्वी सन् 1026) का दिनांकित शिलालेख है, हालाँकि 1835 में प्रकाशित कनिंघम की उत्खनन रिपोर्ट के साथ डंकन के आलेख को विश्लेषित करने पर एक अलग ही तस्वीर उभरती है। कनिंघम के अनुसार चुनार के बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर 1835 में पाया गया था। उन्होंने इसे पास के गांव के एक व्यक्ति (संगकर या शंकर) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खोजा था, जो 1787 में स्तूप की खोदाई करने वाली टीम के मजदूरों में से एक था।

उन्होंने बताया है कि बाबू जगत सिंह ने बलुआ पत्थर के बक्से को उसकी मूल स्थिति में ही छोड़ दिया था और मंजूषा के अंदर पाई गई हड्डियों को गंगा नदी में प्रवाहित करा दिया। गंगा नदी में अस्थि-विसर्जन हिंदू परंपराओं में दाह-संस्कार के बाद का महत्त्वपूर्ण संस्कार है। कनिंघम के अनुसार उन्हें एक मोटी गोलाकार दीवार अछूती मिली। पाया गया अवशेष एक ईंट के अर्धगोलाकार स्तूप के अंदर रखा गया था, जिसका व्यास 49 फीट था, जो एक आवरण ईंट की दीवार से ढका हुआ था।

बाबू जगत सिंह के मजदूरों ने केवल आंशिक रूप से संरचना के आधे हिस्से में पत्थर के बक्से से लगभग छह फीट की ऊंचाई तक ईंटों की ही खोदाई की थी और बक्से को अछूता छोड़ दिया गया था। इस स्तूप का पूर्ण उत्खनन अठारह वर्ष बाद मेजर किट्टो द्वारा करवाया गया। इस प्रकार सारनाथ में स्तूप की खोदाई के संबंध में कुछ बातें स्पष्ट हैं- पहला, यह अनजाने में हुई थी और कोई नहीं जानता था कि यह स्थान पुरातात्विक महत्व का एक प्राचीन बौद्ध स्थल था। जैसे ही बाबू जगत सिंह को इसके महत्व के बारे में पता चला, उन्होंने हर संभव कोशिश की थी कि इस स्थान की क्षति और न हो।

दूसरे, बाबू जगत सिंह के मजदूर को 1787 में खोदाई के दौरान जो दो बक्से मिले, उन्हें एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया था, जहां से वे कालांतर में गायब हो गए। बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर अपने मूल स्थान पर छोड़ दिया गया और अन्ततः कनिंघम द्वारा बाहर निकाला गया। बाबू जगत सिंह ने कभी भी स्तूप को पूर्णतः नष्ट नहीं किया। स्तूप के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व को समझने के बाद उन्होंने इस स्थल की सुरक्षा की। मोटी आवरण वाली दीवार के अंदर मूल स्तूप का एक बड़ा हिस्सा वैसे ही छोड़ दिया गया था। समय के साथ आवरण दीवार के अंदर मूल स्तूप की खोदाई कनिंघम और बाद में अन्य ब्रिटिश पुरातत्त्वविदों द्वारा की गई थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थ सारनाथ की खोज बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसका श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने ले लिया।

### सोशल फोरम

## रटने की पीड़ाभरी परंपरा

आप कहती हैं कि आप गलत बोल रहे हैं.. 'मेरा बेटा ख़ुद कोटा जा कर पढ़ना चाहता था, इसलिए मैं उसे कोटा ले कर गई पढ़ाने। मेरा बेटा ख़ुद JEE क्रैक करना चाहता था। खूब पढ़ना चाहता था, मैंने दबाव नहीं डाला कभी।'

ये स्टेटमेंट आपका भ्रम हैं। आपकी अपनी लालसाएं हैं, जिन्हें आप अपने बच्चों पर थोप कर उन्हें अपना बताती हैं। आपका ये स्टेटमेंट बिलकुल वैसा ही है, जैसे मुस्लिम घरों में पैदा हुई लड़की कहती है कि 'हिजाब पहनना मेरी पसंद है। हिजाब मेरा प्राइड है और मुझे किसी ने कभी हिजाब या बुरका पहनने के लिए दबाव नहीं बनाया।'... ऐसे ही आपका बेटा कोटा में पढ़ना चाहता है। बिलकुल ऐसे ही जैसे वो हिजाब पहनना चाहती है।




सिद्धार्थ ताबिश

ब्लॉगर


हिंदू घरों में पैदा हुई लड़कियां हिजाब क्यूं नहीं पहनने को लालायित रहती हैं, क्या आपने कभी सोचा है? हिंदू लड़कियों के लिए हिजाब उनका गर्व या प्राइड क्यूं नहीं बनता है क्या आपने सोचा है? ये सिर्फ़ रुढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पैदा हुई लड़कियां ही क्यूं कहती हैं?

कोई भी बच्चा 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता है। ये इतनी बड़ी पीड़ादायक परंपरा है, जो आप 'नशे' में रहते हुवे सोच भी नहीं सकते। कोई भी लड़का स्वयं से कभी कोटा जा कर 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता। धर्म में तो फिर भी आप्शन है और लड़के वहां बगावती हो जाते हैं, वो नमाज़ नहीं पढ़ते हैं, पूजा नहीं करते हैं, मगर शिक्षा के मामले में आपने कोई भी आप्शन अपने बच्चों के आगे नहीं छोड़ा होता है।

यहां तक कि अगर आपका बेटा घर पर बैठकर ओपन स्कूल से स्टडी करना चाहे, जो कि सरकारी तौर पर उतना ही मान्य है. जितना रेगुलर बोर्ड, तो आप उसे वो भी आप्शन नहीं देते हैं। आपको इस तरह का नशा है, बच्चों को स्कूल भेजने का, कोटा भेजने का, कोचिंग में भेजने का कि आपके घरों में इसके आलावा कोई बात ही नहीं होती है। अब बारहवीं कर लिया तो अब आगे क्या, जाओ कोचिंग करो, ये एग्जाम निकालो, वो पास करो ये करो वो करो। बस!

कोटा, कोचिंग, स्कूल और कॉलेज आपके बनाए हैं। वयस्कों ने बनाया है। बच्चों ने नहीं बनाया है। आपने बच्चों के लिए पार्क में आठ घंटे खेलने का आप्शन बनाया होता, वो आठ घंटे खेलते। आपने उन्हें 'कोटा' का ही एक आप्शन दिया है। जीवन में तो वो बेचारे उसे न चुनें तो और क्या चुनेंगे?

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कचरे पर न्यायपालिका के निर्देश और सच्चाई

सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के ठीक से पालन न होने पर चिंता जताई है और पहली अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए नियमों को प्रभावी बनाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना, जीवन के अधिकार का ही अहम् हिस्सा है। यह मामला भोपाल नगर निगम की उन अपीलों से जुड़ा था, जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ दायर की गई थीं।

अदालत ने कहा है कि अभी कानून में सुधार का इंतजार करना ठीक नहीं है, क्योंकि कचरे की खराब व्यवस्था से लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों पर असर पड़ता है। कोर्ट ने माना कि पूरे देश में कचरा प्रबंधन नियमों का पालन समान रूप से नहीं हो रहा है और घरों से गीला-सूखा-खतरनाक कचरा अलग-अलग करने की व्यवस्था अभी तक भी पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है। बड़े शहरों में बढ़ते कचरे के ढेर भी चिंता का कारण हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'अब नहीं तो कभी नहीं' और स्पष्ट किया कि अगर स्रोत पर कचरा अलग नहीं होगा और जरूरी सुविधाएं नहीं होंगी, तो अच्छे परिणाम की उम्मीद करना व्यर्थ है। अदालत ने पार्षदों, महापोरों और वार्ड प्रतिनिधियों को कचरा अलग कराने के लिए जिम्मेदार 'लीड फैसिलिटेटर' बनाने को कहा, ताकि हर नागरिक नियमों का पालन करे।




सुनील कुमार महला

लेखक


लीड फैसिलिटेटर वह व्यक्ति होता है जो किसी कार्यक्रम, प्रशिक्षण, कार्यशाला या परियोजना में पूरे समूह की प्रक्रिया का नेतृत्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि गतिविधियां सही दिशा में और निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार चलें। अच्छी बात यह है कि सभी नगर निकायों को 100% पालन के लिए समय-सीमा तय कर सार्वजनिक करने, प्रगति की फोटो जिलाधिकारी को भेजने और बड़े कचरा उत्पादकों से 31 मार्च तक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को चार तरह के कचरे (गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष) के अलग-अलग प्रबंधन की व्यवस्था जल्दी तैयार करने को कहा गया है।

अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्देश दिया कि कचरा प्रबंधन नियमों को स्कूल की पढ़ाई में शामिल किया जाए। अब नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई होगी। पहले जुर्माना, बार-बार उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई और जरूरत पड़ने पर आपराधिक केस भी दर्ज किया जा सकता है। लापरवाही करने वाले अधिकारी भी दायरे में आएंगे। कोर्ट ने मोबाइल अदालतों की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली अप्रैल 2026 से देश के सभी न्यायालयों और संस्थानों में भी कचरा प्रबंधन नियमों का पालन होना चाहिए। नगर निकायों को लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाने होंगे, जैसे कचरा कम करना, घर में खाद बनाना और सैनिटरी कचरे को सुरक्षित तरीके से पैक करना। ये सभी निर्देश, इसलिए दिए गए हैं ताकि पहली अप्रैल 2026 से पहले पूरी तैयारी हो सके और नियम सही तरीके से लागू किए जा सकें।

कोर्ट ने सही चिंता जताई है कि ठोस कचरा प्रबंधन केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। नियमों के कमजोर अनुपालन, स्थानीय निकायों की जवाबदेही की कमी और योजनाओं जैसे अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज मिशन में खामियों के कारण समस्या बढ़ी है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## खोज

# ताले का आविष्कार

ताला मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन सुरक्षा साधनों में से एक है। माना जाता है कि ताले का प्रारंभ लगभग चार हजार वर्ष पूर्व हुआ। सबसे पुराने ताले प्राचीन मिस्र तथा मेसोपोटामिया में पाए गए हैं। ये ताले प्रायः लकड़ी के बने होते थे और कुंडी-खूंटी की विशेष व्यवस्था पर आधारित थे। जब चाबी भीतर डाली जाती थी, तो लकड़ी की खूंटियां ऊपर उठती थीं और द्वार खुल जाता था।




इसके पश्चात प्राचीन रोम में धातु के ताले और चाबियां बनने लगीं। रोमन शिल्पकारों ने लोहे और पीतल से छोटे, परंतु अधिक सुदृढ़ ताले बनाए। इससे सुरक्षा की व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई। मध्यकाल में यूरोप में ताले केवल सुरक्षा का साधन ही नहीं रहे, बल्कि उन पर सुंदर नक्काशी और कलात्मक आकृतियां भी बनाई जाने लगीं।

आधुनिक ताले के विकास में उन्नीसवीं शताब्दी का विशेष योगदान रहा। सन् 1861 में अमेरिकी आविष्कारक लिनस येल जूनियर ने आधुनिक पिन-टंबलर सिलिंडर लॉक का पेटेंट कराया। यह प्रणाली आज भी व्यापक रूप से प्रचलित है और "येक लॉक" के नाम से जानी जाती है। इसने ताले को अधिक सुरक्षित, छोटा और उपयोग में सरल बना दिया। इस प्रकार ताले का आविष्कार किसी एक व्यक्ति की देन नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों में विकसित हुई तकनीकों का परिणाम है। प्राचीन लकड़ी के साधारण ताले से लेकर आज के अंक-संकेत तथा अंगुली-छाप से खुलने वाले आधुनिक तालों तक, ताले ने मानव जीवन में सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## वैज्ञानिक के बारे में



लिनस येल जूनियर का जन्म 4 जून 1821 को संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में हुआ था। उनके पिता लिनस येल सीनियर भी ताला निर्माण के क्षेत्र में कुशल कारीगर और आविष्कारक थे, जिससे उन्हें बचपन से ही इस कार्य का अनुभव मिला। येल जूनियर ने प्रारंभ में बैंक तिजोरियों की सुरक्षा प्रणाली पर काम किया, लेकिन बाद में छोटे और सुरक्षित सिलिंडर ताले के विकास में जुट गए। वे अत्यंत परिश्रमी और नवाचारप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। 1868 में उनका निधन हो गया, किंतु उनका आविष्कार आज भी विश्वभर में प्रचलित है।



# सीपियां: जलीय दुनिया की खामोश नायिकाएं

नदी की तलहटी में आधी गड़ी हुई या समुद्र के किनारे चट्टानों से चिपकी हुई सीपों में न तो कोई चमक-दमक होती है, न कोई तेज गति। वे न दिखावटी हैं, न ही हमारी रोजमर्रा की नजरों में आती हैं। फिर भी पूरी जलीय दुनिया बहुत हद तक इन्हीं खामोश जीवों पर टिकी हुई है। अगर सीपों को एक पंक्ति में समझना हो, तो कहा जा सकता है कि वे पानी की सफाईकर्मी हैं और ऐसे सफाईकर्मी, जो बिना थके, बिना रुके अपना काम करते रहते हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

### एक सीप प्रतिदिन 20-40 लीटर छान सकती है पानी

सीप अपने शरीर में लगातार पानी खींचती हैं। इस पानी में मौजूद गंदगी, सूक्ष्म कण, बैक्टीरिया, शैवाल, रसायन और यहां तक कि भारी धातुओं को भी वे छान लेती हैं और अपेक्षाकृत साफ पानी वापस पर्यावरण में छोड़ देती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, सामान्य आकार की एक सीप प्रतिदिन 20 से 40 लीटर तक पानी छान सकती है। अब कल्पना कीजिए, यदि किसी नदी, झील या समुद्री तट पर हजारों या लाखों सीपें हों, तो वे कितनी विशाल मात्रा में पानी को स्वाभाविक रूप से साफ रखती होंगी। दुनियाभर में सीपों की 1200 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से लगभग 1000 प्रजातियां मीठे पानी में और शेष समुद्री जल में निवास करती हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि मीठे पानी की सीपों की सबसे अधिक विविधता उत्तरी अमेरिका में मिलती है, जहां अकेले लगभग 300 प्रजातियां मौजूद हैं। यूरोप में करीब 16 प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं, जबकि एशिया में भी मीठे पानी और समुद्री, दोनों तरह की सीपों की संख्या काफी अधिक है। चीन, भारत, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया के देश सीपों की जैव विविधता और खेती दोनों के लिए जाने जाते हैं।

### जीवन चक्र और मोती बनने की प्रक्रिया

सीपों की बनावट देखने में सरल, लेकिन कार्य में अत्यंत प्रभावशाली होती है। दो मजबूत खोलों के भीतर उनका कोमल शरीर सुरक्षित रहता है। ये खोल कैल्शियम कार्बोनेट से बने होते हैं, जिसे सीपें पानी से धीरे-धीरे लेकर परत-दर-परत जमा करती रहती हैं। यही कारण है कि उनका खोल जीवनभर बढ़ता रहता है। मोती बनने की प्रक्रिया भी इसी से जुड़ी है। जब कोई बाहरी कण सीप के शरीर के भीतर फंस जाता है, तो वह उसे ढंकने के लिए कैल्शियम की परतें चढ़ती जाती हैं और समय के साथ वही कण मोती का रूप ले लेता है। सीपों का जीवन चक्र भी कम रोचक नहीं है। समुद्री सीपें अपने अंडे और शुक्राणु पानी में छोड़ती हैं, जिनसे सूक्ष्म लार्वा बनते हैं। ये लार्वा कुछ समय तक समुद्र में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं और फिर किसी ठोस सतह चट्टान, खोल या तट से चिपककर स्थायी जीवन शुरू करते हैं। मीठे पानी की कई सीपें इससे भी अनोखा तरीका अपनाती हैं। उनके लार्वा कुछ समय तक मछलियों के गलफड़ों या पंखों से चिपककर रहते हैं। इससे उन्हें सुरक्षित वातावरण मिलता है और वे दूर-दूर तक फैल पाती हैं। बाद में वे नदी की तलहटी में गिरकर स्वतंत्र जीवन शुरू करती हैं। यानी सीपें केवल पानी पर नहीं, बल्कि मछलियों पर भी निर्भर करती हैं। यदि मछलियां कम हों, तो सीपों का भविष्य भी संकट में पड़ जाता है। सीपों की एक और विशेषता उनकी लंबी उम्र है। समुद्री सीपें आमतौर पर 10 से 20 वर्ष तक जीवित रहती हैं, जबकि मीठे पानी की कई प्रजातियां 50 से 100 वर्ष तक भी जी सकती हैं।

### सीपों के लिए चुनौती बनता समुद्र का अम्लीयकरण

पिछले कुछ दशकों में स्थिति चिंताजनक होती गई है। मीठे पानी की लगभग एक हजार प्रजातियों में से अधिकांश या तो संकटग्रस्त हैं या तेजी से घट रही हैं। पोलैंड, क्रोएशिया और ब्रिटेन जैसे देशों में बड़े पैमाने पर सीपों की मृत्यु दर्ज की गई है। लंदन की टेम्स नदी में पिछले 60 वर्षों में मीठे पानी की लगभग सारी सीपें समाप्त हो चुकी हैं। उत्तरी अमेरिका में 70 प्रतिशत से अधिक मीठे पानी की सीप प्रजातियां संकटग्रस्त या विलुप्ति की कगार पर हैं। इन संकटों के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, ग्रीष्म लहरें तीव्र हो रही हैं। जब नदी या समुद्र का पानी अचानक बहुत गर्म हो जाता है, तो सीपें उसे सहन नहीं कर पातीं और बड़े पैमाने पर मर जाती हैं। इसके साथ ही रासायनिक प्रदूषण, माइक्रोप्लास्टिक, नदियों का प्राकृतिक बहाव बदलना, बांध, खनन और शहरी सीवेज इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। महासागरों में समुद्र का अम्लीकरण भी बड़ी चुनौती बन चुका है। कार्बन डाइऑक्साइड के घुलने से पानी अम्लीय हो रहा है, जिससे सीपों के खोल बनने की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है। शिशु सीपें तो कई बार खोल बना ही नहीं पातीं।



### सीप की खेती

एशिया में सीपों की खेती समुद्र और इंसान के पुराने रिश्ते का विस्तार है। चीन, जापान, थाईलैंड और वियतनाम में सीपों को 'उगाया' नहीं जाता, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण दिया जाता है, जहां वे स्वाभाविक रूप से पनप सकें। समुद्र के किनारे बांस, रस्सियों और टाइलों पर लार्वा चिपक जाते हैं और फिर समुद्र अपना काम करता है। चीन इस क्षेत्र में सबसे आगे है। दुनिया में उत्पादित समुद्री सीपों का बड़ा हिस्सा वहीं से आता है। यह खेती लाखों लोगों को रोजगार देती है-मछुआरों से लेकर रेस्तरां और निर्यात तक। सीपों का उपयोग केवल भोजन तक सीमित नहीं है। उनके खोलों से चूना, खाद और निर्माण सामग्री बनती है। भोजन के रूप में वे प्रोटीन, जिंक, आयरन और ओमेगा-3 से भरपूर होती हैं। अगर सीपें कम होती गईं, तो पानी की गुणवत्ता गिरेगी, शैवाल विस्फोट बढ़ेंगे, मछलियां मरेंगी और तटीय समुदायों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी।

### समुद्र के छुपे हुए सफाईकर्मी

समुद्री सीपें तटीय इलाकों के लिए जीवन-रेखा जैसी हैं। वे पानी साफ रखती हैं, तटों को कटाव से बचाती हैं, छोटी मछलियों और केकड़ों को आश्रय देती हैं और मत्स्य उत्पादन को स्थिर बनाए रखती हैं। जहां सीपों की चट्टानें होती हैं, वहां जैव विविधता कई गुना बढ़ जाती है। एशियाई देशों विशेषकर अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में सीपों की गिरावट का असर प्रवाल भित्तियों और मछली जीवन पर साफ दिखने लगा है। बढ़ता तापमान, पर्यटन से फैला कचरा, प्लास्टिक और तटीय विकास इन नाजुक तंत्रों को कमजोर कर रहे हैं। फिर भी उम्मीद बाकी है। वॉशिंगटन डीसी की एनाकोस्टिया नदी में सीपों की मदद से पानी साफ किया जा रहा है। यह दिखाता है कि अगर हम पानी को साफ करें, तो सीपें लौट सकती हैं। सीपों में अनुकूलन की अद्भुत क्षमता होती है। हर सामूहिक मृत्यु के बाद कुछ सीपें बचती हैं और वही नई पीढ़ी की नींव बनती हैं। यही उम्मीद है। इन खामोश सफाईकर्मियों को बचाना, दरअसल अपने जल, अपने पर्यावरण और अपने भविष्य को बचाना है।

## मरीन लाइफ

# समुद्र की सतह पर धूप सेंकती रहस्यमयी मछली

समुद्र की अथाह गहराइयों में एक ऐसा जीव भी रहता है, जिसे देखकर पहली नजर में विश्वास ही नहीं होता कि यह मछली है। समुद्री सनफिश या मोलामोला, दुनिया की सबसे भारी अस्थि-मछली मानी जाती है। इसका गोल, पार्श्व रूप से चपटा शरीर और विशाल पंख इसे समुद्री दुनिया का अनोखा आकर्षण बनाते हैं। वयस्क सनफिश का वजन 2,000 किलोग्राम से भी अधिक हो सकता है और इसकी लंबाई 10 फीट तक पहुंच सकती है। इतनी विशाल काया के बावजूद इसका पसंदीदा भोजन है- जेलीफिश। जेलीफिश लगभग पूरी तरह पानी से बनी होती हैं और उनमें पोषक तत्व बेहद कम होते हैं। इसलिए सनफिश को अपनी



ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में जेलीफिश निगलनी पड़ती है। यही कारण है कि वे लगातार भोजन की तलाश में लंबी दूरी तय करती हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि ये मछलियां हजारों किलोमीटर की समुद्री यात्रा कर सकती हैं और 600 मीटर से अधिक गहराई तक गोता लगा सकती हैं।

इनकी वृद्धि दर आश्चर्यजनक है। नवजात सनफिश का वजन एक ग्राम से भी कम होता है, लेकिन वयस्क होने पर यह अपने जन्म वजन से लगभग 6 करोड़ गुना बड़ी हो सकती है। यह आकार परिवर्तन जीव जगत में सबसे चौंकाने वाले विकासों में से एक है। हालांकि वयस्क सनफिश का आकार उन्हें अधिकांश शिकारियों से सुरक्षित रखता है, फिर भी मध्यम आकार की सनफिश समुद्री शेर, किलर व्हेल और बड़ी शार्क का शिकार बन जाती हैं। कैलिफोर्निया के समुद्री शेरों द्वारा छोटी सनफिश के पंख काटकर उन्हें खेल की वस्तु की तरह उछालना समुद्री व्यवहार का एक विचित्र उदाहरण है। प्रजनन के विषय में अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। मादा सनफिश एक बार में 3 से 30 करोड़ तक अंडे दे सकती है, जो किसी भी अन्य कशेरुकी जीव से अधिक है। नर उसी समय पानी में शुक्राणु छोड़ते हैं, जिससे निषेचन की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि वैज्ञानिक अब भी यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि वे समूह में प्रजनन करती हैं या जोड़े में। समुद्री सनफिश न केवल आकार में विशाल है, बल्कि अपने रहस्यों और अद्भुत जीवनशैली के कारण समुद्री जगत की सबसे रोचक प्रजातियों में से एक है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# जीवन से भरपूर है मिट्टी

हम अक्सर मिट्टी को केवल धूल या जमीन का एक साधारण हिस्सा समझ लेते हैं, लेकिन वास्तव में मिट्टी जीवन का विशाल और अद्भुत संसार अपने भीतर समेटे हुए है। वैज्ञानिकों के अनुसार मिट्टी के केवल एक चम्मच में जितने सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं, उनकी संख्या पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों से भी अधिक हो सकती है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि मिट्टी कितनी जीवंत और महत्वपूर्ण है।

अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार मिट्टी में लाखों प्रजातियां और अरबों जीव पाए जाते हैं। इनमें बैक्टीरिया, शैवाल, कवक, सूक्ष्म कीट, केंचुए, भृंग, चींटियां, घुन और कई अन्य जीव शामिल हैं। ये सभी मिलकर पृथ्वी पर कहीं भी पाए जाने वाले जैव द्रव्यमान का सबसे बड़ा संकेंद्रण बनाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मिट्टी पृथ्वी का सबसे व्यस्त और सक्रिय पारिस्थितिक तंत्र है।

मिट्टी के ये सूक्ष्मजीव केवल संख्या में अधिक नहीं होते, बल्कि अत्यंत उपयोगी भी होते हैं। बैक्टीरिया और कवक मृत पौधों और जीवों को विघटित करके उन्हें पोषक तत्वों में बदलते हैं। यही पोषक तत्व फसलों और पेड़ों की जड़ों तक पहुंचते हैं और उन्हें स्वस्थ विकास में मदद करते हैं। केंचुए मिट्टी को भुरभुरी बनाकर उसमें हवा और पानी के प्रवाह को बेहतर करते हैं, जिससे पौधों की जड़ें आसानी से फैल सकें।

स्वस्थ मिट्टी केवल कृषि के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी कार्बन को अपने भीतर संग्रहित करके जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करती है। साथ ही, यह वर्षा के पानी को सोखकर भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होती है। यदि मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, तो इसका सीधा असर खाद्य उत्पादन, जल संसाधनों और जैव विविधता पर पड़ता है।

आज रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और अंधाधुंध निर्माण के कारण मिट्टी की सेहत प्रभावित हो रही है। इसलिए जरूरी है कि हम जैविक खेती, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान दें। मिट्टी को बचाना दरअसल जीवन को बचाना है, क्योंकि यही धरती का वह आधार है, जिस पर हमारा पूरा अस्तित्व टिका हुआ है।



# उड़न तश्तरियों का रहस्य

क्या अनंत अंतरिक्ष की गहराइयों में हम अकेले हैं? यह एक ऐसा प्रश्न है कि इस सवाल ने सदियों से इंसानों को परेशान रखा है। इसके पक्ष-विपक्ष में सैकड़ों तर्क-वितर्क दिए जाते हैं। जब भी आकाश में कोई अज्ञात चमकती हुई वस्तु या अजीब आकार का यान दिखाई देता है, तो उसे 'उड़न तश्तरी' या UFO (Unidentified Flying Object) का नाम दे दिया जाता है। आधुनिक समय में, वैज्ञानिक इसे UAP (Unidentified Anomalous Phenomena) कहते हैं। उड़न तश्तरियों का रहस्य केवल कल्पना मात्र नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, राष्ट्रीय सुरक्षा और दर्शन का एक जटिल मिश्रण बन चुका है।

-फीचर डेस्क

### ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य या कल्पना की शुरुआत

उड़न तश्तरियों का आधुनिक इतिहास 24 जून 1947 को शुरू हुआ। अमेरिकी पायलट केनेथ अर्नोल्ड ने वाशिंगटन राज्य में माउंट रेनियर के पास नौ चमकदार वस्तुओं को एक अजीब गति से उड़ते देखा। उन्होंने उनके उड़ने की शैली का वर्णन करते हुए कहा, "वे पानी पर फेंकी गई तश्तरी (Saucer) की तरह उछल रहे थे।" अखबारों ने इस वाक्यांश को 'फ्लाइंग सॉसर' (Flying Saucer) बना दिया और यहीं से इस शब्द ने वैश्विक पहचान बनाई।

उसी वर्ष न्यू मेक्सिको के रोजवेल में एक कथित दुर्घटना हुई, जिसने इस रहस्य को और गहरा कर दिया, हालांकि अमेरिकी सेना ने इसे एक मौसम संबंधी गुब्बारा बताया, लेकिन साजिश के सिद्धांतों (Conspiracy Theories) ने जोर पकड़ा कि सरकार ने एलियंस के मलबे और उनके शरीर को छिपा लिया है।

### प्राचीन सभ्यताओं में संकेत

दिलचस्प बात यह है कि उड़न तश्तरियों के प्रमाण केवल आधुनिक युग तक सीमित नहीं हैं। भारत के प्राचीन ग्रंथों में 'विमानों' का वर्णन मिलता है, जो हवा में अविश्वसनीय गति से उड़ सकते थे। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की गुफाओं में मिले 10,000 साल पुराने शैलचित्रों में ऐसी आकृतियां देखी गई हैं, जो आधुनिक अंतरिक्ष यात्रियों और तश्तरीनुमा यानों जैसी दिखती हैं। इसी तरह प्राचीन मिस्र, सुमेरियन और माया सभ्यताओं की कलाकृतियों में भी 'आकाश से आए देवताओं' और उनके उड़ने वाले रथों का उल्लेख मिलता है, जिसे आज के 'प्राचीन अंतरिक्ष यात्री सिद्धांतवादी' (Ancient Alien Theorists) एलियंस के आगमन से जोड़कर देखते हैं।

### रहस्य या रणनीति

दशकों तक UFO को केवल लोगों का भ्रम या कल्पना माना गया, लेकिन 2017 के बाद परिदृश्य बदल गया। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने आधिकारिक तौर पर तीन वीडियो जारी किए, जिन्हें नौसेना के पायलटों ने रिकॉर्ड किया था। इन वीडियो में 'टिक-टैक' (Tic-Tac) आकार की वस्तुएं भौतिकी के नियमों को धता बताते हुए समुद्र के ऊपर उड़ती दिखीं।

सरकारें अब इसे 'एलियंस' के बजाय 'राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे' के रूप में देख रही हैं। चिंता इस बात की है कि क्या चीन या रूस जैसे प्रतिस्पर्धी देशों ने ऐसी कोई 'हाइपरसोनिक' तकनीक विकसित कर ली है, जो अमेरिकी रडार को चकमा दे सके। इसी कारण से अमेरिका ने 'AARO' नामक विभाग बनाया है, जो इन घटनाओं की वैज्ञानिक जांच करता है।

### भौतिक विज्ञान की चुनौतियां

UFO की सबसे रहस्यमयी बात उनकी गतिशीलता है। चश्मदीदों और रडार डेटा के अनुसार, ये वस्तुएं अचानक स्थिर अवस्था से हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं। वे बिना किसी पंख (wings) या स्पष्ट प्रोपल्शन इंजन के उड़ती हैं और 'सोनिक बूम' पैदा किए बिना ध्वनि की गति को पार कर जाती हैं। भौतिक विज्ञान के नियमों के अनुसार, इतनी तीव्र गति से दिशा बदलने पर किसी भी मानव शरीर या पारंपरिक विमान के परखच्चे उड़ सकते हैं। यह संकेत देता है कि यदि ये यान वास्तविक हैं, तो इनके पास 'गुरुत्वाकर्षण-विरोधी' (Anti-gravity) तकनीक है, जो वर्तमान मानव विज्ञान की समझ से बहुत आगे है।

### मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभाव

उड़न तश्तरियों के रहस्य का एक पहलू सामूहिक मनोविज्ञान भी है। शीत युद्ध के दौरान, आसमान में उड़ने वाली अज्ञात वस्तुओं का डर अक्सर जासूसी विमानों का होता था। वहीं, हॉलीवुड फिल्मों (जैसे E.T., Independence Day) ने हमारे मन में एलियंस की एक खास छवि गढ़ दी है। कई बार लोग तारों, ग्रहों (विशेषकर शुक्र), उपग्रहों (जैसे एलन मस्क की स्टारलिंक सेटेलाइट) या पक्षियों के झुंड को गलती से UFO समझ लेते हैं।

उड़न तश्तरियों का रहस्य आज भी अनसुलझा है, हालांकि अब तक कोई ऐसा ठोस प्रमाण सार्वजनिक नहीं हुआ है, जो यह साबित कर सके कि ये यान किसी दूसरे ग्रह से आए हैं, लेकिन हजारों की संख्या में विश्वसनीय गवाह (पायलट, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी) इस बात की पुष्टि करते हैं कि आसमान में कुछ ऐसा है, जो हमारी समझ से परे है। ब्रह्मांड की विशालता को देखते हुए, जहां अरबों आकाशगंगाएं और अनगिनत पृथ्वी जैसे ग्रह हैं, यह मानना तर्कसंगत लगता है कि हम अकेले नहीं हैं। शायद उड़नतश्तरियां केवल यान नहीं, बल्कि ब्रह्मांड के उस सत्य का द्वार हैं, जिससे हमारा सामना होना अभी बाकी है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505

**किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

चावल –( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** – पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## बिजीनेस ब्रीफ

### बंधन बैंक में बड़ी हिस्सेदारी खरीदेगा एसबीआई

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवेदक पत्र की तारीख से एक वर्ष के भीतर प्रस्तावित प्रमुख हिस्सेदारी हासिल नहीं करता है, तो मंजूरी स्वत: निरस्त मानी जाएगी। साथ ही एसबीआई म्यूचुअल फंड की कुल हिस्सेदारी किसी भी समय बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के 9.99 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### डब्ल्यूटीओ में भारत की व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया।

## खेतों तक पहुंचाएं तकनीकि



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। यहां वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच निरंतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने उन्नत तकनीकों को शीघ्रता से खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। फोटो ● एजेंसी

# ट्रेन के सफर में स्विगी के भोजन का स्वाद

**मुंबई, एजेंसी**

ऑनलाइन ऑर्डर पर खाद्य एवं पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाली क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर अपनी 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा का विस्तार देशभर के 152 स्टेशन तक कर लिया है। कंपनी ने यह उपलब्धि एक साल में हासिल की है। यह सेवा एक वर्ष पहले 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी। स्विगी ने बृहस्पतिवार बताया कि यह विस्तार देशभर में विविध व्यंजनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। बयान के अनुसार, कंपनी की योजना भारत के प्रमुख जंक्शन के साथ-साथ क्षेत्रीय स्टेशन जैसे इटारसी (मध्य प्रदेश), तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) और खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) पर अधिक ध्यान देकर विविधता लाने पर भी है। स्विगी ने बताया कि उसकी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का नेटवर्क विस्तार 117 प्रतिशत बढ़ा है। यह सेवा फरवरी, 2025 में 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी जिसका फरवरी, 2026 तक 152 स्टेशन पर विस्तार किया गया।

- **स्विगी, आईआरसीटीसी की 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा अब 152 स्टेशन पर उपलब्ध**




### होली के लिए विशेष तैयारी

कंपनी ने 28 फरवरी से आठ मार्च तक यात्रियों के लिए होली से जुड़े विशेष भोजन उपलब्ध करने की भी घोषणा की। साथ ही 'ट्रेन के अनुकूल' व्यंजनों के मेन्यू का विस्तार किया गया है जिसे तेज गति एवं सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्विगी में खाद्य रणनीति, ग्राहक अनुभव एवं नई पहल के उपाध्यक्ष दीपक मालू ने कहा, 'यह देशव्यापी विस्तार होली के त्योहार के मद्देनजर एकदम सही समय पर हुआ है। हम प्रमुख जंक्शन से लेकर इटारसी, तिरुनेलवेली और खड़गपुर जैसे क्षेत्रीय स्टेशन तक 'ट्रांजिट हब' (पारगमन केंद्र) पर जोर देकर विविधता पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'

# सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर का उल्लेख जरूरी

## सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट सम्बंधी सामग्री डालने पर सेबी के निर्देश, एक मई से होंगे लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को अपने नियमन दायरे में आने वाली सभी इकाइयों और उनके एजेंट को निर्देश दिया कि वे सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या का उल्लेख करें।

सेबी का यह निर्देश शेयर ब्रोकर, म्यूचुअल फंड कंपनियों, संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी), निवेश सलाहकार, शोध विश्लेषक, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), पोर्टफोलियो प्रबंधकों और अन्य पर लागू होगा। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा, ''''सोशल मीडिया के इस्तेमाल और स्वीकार्यता में तेजी से बढ़ोतरी होने के साथ इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों को सोशल मीडिया पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकरण संख्या और नाम बताया जाना चाहिए।" ये नियम एक मई 2026 से लागू हो जाएगा।



- **होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा**
- **एजेंट को प्रत्येक पोस्ट में पंजीकरण ब्योरा देना अनिवार्य**

बाजार नियामक ने कहा कि इससे निवेशक यह पहचान सकेगा कि सोशल मीडिया पर डाली गई सामग्री सेबी के नियमन वाली इकाई या उसके एजेंट की तरफ से डाली गई है। इसके साथ ही सेबी ने कहा कि कई पंजीकरण रखने वाली इकाइयों को अपने होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा और हर सामग्री में जरूरी पंजीकरण ब्योरा देना होगा।

इसके अलावा, एजेंट को अपने पंजीकरण ब्योरे के साथ प्रमुख इकाई के पंजीकरण ब्योरे की भी जानकारी देनी होगी। इन नए नियमों का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों का संरक्षण करना है। ये नियम एक मई, 2026 से प्रभावी होंगे।

### सोशल मीडिया पर प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को लेकर डाली जा रही है गलत जानकारी : पासवान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोशल मीडिया पर असर रखने वाले लोग 'गलत बात' फैला रहे हैं कि प्रसंस्कृत खाद्य नुकसानदायक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'इन्फ्लूएंसर' द्वारा फैलाई जा रही इस तरह की गलत धारणा का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई और साथ ही चेताया कि इससे क्षेत्र के विकास में बाधा आ सकती है। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान–कुंडली (निफ्टेम–के) द्वारा आयोजित तीन दिन के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'अनवेष–2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पासवान ने कहा कि यह सोच कि प्रसंस्कृत खाद्य का मतलब अच्छा नहीं हैको ऑनलाइन पर सक्रियता से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम न केवल अपने देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, इससे इस क्षेत्र पर असर पड़ रहा है और यह और बढ़ेगा। हमें इस बात का मुकाबला करने की ज़रूरत है।मंत्री ने कहा कि एकल परिवार और कामकाजी जोड़ों के बढ़ने के साथ तैयार और खाने को तैयार उत्पाद आधुनिक जीवनशैली का ज़रूरी हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा, पहले, हम घर पर चटनी और सॉस बनाते थे, लेकिन हमें ये चीजें तुरंत तैयार चाहिए। अगर कोई गलत कहानी बनाई जाती है, तो हम इस क्षेत्र के लिए वैसा विकास नहीं देख सकते जैसा हम सोचते हैं। पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर एक समिति बनाई है, जिसकी दूसरी बैठक में हाल ही में ऐसे संदेशों का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने उद्योग जगत के अगुवा लोगों से इस मुद्दे की ज़िम्मेदारी लेने की अपील की।

# सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक स्तर पर डॉलर के प्रभाव में कमी, राजकोषीय दबाव और बढ़ते वैश्विक तनावों के कारण दुनिया में वित्तीय व्यवस्था में हो रहे बदलावों को देखते हुए सोने का दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है और इसमें तेजी बने रहने की उम्मीद है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (एमओएफएसएल) ने सोने पर अपनी तिमाही रिपोर्ट में कहा कि 2026 की शुरुआत में सोने की कीमत 5,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। यह आधुनिक इतिहास में सबसे मजबूत दीर्घकालिक तेजी के दौर में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, सोना 'संरचनात्मक रूप से पुनर्मूल्यांकन चरण'' में प्रवेश कर चुका है। यह चक्रीय तेजी के बजाय एक नए 'सुपरसाइकल' की शुरुआत का संकेत है। एमओएफएसएल को उम्मीद है कि अगले 12 महीनों में कॉमेक्स सोने की कीमत 6,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस (घरेलू बाजार में 1.85 लाख रुपये प्रति



10 ग्राम) के आसपास स्थिर होगी। यदि वैश्विक स्तर पर तनाव और राजकोषीय उपाय तेज होते हैं तो मध्यम अवधि में यह 7,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक भी पहुंच सकती है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के जिंस शोध मामलों के प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, 'सोने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सीमित खदान उत्पादन, प्रमुख बाजारों में घटते भंडार और बढ़ती उत्पादन लागत के कारण वैश्विक भौतिक आपूर्ति में कमी ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को उच्चस्तर पर बनाये रखा है। घरेलू बाजार में, रुपये के मूल्य में गिरावट और खुदरा खरीदारों की मजबूत लिवाली से मांग में वृद्धि हुई है।

# कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना है। यह कदम नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को गति प्रदान करेगा। श्री प्रसाद यहां 'इंडिया एनर्जी' शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

बताया कि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट (एक गीगावाट अर्थात 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसको देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। देश में बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर की धीमी गति को देखते हुए यह नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक व्यवहारिक बनाने में भी सहायक हो सकता है। प्रसाद ने कहा,




''''कार्बन ट्रेडिंग मंच सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और सितंबर तक इसके शुरू होने की पूरी संभावना है। इसके शुरू होने से नवीकरणीय ऊर्जा को गति मिलेगी। विशेष रूप से वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने वाला होगा।' उन्होंने यह भी बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे हैं। इसका मतलब है कि हमें इसे करने के लिए किसी अन्य संरचना की आवश्यकता है।

# डीजीसीए करेगा 38 सलाहकारों की भर्ती, अंतिम तिथि 23 मार्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान योग्यता, हवाई सुरक्षा और अन्य निदेशालयों के लिए 38 सलाहकारों की भर्ती करने जा रहा है। नागर विमानन नियामक कर्मचारियों की कमी का सामना कर रहा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, उड़ान योग्यता निदेशालय में 24 और हवाई सुरक्षा निदेशालय में छह सलाहकारों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं विधिक मामलों के निदेशालय (डीआईआरएलए) में पांच वरिष्ठ सलाहकार और दो सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे। एक अन्य सार्वजनिक सूचना के मुताबिक, उड़ान प्रशिक्षण निदेशालय में भी एक सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी।

# ट्रैफिक रूल तोड़े तो कटेंगे नम्बर निलम्बित होगा लाइसेंस

**नई, दिल्ली, एजेंसी**

सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए ''ग्रेड'' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंक काटे जाएंगे और गंभीर या बार-बार उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है।

राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ

- **जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने को 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली की तैयारी**



(सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। गडकरी ने बताया कि सरकार पहले ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ा चुकी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा, हम ड्राइविंग लाइसेंस में ''्रेडेड अंक प्रणाली' ला रहे हैं।' मंत्री ने समझाते हुए कहा कि यातायात उल्लंघन पर कुछ अंक काटे जाएंगे। यदि सभी अंक समाप्त हो जाते हैं तो दोषी का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है या अपराध दोहराने पर रद्द भी किया जा सकता है। यह योजना जल्द ही शुरू की जाएगी। गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से 72 प्रतिशत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग हैं। 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 लोगों की दुर्घटनाओं में जान गई। हेलमेट का उपयोग न करने से 54,122, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करने से 14,466 जबकि तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख लोगों की जान गई।

# चार मार्च को खुलेगा सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है।

यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक मनीष शर्मा और अश्विनी अमित दीक्षित सहित अन्य निवेशक कुल 80,43,300 शेयर बेचेंगे।

## जानकारी

### नो कॉस्ट ईएमआई के छिपे हुए खतरे और नुकसान

# 'नो कॉस्ट ईएमआई' क्या एक स्कैम है! जानिए बारीकियां

**कारोबार डेस्क**

तकनीकी रूप से यह कोई कानूनी "स्कैम" या धोखाधड़ी नहीं है, लेकिन यह मार्केटिंग का एक ऐसा खेल है जिसमें असली कीमत बारीक अक्षरों (फाइन प्रिंट) में छिपी होती है। यहाँ बताया गया है कि यह "नो कॉस्ट" का जादू असल में कैसे काम करता है:

**"नो कॉस्ट" असल में आपको कैसे महंगा पड़ता है :** बैंक और कंपनियां कभी भी मुफ्त में पैसा उधार नहीं देतीं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंक ब्याज लेंगे ही, लेकिन उसे छिपाने के दो मुख्य तरीके अपनाए जाते हैं:

**छिपे हुए खतरे और नुकसान :** ब्याज पर जीएसटी: भले ही मर्चेंट ने आपको ब्याज पर छूट दे दी हो, लेकिन बैंक जो ब्याज लगाता है, उस पर आपको 18% जीएसटी अलग से देना पड़ता है। यह आपकी जेब से एक्स्ट्रा जाता है।

**क्रेडिट स्कोर पर असर:** हर ईएमआई एक तरह का लोन है। एक साथ कई ईएमआई चलाने से आपके क्रेडिट स्कोर पर असर पड़ सकता है।

**फिजूलखर्ची:** 50,000 की चीज़ जब 4,000 महीने पर दिखने लगती है, तो हम वो चीज़ें भी खरीद लेते हैं जिनकी ज़रूरत नहीं होती। इसे ही 'डेब्ट ट्रैप' कहते हैं।




### क्या नो कॉस्ट ईएमआई आपके लिए फायदेमंद है?

- यह आपके लिए सही हो सकता है यदि : जो समान आप नो कॉस्ट ईएमआई पर खरीद रहे हैं वो आप वैसे भी खरीदने ही वाले थे।
- नकद भुगतान करने पर कोई अलग से एक्स्ट्रा डिस्काउंट नहीं मिल रहा हो।
- आप हर महीने समय पर किस्त चुकाने का अनुशासन रखते हों।
- **प्रो टिप :** पेमेंट करने से पहले 'टोटल इफेक्टिव प्राइस' ज़रूर देखें। अगर किस्तों का कुल योग और प्रोसेसिंग फीस मिलाकर एमआरपी से ज़्यादा है, तो वह 'नो कॉस्ट' नहीं है।

● डिस्काउंट का खेल (डिस्काउंट ऑफसेट)

यह सबसे आम तरीका है। बैंक आपसे ब्याज लेता है, लेकिन रिटेलर उस ब्याज के बराबर की छूट आपको शुरू में ही दे देता है। इस तरह आपको कुछ अतिरिक्त पैसा जाता नहीं दीखता।

**उदाहरण :** मान लीजिए आप 30,000 का फोन खरीदते हैं और उस पर ब्याज 3,000 है।

**चाल :** दुकानदार फोन की कीमत 27,000 कर देगा। बैंक आपसे 27,000 लेगा और उस पर 3,000 ब्याज जोड़ेगा। आप अंत में 30,000 ही चुकाएंगे, लेकिन बैंक को उसका मुनाफा मिल गया।

● प्रोसेसिंग फीस का 'झटका'

भले ही ब्याज 'माफ' दिख रहा हो, लेकिन लगभग हर नो कॉस्ट ईएमआई पर एक प्रोसेसिंग फीस लगती है। यह 199 से लेकर 1,000 तक हो सकती है। यह पैसा बैंक की सीधी कमाई है और यह कभी "फ्री" नहीं होता।

● नकद छूट (कैश डिस्काउंट) का नुकसान

अक्सर, अगर आप नकद या डेबिट कार्ड से पूरा भुगतान करते, तो आपको 5–10% की सीधी छूट मिल सकती थी। नो कॉस्ट ईएमआई चुनकर आप उस छूट को खो देते हैं, जिसका मतलब है कि वह सुविधा आपको महंगी पड़ी।

# सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन भी होंगे एआई से लैस

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें।


कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन ''एस26'' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 15,000 रुपये की शुरुआती कीमत में गैलेक्सी ए07 5जी मॉडल बाजार में उतारा है, जिसमें एआई से जुड़े फीचर दिए गए हैं।

# दूरसंचार कंपनियों का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की ंयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले



रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1.23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गयी। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39.5 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13 फीसदी रह गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा।

# सोना तस्करी मामलाः रान्या राव के खिलाफ ईडी ने दखिल की चार्जशीट

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव, उनके सहयोगी तरुण कोंडुरु और बल्लारी के स्वर्ण व्यापारी साहिल साकरिया जैन के खिलाफ बेंगलुरु की विशेष अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है।

जांच में सामने आया है कि मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच करीब 127.28 किलोग्राम विदेशी सोना अवैध रूप से भारत लाया गया। जौहरियों और बिचौलियों के नेटवर्क के जरिए इसे घरेलू बाजार में खपाया गया, जिसकी अनुमानित



कीमत 102.55 करोड़ है। शुरुआत 3 मार्च 2025 को हुई, जब राजस्व खुफिया निदेशालय ने दुबई से लौटीं रान्या राव को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। अभिनेत्री के पास से 14.213 किलो सोने की छड़ें बरामद हुईं, बाद में उनके घर से 2.06 करोड़ के जेवर और 2.67 करोड़ की नकदी जब्त की गई।

### भारी कमीशन और बार-बार यात्राएं

ईडी की जांच के अनुसार, रान्या राव ने तस्करी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कीं। रिपोर्टों के मुताबिक, वह प्रति किलोग्राम सोने की तस्करी पर 4 से 5 लाख रुपये तक का कमीशन लेती थीं। इस मामले में CBI ने DRI की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके आधार पर ED ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। मई 2025 में ED ने कर्नाटक के 16 स्थानों पर छापेमारी कर कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और विदेशी मुद्रा भी बरामद की थी, जिन्हें अब सबूत के तौर पर चार्जशीट का हिस्सा बनाया गया है।

# ब्रिटेनः 40 साल पुराने हिंदू मंदिर पर बंद होने का खतरा, काउंसिल के बिक्री के फैसले से आक्रोश

लंदन/पीटरबरो, एजेंसी।

- 1986 से संचालित है मंदिर, फैसले के बाद प्रमुख हिंदू संस्थाओं ने जताया रोष




पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में स्थित 40 साल पुराने 'भारत हिंदू समाज मंदिर' और कम्युनिटी सेंटर पर बंद होने का काला साया मंडरा रहा है। स्थानीय पीटरबरो सिटी काउंसिल ने उस ऐतिहासिक भवन को बेचने का निर्णय लिया है, जिसमें यह मंदिर 1986 से संचालित है।

इस फैसले ने न केवल स्थानीय हिंदू समुदाय बल्कि ब्रिटेन की प्रमुख हिंदू संस्थाओं में भी भारी रोष पैदा कर दिया है। न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स स्थित इस मंदिर से कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक और लिंकनशायर के लगभग 13,000 से अधिक हिंदू जुड़े हुए हैं। मंदिर प्रशासन का आरोप है कि काउंसिल ने यह फैसला बिना किसी पारदर्शिता या समुदाय की सहमति के "बंद दरवाजों के पीछे" लिया है। समुदाय का कहना है कि यह केवल एक संपत्ति का मामला नहीं, बल्कि उनकी आस्था और दशकों पुरानी विरासत से जुड़ा सवाल है।

### 'टैक्सपेयर्स के पैसे' का हवाला

लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली पीटरबरो सिटी काउंसिल ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं (Taxpayers) के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य सुनिश्चित करना उनकी कानूनी जिम्मेदारी है। काउंसिल कैबिनेट की बैठक में तर्क दिया गया कि वित्तीय घाटे को कम करने के लिए सार्वजनिक संपत्तियों का उचित मूल्य पर बेचना आवश्यक है।

### हिंदू संगठनों ने खोला मोर्चा

वहीं, हिंदू काउंसिल यूके ने काउंसिल के इस कदम की कड़ी निंदा की है। संस्था ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मंदिर के "सामाजिक प्रभाव" और इसके स्वामित्व को समुदाय को हस्तांतरित करने की पूर्व प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। मंदिर समिति अब इस फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई और सार्वजनिक अभियान चलाने की तैयारी कर रही है ताकि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बेघर होने से बचाया जा सके।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अम्मान समझौते' के तहत 86 परिवारों को मिली आजादी

**दमिश्क।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में महीनों से जारी अशांति को शांत करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। सीरियाई सरकार और सशस्त्र समूहों के बीच हुए 'अम्मान समझौते' के तहत कैदियों और बंधकों की अदला-बदली की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। इस मानवीय पहल के जरिए कुल 86 सीरियाई परिवारों को राहत मिली है। समझौते के तहत सशस्त्र समूहों ने अपहरण किए गए 25 नागरिकों को रिहा किया, जिसके जवाब में सीरियाई अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए 61 बंदियों को छोड़ दिया। सीरियाई आंतरिक प्राधिकरण के प्रवक्ता नूरुद्दीन अल-बाबा ने इसे तनाव कम करने और शांतिपूर्ण मार्ग बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र में स्थिरता के लिए अभी भी कई चुनौतियां बरकरार हैं।

### आदिवासी महिला पर हमले के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक गर्भवती आदिवासी महिला पर हमले के विरोध में गुरुवार को जमकर बवाल हुआ। जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय 'उत्तरकन्या' के घेराव की कोशिश की, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज, आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। 23 दिसंबर को फांसीदेवा में जमीन विवाद के दौरान एक गर्भवती महिला पर हमला हुआ था, जिसमें उसके अजन्मे शिशु की मौत हो गई थी। प्रदर्शनकारी मुख्य आरोपी के लिए मृत्युदंड और फरार चार अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान की याचिका पर सुनवाई करेगा

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट अल-क़ादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सज़ा के निलंबन की मांग को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान और बुशरा बीबी की याचिका की सुनवाई 11 मार्च को करेगा। एक जवाबदेही अदालत ने 17 जनवरी 2025 को खान और बीबी को 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में क्रमश: 14 और सात साल की सज़ा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि दोनों ने इमरान के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन से पाकिस्तान भेजे गये 50 अरब रुपए वैध बनाने के बदले अरबों रुपए और बहरिया टाउन में सैकड़ों कनाल ज़मीन रिश्वत के तौर पर ली थी। दोनों ने इसी सिलसिले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट का रुख़ किया।

# ट्रंप टैरिफ नहीं लगाते तो बेहतर होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था :आईएमएफ

## अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन शुल्क और बढ़ते कर्ज से जोखिम बरकरार : रिपोर्ट

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस वर्ष तेजी से बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी में कमी आ सकती है। हालांकि, संघीय बजट घाटा और बढ़ता सरकारी कर्ज स्थिरता के लिए जोखिम बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह बात कही। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि यदि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ यानी आयात शुल्क नहीं होते, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और बेहतर हो सकती थी।

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का समग्र आकलन पेश किया है। 191 देशों के संगठन का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बारे में आकलन मोटे तौर पर सकारात्मक है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी वस्तुओं एवं




सेवाओं का कुल उत्पादन 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है। यह वृद्धि 2025 में दर्ज 2.2 प्रतिशत की दर से अधिक होगी।

आईएमएफ का अनुमान है कि अमेरिका में बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह जाएगी। वहीं, महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि फेडरल रिजर्व रेपो दर को मौजूदा 3.6 प्रतिशत से दर को घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत तक ला सकता है। इसने 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की थी। उन्होंने हालांकि आगाह किया कि अमेरिकी रोजगार बाजार में '''' अत्यधिक गिरावट'''' आने की स्थिति को छोड़कर, सरकार को और अधिक कटौती करने से बचना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है।

आईएमएफ ने चेताया कि संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपेक्षा से अधिक आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। आईएमएफ ने संघीय सरकार के बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जताई। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में पिछले वर्ष के लगभग 100 प्रतिशत से बढ़कर 2031 तक करीब 110 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

### ट्रंप के टैरिफ पर और भी हैं तीखीं प्रतिक्रियाएं

**यूरोपीय संघ (EU): 'डील इज ए डील'**

समझौते पर संकट : यूरोपीय संघ ने कहा है कि एक बार हुआ समझौता बदला नहीं जाना चाहिए। ईयू ने अगस्त 2025 में हुए उस व्यापार समझौते के भविष्य पर सवाल उठाए हैं, जिसमें शुल्क को 15% की सीमा तक सीमित रखने की बात थी। यूरोपीय संसद ने इस नई अनिश्चितता के विरोध में अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के अनुसमर्थन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

**चीन: 'व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं'**

चीन ने ट्रंप के शुल्कों को आर्थिक दादागीरी" करार दिया है। इससे पहले 2025 में जब अमेरिका ने भारी शुल्क लगाए थे, तो चीन ने भी अमेरिकी कोयले, एलएनजी (LNG) और कच्चे तेल पर 10% से 15% का जवाबी शुल्क लगाकर पलटवार किया था। चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया है, जो अमेरिकी चिप और हथियार उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# 109 साल बाद ब्रिटिश सरकार से युद्ध ऋण पर करोड़ों का दावा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर के प्रसिद्ध दिवंगत व्यवसायी सेठ जुम्मा लाल रूठिया के पोते विवेक रूठिया ने दावा किया है कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने उनके दादा से 35,000 रुपये का 'युद्ध ऋण' लिया था, जो आज तक नहीं लौटाया गया। अब परिवार इस राशि की वसूली के लिए ब्रिटेन सरकार को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है।

65 वर्षीय विवेक रूठिया के अनुसार, साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के समय ब्रिटिश प्रशासन ने युद्ध प्रयासों के लिए स्थानीय धनाढ्य नागरिकों से आर्थिक सहायता मांगी थी। उन्हें अपने दादा की वसीयत में कुछ ऐतिहासिक दस्तावेज मिले हैं, जिनमें ब्रिटिश सरकार के साथ हुए इस लेनदेन का स्पष्ट उल्लेख है।

विवेक रूठिया ने 4 जून, 1917 को भोपाल में ब्रिटिश 'पॉलिटिकल एजेंट' द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र पेश किया है। इसमें लिखा है— "सेठ जुम्मा लाल ने भारतीय युद्ध ऋण के लिए 35,000 रुपये दिए और इस तरह सरकार एवं साम्राज्य के प्रति अपनी वफादारी दिखाई।

# पश्चिम बंगाल चुनाव जीतेगी भाजपा, हर घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे : शाह

अररिया (बिहार), एजेंसी

- संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का होगा गठन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भाजपा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतेगी और राज्य से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय बदलाव से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में पश्चिम बंगाल शामिल है। शाह ने यह बात बिहार के अररिया जिले में कही, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और दो नए सीमा चौकियों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कहा कि ये लोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि गरीबों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उनके प्रभाव को भी कम करते हैं। शाह ने कहा कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ से सीमावर्ती इलाकों में अतिक्रमण भी बढ़ता है और इसे हटाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव का खतरा भी पैदा करती है, जो किसी क्षेत्र की संस्कृति और यहां तक कि उसकी भौगोलिक स्थिति को भी



प्रभावित कर सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन करने और सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत बिहार के सीमांचल क्षेत्र से होगी, जहां वे कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान चार दिन तक रुके थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आलोचना के बावजूद भाजपा ने बिहार चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा उठाया था। शाह ने कहा कि घुसपैठ रोकने में एसएसबी की अहम भूमिका है।

# इतिहास सही पढ़ाते तो औरंगजेब नायक नहीं बनताः फडणवीस

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर पिछले 70 साल के दौरान स्कूलों में इतिहास को सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो कोई भी मुसलमान मुगल बादशाह औरंगजेब को नायक नहीं मानता। उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच तुलना करने के प्रयासों की भी निंदा की।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। फडणवीस ने कहा कि एनसीईआरटी की पुस्तकों में पहले मुगलों पर 17 पृष्ठ और शिवाजी महाराज पर केवल एक पृष्ठ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अब शिवाजी महाराज



और मराठा इतिहास के लिए 20 पृष्ठ सुनिश्चित किये हैं। औरंगजेब को नायक मानने वालों का हमेशा विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह टीपू सुल्तान के अच्छे या बुरे होने की बहस में नहीं पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हम टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज की किसी भी तरह की तुलना का विरोध करेंगे। टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, लेकिन उन्होंने ऐसा अपने राज्य को बचाने के लिए किया। लेकिन उन्होंने 75,000 हिंदुओं और 33,000 नायर को भी मार डाला।

# परमाणु वार्ताः युद्ध की आहट के बीच जिनेवा में कूटनीति का अंतिम अवसर

जिनेवा, एजेंसी

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और तेहरान के बीच गुरुवार को जिनेवा में तीसरे दौर की उच्चस्तरीय वार्ता हुई। इसे कूटनीति का आखिरी मौका माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफ टेबल पर बातचीत चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने दबाव बनाने के लिए पश्चिम एशिया में युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों का भारी बेड़ा तैनात कर दिया है।

पिछले साल जून के बाद से दोनों देशों के बीच यह तीसरे दौर की सीधी बातचीत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस वार्ता के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त सीमाएं थोपना चाहते हैं। वाशिंगटन का मानना है कि ईरान के भीतर बढ़ता नागरिक असंतोष और हालिया विरोध प्रदर्शन तेहरान को समझौते की मेज पर झुकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। अमेरिकी रक्षा सूत्रों के अनुसार, सैन्य तैनाती का उद्देश्य केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि ईरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना भी है।

### 'विनाशकारी होगा युद्ध' : ईरान

दूसरी ओर, ईरान अपने रुख पर अडिग है। तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह यूरेनियम संवर्धन (Uranium Enrichment) के अपने अधिकार को नहीं छोड़ेगा।



जिनेवा रवाना होने से पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका हमला करता है, तो पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य अड्डे उनके निशाने पर होंगे। कहा कि यह युद्ध किसी की जीत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए 'विनाशकारी' होगा। अराघची ने एक साक्षात्कार में कहा कि चूंकि अमेरिकी सैन्य ठिकाने पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले हुए हैं, फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें जिनेवा वार्ता के नतीजों पर टिकी हैं, क्योंकि यहां से निकलने वाला निष्कर्ष तय करेगा कि क्षेत्र शांति की ओर बढ़ेगा या एक बड़े सैन्य संघर्ष की ओर।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे।

**वृष** – आज सत्पुरुषों से संपर्क बढ़ेगा। विनम्र व्यवहार के कारण व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

**मिथुन** – आज आपका काम में मन नहीं लगेगा। अनावश्यक विचारों से स्वयं को बचाएं। शांत और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापार में बड़ी साझेदारी होगी। शरीर में थकावट व ऊर्जा की कमी महसूस करेंगे।

**सिंह** – आज व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**कन्या** – आज अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे।

**तुला** – आज अनावश्यक यात्रा न करें। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होना पड़ सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।


**मकर** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। अधिकारीगण आपकी विचारों को तवज्जो देंगे।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। कोई नया काम शुरू न करें।

**मीन** – आज कारोबार में नव प्रयोग करना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 22 .32 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- आर्द्रा 22 .48 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

### सुडोकू -74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

## रेलवे में डिजिटल क्रांति

ई-आरसीटी' प्रणाली रेलवे दावा न्यायाधिकरण को पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी बनाएगी

# ऑनलाइन कर सकेंगे रेल हादसों व सामान चोरी के दावों का निपटारा

नई दिल्ली | एजेंसी

रेल यात्रियों के लिए अब ट्रेन हादसों, अनहोनी घटनाओं या सामान के नुकसान और चोरी के मामलों में क्षतिपूर्ति का दावा करना बेहद आसान होने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना '52 हफ्तों में 52 सुधार' के तहत तीसरे और चौथे बड़े सुधार के रूप में 'ई-आरसीटी' (e-RCT) और 'रेलटेक नीति' की घोषणा की।

इस नई डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कोई भी पीड़ित यात्री देश के किसी भी कोने से रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के समक्ष ऑनलाइन अपना दावा पेश कर सकेगा। अब तक यात्रियों को दावा फाइल करने के लिए सही क्षेत्राधिकार चुनने और भौतिक रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तरों के चक्कर काटने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर उन यात्रियों के लिए जो अपने गृह राज्य से दूर यात्रा कर रहे हों, लेकिन अब ई-आरसीटी प्रणाली इन बाधाओं को पूरी तरह खत्म कर देगी।

रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगले 12 महीनों के भीतर देश भर में मौजूद रेलवे दावा न्यायाधिकरण की सभी 23 पीठों को पूरी तरह डिजिटाइज़ कर दिया जाएगा। ई-फाइलिंग से लेकर मामले की सूचना प्रणाली तक की पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)



पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णयों की गति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

वैष्णव ने कहा कि यदि यह डिजिटल मॉडल सफल रहता है, तो इसी तरह के समाधान भविष्य में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण जैसे अन्य निकायों में भी लागू किए जा सकते हैं। अब यात्रियों और उनके वकीलों को दस्तावेज जमा करने या केस को ट्रैक करने के लिए व्यक्तिगत रूप से दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपने स्थान की परवाह किए बिना कभी भी ऑनलाइन मामला दर्ज कर सकेंगे और उसकी प्रगति देख सकेंगे।इसके साथ ही, रेलवे में अत्याधुनिक तकनीक को व्यवस्थित तरीके से शामिल करने के लिए 'रेलटेक नीति' को भी मंजूरी दी गई है।

यह नई नीति रक्षा क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के स्टार्टअप ढांचे और टेलीकॉम नवाचार नीति जैसे सफल मॉडलों का अध्ययन करने के बाद तैयार की गई है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य पुराने और जटिल ठेकेदारी सिस्टम को हटाकर एक ऐसा नवाचार-संचालित ढांचा तैयार करना है, जहां स्टार्टअप्स, शोधकर्ता और इनोवेटर्स भारतीय रेलवे के साथ आसानी से जुड़ सकें।

अब कोई भी व्यक्ति जिसके पास रेलवे के लिए कोई मजबूत तकनीकी आइडिया हो, वह एक समर्पित 'रेलटेक पोर्टल' के जरिए सीधे संपर्क कर सकेगा। यह पोर्टल पूरी तरह डिजिटल होगा और नई तकनीक के परीक्षण व उसे अपनाने की प्रक्रिया को बेहद सरल बना देगा, जिससे भारतीय रेलवे को वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक से लैस करने में मदद मिलेगी।

### वकीलों और दफ्तरों के चक्करों से मुक्ति

पुराने सिस्टम में यात्रियों और वकीलों को दस्तावेज जमा करने और केस की प्रगति देखने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तर जाना पड़ता था। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत कहीं से भी आवेदन : यात्री अपने घर या गंतव्य स्टेशन से ही इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दावा फाइल कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णय लेने की गति तेज होगी। केस फाइलिंग से लेकर अंतिम फैसले तक की पूरी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी।



कश्मीर की जमीं में बहुत संभावनाएं है। यहां एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। आने वाले समय में गुलमर्ग शीतकालीन खेलों का वैश्विक हब होगा। अब शीतकालीन खेल 15 दिन आयोजित करेंगे।
–मनसुख मांडविया, खेल मंत्री


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**सुपर-8 में आज**

| टीम | समय |
|---|---|
| न्यूजीलैंड-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**



चैंपियंस लीग प्लेऑफ फुटबॉल मैच के दौरान गोल का प्रयास करते रियल मैड्रिड के अर्डा गुलर (बाएं) और बेनफिका के लिएंड्रो बैरेइरो बॉल।

### चैंपियंस लीग के अगले दौर में रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने बुधवार को बेनफिका के खिलाफ फिर से विजयी गोल दागा जिससे रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहा। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) भी मोनाको को हराकर प्लेऑफ से आगे बढ़ गया जबकि अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल करके प्रतियोगिता में इटली की भागीदारी को बरकरार रखा। लेकिन युवेंटस दूसरे चरण में वापसी करने में नाकाम रहा और गैलाटासराय से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### सिमोन बाइल्स बनीं लॉरियस की एंबेसडर

**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं। बाइल्स के नाम पर जिम्नास्टिक के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड है।

### गुकेश और नीमन का मैच रहा ड्रॉ

**प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गए।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारुक का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारुक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।

# लय में लौटे धुरंधर, विस्फोटक पारियां खेल जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 में भारत ने 256 रनों का बनाया सबसे बड़ा स्कोर

चेन्नई, एजेंसी

हार्दिक पंड्या और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ चार विकेट पर 256 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा और मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरा जिम्बाब्वे निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सका और 72 रनों से हार गया।

पंड्या ने 23 गेंद में चार छक्कों और दो चौकों से नाबाद 50 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (नाबाद 44, 16 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। फॉर्म में वापसी करने वाले अभिषेक ने इससे पहले 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 55 रन की पारी खेलने के अलावा संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करने भारत को ठोस मंच दिया।

कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने भी उपयोगी पारी खेली। जिम्बाब्वे के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार ओवर में 62 रन लुटाकर एक विकेट हासिल किया। ब्रेड इवांस ने भी चार ओवर में 52 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।

सैमसन ने नगारवा की मैच की दूसरी गेंद पर छक्के से खाता खोला और फिर ब्लेसिंग मुजरबानी (43 रन पर एक विकेट) पर भी छक्का जड़ा। अभिषेक ने टिनोटेंडा मपोसा (40 रन पर एक विकेट) का स्वागत दो चौकों और एक छक्के से किया जिससे तीसरे ओवर में 23 रन बने। सैमसन हालांकि मुजरबानी के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर रेयान बर्ल को कैच दे बैठे। इशान ने भी नगारवा पर दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत की। अभिषेक ने ब्रेड इवांस और नगारवा पर भी छक्के जड़े। इशान 10वें ओवर में 26 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब ब्रायन बेनेट की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन बाउंड्री पर ताशिंगा मुसेकिवा उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी गेंद पर भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। अभिषेक ने रजा (29 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 26 गेंद में टूर्नामेंट का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी रजा की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर नगारवा को कैच दे बैठे।

सूर्यकुमार भी भाग्यशाली रहे जब इवांस की गेंद पर बैवर्ड स्क्वायर लेग पर मुजरबानी उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। सूर्यकुमार ने दूसरे स्पैल के लिए आए मपोसा का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ किया लेकिन अभिषेक इसी ओवर में लॉन्ग ऑन पर रजा को कैच दे बैठे। उन्होंने 30 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और इतने ही चौके मारे। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए हार्दिक पंड्या ने रेयान बर्ल पर छक्के के साथ शुरुआत की।

सूर्यकुमार ने नगारवा पर छक्का जड़ा लेकिन एक गेंद बाद मुसेकिवा को कैच दे बैठे। उन्होंने 13 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और तीन चौके मारे। तिलक वर्मा ने इवांस पर छक्के के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।



रन लेते भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा। एजेंसी

- फार्म में लौटे अभिषेक वर्मा ने 30 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेल मजबूत शुरुआत दिलाई
- हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा के बीच 31 गेंद में 84 रन की हुई अटूट साझेदारी

**भारत**

**256/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बर्ल बो मुजरबानी | 24 |
| अभिषेक शर्मा का रजा बो मपोसा | 55 |
| इशान किशन का नगारवा को रजा | 38 |
| सूर्यकुमार का मुसेकिवा बो नगारवा | 33 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 44 |

**गेंदबाजी :** नगारवा 4-0-62-1, मुजरबानी 4-0-43-1, मपोसा 2-0-40-1, इवांस 4-0-52-0, रजा 3-0-29-1, बेनेट 2-0-16-0, बर्ल 1-0-10-0

# न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

कोलंबो, एजेंसी

- स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा

अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा।

श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया।

**टीम**

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

**सुपर-8 ग्रुप 1**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

**सुपर-8 ग्रुप 2**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.491 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3.050 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |



जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम (दाएं) और रयान रिकेल्टन।

# द. अफ्रीका लगभग सेमीफाइनल में

अहमदाबाद, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी। यह उनकी लगातार छठी जीत थी, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मार्करम के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मार्करम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की। डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए।मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया।

**वेस्टइंडीज**

**176/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ब्रैंडन किंग का डिकॉक बो एनगिडी | 21 |
| शाई होप का डिकॉक बो रबाडा | 16 |
| हेटमायर का महाराज बो रबाडा | 02 |
| रोवमैन का ब्रेविस बो एनगिडी | 09 |
| रोस्टन चेस बो एनगिडी | 02 |
| रदरफोर्ड का डिकॉक बो बॉश | 12 |
| जेसन होल्डर रन आउट | 49 |
| मैथ्यू फोर्डे का रिकेल्टन बो बॉश | 11 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 52 |
| गुडाकेश मोती नाबाद | 00 |

गेंदबाजी : केशव महाराज 4-0-43-0, मार्को यानसेन 4-0-50-0, कागिसो रबाडा 4-0-22-2, लुंगी एनगिडी 4-0-30-3, कॉर्बिन बॉश 4-0-31-2

- वेस्टइंडीज को 16.1 ओवर में नौ विकेट से हराया
- कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट 5.350 से घटकर हो गया 1.791
- भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें हो गई मजबूत

**दक्षिण अफ्रीका**

**177/1** (16.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम नाबाद | 82 |
| क्विंटन डिकॉक का होल्डर बो चेस | 47 |
| रेयान रिकलटन नाबाद | 45 |

**गेंदबाजी :** मैथ्यू फोर्डे 3-0-30-0, रोमारियो शेफर्ड 2-0-22-0, जेसन होल्डर 3.1-0-31-0, शमार जोसफ 2-0-24-0, गुडाकेश मोती 2-0-24-0, रोस्टन चेस 4-0-46-1

## सैंटनर जैसा कप्तान महसूस कराता है अभेद्य : रचिन

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं।

रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने कहा हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात है कि वह अच्छा प्रदर्शन के साथ नेतृत्व करते हैं।

# सीरीज जीवंत रखने के लिए भारत को बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

**महिला वनडे सीरीज**

होबार्ट, एजेंसी

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है।

इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, काशवी गौतम, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनी (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा मुकाबला आज सुबह 9:20 बजे से

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

कर्नाटक को फॉलोआन के खतरे में डाला, औकिब नबी ने तीन विकेट चटकाए

# जम्मू-कश्मीर फिर इतिहास रचने को तैयार

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी में पहली बार फाइनल खेलने का अधिकार पाने के साथ ही इतिहास सृजित कर चुका जम्मू-कश्मीर एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि बल्लेबाजों के पराक्रम के बाद शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से मेहमानों ने खिताबी मुकाबले में पूर्व चैम्पियन व मेजबान कर्नाटक को फॉलोऑन के खतरे में धकेल दिया है।

इस क्रम में यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन का खेल समाप्त हुआ तो जम्मू-कश्मीर के विशाल स्कोर (584 रन) के जवाब में पेसर ऑकिब नबी (3-32) के सामने कर्नाटक का शीर्षक्रम ध्वस्त हो गया और टीम 69 ओवरों में 220 रनों पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी।

कर्नाटक पहली पारी के आधार पर 364 रन पीछे है और उसे फॉलोऑन बचाने के लिए अब भी 165 रनों की दरकार है। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि चौथे दिन कर्नाटक के बचे बल्लेबाज फॉलोऑन बचा पाने में सफल हो पाते हैं अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि रणजी ट्रॉफी में 1959-60 में पदार्पण करने के बाद जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में पहुंची है।

ऑकिब नबी की बात करें तो उन्होंने लगातार नौ ओवर फेंककर भारतीय क्रिकेट के कुछ बड़े नामों को परेशानी में डाला। उन्होंने 12वें ओवर में 27 के योग पर लोकेश राहुल (13 रन) को आउट किया और फिर 18वें ओवर में लगातार गेंदों पर करुण नायर (0) व स्मरण रविचंद्रन (0) खाता खोलने तक नहीं दिया (4-57)। इसके पिछले ओवर में कप्तान देवदत्त पडिक्कल (11 रन) सुनील कुमार (1-45) के शिकार बन चुके थे।





पैवेलियन लौटते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा (बाएं) और अन्य खिलाड़ी। शतक लगाने के बाद जश्न मनाते मयंक अग्रवाल।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584/10 |
| यश जम्मू-कश्मीर | 220/5 |

### नबी मौजूदा सत्र में ले चुके हैं 58 विकेट

गौरतलब है कि नबी ने पूरे सत्र में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और मौजदू सत्र में उनके विकेटों की संख्या 58 हो गई है, जो उत्तराखंड के स्पिनर मयंक मिश्रा के 59 विकेट से सिर्फ एक कम है। गनीमत रही कि अनुभवी ओपनर मयंक अग्रवाल (नाबाद 130 रन, 207 गेंद, 17 चौके) ने मजबूत रक्षात्मक तकनीक का नजारा पेश करते हुए एक छोर संभाले रखा। उन्हें 124 रनों के स्कोर पर जीवनदान भी मिला। मयंक ने श्रेयस गोपाल (27 रन) संग पांचवें विकेट पर 105 रनों की साझेदारी की थी, तभी युद्धवीर सिंह (1-32) ने गोपाल को लौटाकर यह भागीदारी तोड़ी। इसके बाद मयंक, कृतिक के साथ क्रीज पर हैं।